

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, मंगलवार, 22 जुलाई 2025 । वर्ष – 35 । अंक –83 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु.



लगातार कटुता के हालात बर्दाश्त नहीं कर सकता लोकतंत्र : धनखड़ पृष्ठ 3

■ संघ का शिक्षा एजेंडा : न पढ़ेंगे न पढ़ने देंगे
■ मोदी की बंगाल रैली प्रदेश भाजपा में जोश भरने में नाकाम पृष्ठ 4

■ निर्दोषों की हत्या करने वालों को छूट नहीं, सजा मिलेगी : अमेरिका
■ सीरिया में संघर्ष विराम पर मंडराया खतरा, बढ़ी सांप्रदायिक हिंसा पृष्ठ 9

अरोनियन ने जीता फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम खिताब, सातवें स्थान पर प्रज्ञानानंद पृष्ठ 10

# मानसून सत्र की हंगामेदार शुरुआत

## विपक्ष ने की 'ऑपरेशन सिंदूर' और 'पहलगाम आतंकी हमले' पर चर्चा कराने की मांग

■ पहले दिन नहीं चल पाई लोक सभा
■ राजनाथ सिंह ने भी किया आग्रह

**नई दिल्ली**, 21 जुलाई (एजेंसियां)। मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को लोक सभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्ष ने बार-बार हंगामा किया जिसके कारण सदन में कोई कामकाज नहीं हो पाया। सदन की कार्यवाही तीन बार के स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित करनी पड़ी।

पूर्वाह्न 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद से ही कांग्रेस और समाजवादी पार्टी सहित विपक्षी दल के सदस्यों ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग करनी शुरू कर दी। अध्यक्ष ओम बिरला ने बार-बार आग्रह किया कि जिस भी विषय पर सदस्य चर्चा चाहते हैं, नियमों के तहत उस पर चर्चा कराई जा सकती है, लेकिन सदस्यों पर इसका कोई असर नहीं हुआ और वे हंगामा करते रहे। इस पर श्री बिरला ने सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

दोपहर बारह 12 सदन की कार्यवाही शुरू होने पर पीठासीन अधिकारी जगदम्बिका पाल ने विपक्षी दलों से कार्यवाही ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤



### विपक्ष के हंगामे के बाद सरकार चर्चा को तैयार

**राज्यसभा में 9 और लोकसभा में 16 घंटे होगी बहस**

संसद के मानसून सत्र का सोमवार से आगाज हो गया है। पहले ही दिन संसद के दोनों सदनों में हंगामा हुआ, जिस वजह से सदन की कार्यवाही को बार-बार स्थगित करना पड़ा। इस बीच, संसद में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा के लिए सरकार तैयार हो गई है। लोकसभा में 16 घंटे और राज्यसभा में 9 घंटे इस मुद्दे पर बहस होगी। जानकारी के अनुसार, बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में संसद के मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में विभिन्न विधेयकों और महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए समय निर्धारित किया गया है। 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर लोकसभा में 16 घंटे और राज्यसभा में 9 घंटे की चर्चा के लिए सहमति बनी है।

### ऑपरेशन सिंदूर कामयाब रहा, आतंकी ठिकानों को 22 मिनट में किया जमींदोज : मोदी

संसद के मानसून सत्र की कार्यवाही से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पत्रकारों को संबोधित किया। डिफेंस, इकोनॉमी, नक्सलवाद समेत कई विषयों पर विचार साझा कर कहा कि ये सत्र विजयोत्सव का है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत की सेना ने जो लक्ष्य निर्धारित किया था, वह 100 फीसदी पूरा किया गया। आतंकी आकाओं के घर जाकर 22 मिनट में ऑपरेशन सिंदूर के तहत उनके ठिकानों को जमींदोज किया गया। हमने यह सिद्ध करके दिखा दिया। इस अभियान के दौरान मेड इन इंडिया सैन्यशक्ति का नया स्वरूप दिखा है। विश्व भर में मेड इन इंडिया के प्रति आकर्षण बढ़ रहा है।

### जस्टिस यशवंत वर्मा की बढ़ी मुश्किलें

**145 सांसदों ने महाभियोग के लिए सौंपा पत्र**

कैश कांड में घिरे जस्टिस यशवंत वर्मा की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। संसद के मानसून सत्र का आगाज होते ही 145 लोकसभा सांसदों ने जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव के लिए लोकसभा अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा है। सांसदों ने संविधान के अनुच्छेद 124, 217 और 218 के तहत यह कदम उठाया है। जानकारी के अनुसार, संविधान के अनुच्छेद 124, 217 और 218 के तहत लोकसभा स्पीकर को सौंपे गए ज्ञापन को कांग्रेस, टीडीपी, जेडीयू, जेडीएस, जनसेना पार्टी, एजीपी, शिवसेना (शिंदे), एलजेएसपी, एसकेपी, सीपीएम सहित विभिन्न दलों का समर्थन प्राप्त है। जिन ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# कांग्रेस आज प्रदेश भर में करेगी आर्थिक नाकेबंदी

**रायपुर**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। ई डी और केंद्र सरकार के खिलाफ मंगलवार को कांग्रेस प्रदेश भर में प्रदर्शन के साथ ही आर्थिक नाकेबंदी करेगी। इस दौरान दोपहर 12 से 2 बजे तक नेशनल हाईवे और जिले की प्रमुख सड़कों जगह जगह चक्का जाम किया जाएगा। बंद और चक्का जाम से एम्बुलेंस व स्कूली बसों को मुक्त रखा गया है। इसे सफल बनाने के लिए पार्टी ने सभी जिलों में प्रभारी नियुक्त किए हैं।



■ दोपहर 12 से 2 बजे तक चक्का जाम और प्रदर्शन

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस पार्टी 22 जुलाई को 11 बजे से 2:00 बजे तक पांच संभागों के सभी प्रमुख मार्गों राष्ट्रीय राजमार्गों एवं राजकीय राजमार्गों पर चक्का जाम कर आर्थिक नाकेबंदी किया जायेगा। यह आर्थिक नाकेबंदी प्रदेश की जनता के द्वारा छत्तीसगढ़ के संसाधनों की लूट का प्रतिकार होगा। इस नाकेबंदी से एम्बुलेंस तथा स्कूल वाहनों को अलग रखा गया है। हमारा उद्देश्य छत्तीसगढ़ की संपदा को बचाना है। रायपुर में मुंबई, कोलकाता नेशनल हाईवे पर, तथा बिलासपुर, रायपुर हाईवे पर सांकरा, आरंग, अभनपुर, तिल्दा, खरोरा में नाकेबंदी की जायेगी। इसी प्रकार प्रदेश के सभी शहरों में चक्का जाम नाकेबंदी होगी। अडानी छत्तीसगढ़ की संपदा को लूट रहा तथा उसका विरोध करने वालों के यहां ईडी की छापेमारी करवा रहा। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र की गिरफ्तारी अडानी और भाजपा की साजिश है। बैज ने कहा उन्होंने कहा कि आर्थिक नाकाबंदी कर भाजपा सरकार के संरक्षण में अडानी के द्वारा जो यहां की खनिज संपदा को लूटा जा रहा है उसका विरोध होगा। आम जनता से अपील है वह भी जंगल कटाई के विरोध में आयोजित इस आर्थिक नाकेबंदी में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले। तानाशाही भाजपा सरकार को मुंहतोड़ जवाब दें।

## सार संक्षेप

### केरल के पूर्व मुख्यमंत्री अच्युतानंदन का निधन

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ मार्क्सवादी नेता वी. एस. अच्युतानंदन का 101 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। माकपा के राज्य सचिव एम. वी. गोविंदन ने यह जानकारी दी। गोविंदन ने पत्रकारों को बताया कि अच्युतानंदन का निधन यहां एक निजी अस्पताल में हुआ, जहां वह करीब एक महीने पहले दिल का दौरा पड़ने के बाद से उपचार करा रहे थे।

### लोकसभा ने इसरो तथा सुभांशु शुक्ला को दी बधाई

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की सफल यात्रा करने पर अंतरिक्ष यात्री सुभांशु शुक्ला तथा भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को बधाई दी है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पूर्वाह्न 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने पर सभी सदस्यों की तरफ से इसरो तथा श्री शुक्ला को बधाई दी और कहा कि सदस्यों की भावना के अनुरूप इस मुद्दे पर सदन में चर्चा भी करायी जाएगी।

### स्टालिन चक्कर आने की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और सत्तारूढ़ द्रमुक अध्यक्ष एम.के. स्टालिन को सोमवार सुबह सैर के दौरान चक्कर आने के बाद चेन्नई के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मुख्यमंत्री को ग्रीम्स रोड स्थित अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को सुबह नियमित सैर के दौरान हल्का चक्कर आया। उन्हें भर्ती किया गया है और उनके लक्षणों के जांच के लिए आवश्यक नैदानिक परीक्षण किए जा रहे हैं। डॉक्टरों की एक टीम मुख्यमंत्री की देखभाल कर रही है।

### वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर भूस्खलन, एक श्रद्धालु की मौत

**कटरा।** जम्मू-कश्मीर के कटरा स्थित माता वैष्णो देवी भवन मार्ग पर सोमवार सुबह एक बड़ा हादसा हुआ। बाणगंगा के पास तेज बारिश के चलते अचानक भूस्खलन हो गया, जिससे कई श्रद्धालु मलबे में फंस गए। इस हादसे में एक श्रद्धालु की मौत हो गई है जबकि कई अन्य घायल बताए जा रहे हैं। पहाड़ों पर हो रही भारी बारिश के कारण यह हादसा हुआ है। जानकारी के अनुसार, बाणगंगा क्षेत्र में अचानक पहाड़ से बड़े-बड़े पत्थर और मलबा आने से यात्रियों के बीच अफरा-तफरी मच गई।

# जगदीप धनखड़ ने उपराष्ट्रपति पद से दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली**, 21 जुलाई (एजेंसियां)। जगदीप धनखड़ ने उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने

**स्वास्थ्य कारणों का दिया हवाला**

स्वास्थ्य कारणों का हवाला दिया है। राष्ट्रपति को भेजे लेटर में उन्होंने लिखा, स्वास्थ्य सेवा को प्राथमिकता देने और चिकित्सीय सलाह का पालन करने के लिए मैं संविधान के अनुच्छेद 67(ए) के अनुसार, तत्काल प्रभाव से भारत के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देता हूं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेजे लेटर में उन्होंने आगे लिखा, मैं देश की राष्ट्रपति के प्रति उनके अटूट समर्थन और मेरे कार्यकाल के दौरान हमारे बीच बने सुखद और अद्भुत कार्य संबंधों के लिए हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। मैं प्रधानमंत्री और मंत्रिपरिषद के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। प्रधानमंत्री का समर्थन अमूल्य रहा है। मैंने अपने कार्यकाल के दौरान बहुत कुछ सीखा है।

# विपक्ष को बोलने की इजाजत नहीं : राहुल

**नई दिल्ली**, 21 जुलाई (एजेंसियां)। संसद का मानसून सत्र सोमवार से शुरू हो गया है। पहले ही दिन हंगामे की वजह से सदन की कार्यवाही को बार-बार स्थगित करना पड़ा। विपक्षी सांसदों ने ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम हमले पर चर्चा सदन में चर्चा कराने की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी की। इसी बीच लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मीडिया से बात करते हुए बड़ा बयान दिया है। राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि मैं विपक्ष का नेता हूं, लेकिन मुझे सदन में बोलने नहीं दिया जा रहा है। लोकसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित होने के बाद कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मीडिया से बात करते हुए कहा, सवाल ये है



कि जो सदन में रक्षा मंत्री को बोलने देते हैं, उनके (सरकार) लोगों को बोलने देते हैं, लेकिन अगर विपक्ष का कोई नेता कुछ कहना चाहता है तो अनुमति नहीं है। मैं विपक्ष का नेता हूं, मेरा हक है, तो मुझे कभी बोलने ही नहीं देते हैं। ये एक नया एप्रोच है। उन्होंने आगे कहा कि परंपरा कहती है कि यदि सरकार की तरफ से लोग बोल सकते हैं, तो हमें भी बोलने की जगह मिलनी चाहिए। हम दो शब्द कहना चाहते थे, मगर विपक्ष को इसकी इजाजत नहीं है।

### पहलगाम, ट्रम्प के बयान पर जवाब दें मोदी : खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि उन्होंने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद देश की एकता के लिए हर मोर्चे पर सरकार का समर्थन किया है और ये सारे मुद्दे देश को झकझोरने वाले हैं इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इन सवालों का संसद में जवाब देना चाहिए। श्री खरगे ने कहा, मैंने पहलगाम आतंकवादी हमले और 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद की स्थिति पर नियमों के मुताबिक सदन में नोटिस दिया है।

# बेटी और मां की आग से जलकर मौत

**भिलाई नगर**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। जिले के नंदिनी टाउनशिप में सोमवार सुबह-सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जिसमें एक महिला और उसकी सात वर्षीय बेटी की आग में झुलसकर मौत हो गई। यह हादसा नंदिनी टाउनशिप की स्ट्रीट नंबर 36 में स्थित बीएसपी चार्टर में हुआ। मृतक महिला की पहचान 35 वर्षीय जागेश्वरी साहू और उनकी बेटी दिव्यांशी साहू (7) के रूप में हुई है। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर विवेचना कर रही है।

पुलिस के मुताबिक घटना सुबह करीब 6.30 बजे की है, जब घर के अंदर अचानक आग लग गई। उस वक्त जागेश्वरी और उनकी बेटी ही घर में मौजूद थीं। जागेश्वरी के पिता, जो बीएसपी के सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं, रोज की तरह सुबह टहलने निकले थे। करीब 6 बजे जब वे लौटे तो उन्होंने घर से धुआं निकलता देखा।

पिता ने घर में धुआं देखकर तुरंत शोर मचाया, जिसके बाद पड़ोसियों की मदद से घर का दरवाजा तोड़ा गया, जो अंदर से बंद था। अंदर का





दृश्य बेहद भयावह था, मां-बेटी दोनों पूरी तरह झुलसी हालत में मृत पाई गईं। सूचना मिलते ही नंदिनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। शवों को पोस्टमार्टम के लिए कचंदूर स्थित मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। दुर्ग एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि जागेश्वरी पिछले पांच सालों से अपने पति से अलग रह रही थीं और तलाक का केस कोर्ट में विचाराधीन था। वे अपनी बेटी के साथ पिता के घर में रह रही थीं। पुलिस को आशंका है कि महिला मानसिक तनाव और डिप्रेशन में थी। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं और पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।

**वकीलों को समन भेजने पर सुप्रीम कोर्ट नाराज**

# सारी हदें पार कर रही ईडी

**नई दिल्ली**, 21 जुलाई (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को कड़ी फटकार लगाई। सर्वोच्च अदालत ने कहा, ईडी सारी हदें पार कर रहा है।' सुप्रीम कोर्ट ने यह बात दो वकीलों को आपराधिक मामलों के आरोपियों को कानूनी सलाह देने के मामले में ईडी के समन पर कही। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एक वकील और मुवक्किल के बीच की बातचीत विशेष होती है। भले ही वह गलत हो। उनके खिलाफ नोटिस कैसे जारी किए जा सकते हैं। कुछ तो गाइडलाइन होनी चाहिए। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने इस मामले में स्वतः नोटिस लिया था। यह मामला सीनियर एडवोकेट अरविंद दातार और प्रताप वेणुगोपाल से जुड़ा है। ईडी ने दोनों को आपराधिक मामलों के आरोपियों को परामर्श देने के बाद तलब किया था। अगली सुनवाई 29 जुलाई को होगी।

सरकार और ईडी की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट की टिप्पणी पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को हाईलेवल पर रखा गया है। जांच एजेंसी को वकीलों को कानूनी सलाह देने के लिए नोटिस नहीं देने के लिए कहा गया है। मेहता ने कहा कि झूठी कहानियां गढ़कर संस्थानों को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने भी कहा कि उन्होंने ईडी के अधिकारियों से बात की है।

# बांग्लादेश वायुसेना विमान हादसे में 19 की मौत



■ कॉलेज परिसर में गिरा प्रशिक्षण विमान, 100 से अधिक लोग घायल

**ढाका**, 21 जुलाई (एजेंसियां)। बांग्लादेशी वायुसेना का एक एफ-7 प्रशिक्षण विमान सोमवार को कॉलेज परिसर में हादसे का शिकार हो गया। विमान कॉलेज की बिल्डिंग से जा टकराया। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हादसे में 19 लोगों की मौत हो गई, जबकि 100 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। मौके पर अग्निशमन और बचाव दलों ने पहुंचकर बचाव कार्य शुरू कर दिया है। नेशनल बर्न इंस्टीट्यूट के अधिकारी प्रोफेसर मोहम्मद सईदुर रहमान ने बताया कि वायुसेना का विमान माइलस्टोन कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। जिसमें विमान के पायलट सहित कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई। हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने भी घटना की पुष्टि की है। सूचना मिलने पर बांग्लादेशी सेना के सदस्य, अग्निशमन सेवा और नागरिक सुरक्षा की आठ गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं और बचाव अभियान शुरू किया।

**कॉलेज में कक्षाएं चल रही थीं**

अधिकारियों ने बताया कि प्रशिक्षण विमान ने दोपहर लगभग 1:06 बजे उड़ान भरी थी और उड़ान भरने के तुरंत बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे के बाद विमान में आग लग गई। आग बुझाने के लिए अग्निशमन दल की आठ दमकल मौके पर पहुंच गईं। माइलस्टोन कॉलेज के प्रवक्ता ने कहा कि विमान स्कूल के गेट के पास गिरा। कॉलेज परिसर में जहां विमान हादसा हुआ, वहां कक्षा चल रही थी। घायलों को एक-एक करके बाहर निकाला जा रहा है। स्कूल के एक ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

**सीबीएसई ने छात्रों की सुरक्षा के लिए जारी किए नए निर्देश**

# अब स्कूलों में हर कोने में लगेंगे कैमरे

**नई दिल्ली**, 21 जुलाई (एजेंसियां)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने स्कूलों में छात्रों की सुरक्षा को और पुख्ता बनाने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। अब सभी सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों को अपने पूरे कैंपस में हाई-रिज़ोल्यूशन सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। सीबीएसई ने सोमवार को अपने नियमों में संशोधन करते हुए कहा है कि हर स्कूल को ऐसी निगरानी व्यवस्था करनी होगी, जिससे बच्चों का हर कदम रिकॉर्ड हो सके। कैमरे सिर्फ वीडियो नहीं बल्कि ऑडियो के साथ भी रिकॉर्डिंग करेंगे। यह फैसला स्कूलों में बढ़ती घटनाओं और छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। बोर्ड के नए दिशा-निर्देशों के अनुसार, स्कूल के मुख्य गेट, क्लासरूम, स्टाफ रूम, लैब, लाइब्रेरी, कैंटीन, गलियारे, सीढ़ियां, खेल का मैदान, और शौचालय के बाहर के हिस्से जैसे सभी अहम जगहों पर हाई-क्वालिटी कैमरे लगाने होंगे. खास बात ये है कि ये कैमरे ऑडियो और वीडियो दोनों रिकॉर्ड करने में सक्षम होंगे. हालांकि, टॉयलेट और वॉशरूम के अंदर कैमरे नहीं लगाए जाएंगे।

# प्रदेश में तैयार हो रहा सड़कों का मजबूत नेटवर्क

**रायपुर**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में सड़क नेटवर्क का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए राज्य में दो इकोनॉमिक कॉरिडोर सहित राज्य के दूरस्थ एवं पिछड़े क्षेत्रों में सड़कों का मजबूत नेटवर्क बनाने का काम शुरू हो गया है। छत्तीसगढ़ में औद्योगिक गतिविधियों में तेजी लाने के लिए इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बनाने का भी निर्णय लिया गया है।

छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिए वर्तमान में कुल 18,215 करोड़ रुपये लागत की 37 परियोजनाओं पर काम चल रहा है। राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास हेतु 11 विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जा रही हैं, इन सड़कों की लंबाई 1131 किलोमीटर होगी, जिनकी कुल लागत 24,693 करोड़ रुपये है। राष्ट्रीय राजमार्गों के उन्नयन के लिए भारत सरकार द्वारा कुल 5353 करोड़ रुपये की लागत वाली 18 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिसके सम्पूर्ण होने से राज्य के विकास को एक नयी गति मिलेगी। राज्य में वर्ष 2014 से 2025 तक 840 किलोमीटर लंबाई के सिंगल-मध्यवर्ती लेन राष्ट्रीय राजमार्ग को 2 या अधिक लेन में उन्नत किया गया है। राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिए 2014 से 2025 तक 21,380 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों के अलावा, भारत सरकार ने 2014 से 2025 तक केंद्रीय सड़क और सी.आर.आई.एफ. और इकनोमिक इंपोर्टेंस एवं इंटर स्टेट कनेक्टिविटी के तहत राज्य की सड़कों के विकास के लिए कुल 3826 करोड़ रुपये की लागत के 70 कार्यों को मंजूरी दी है। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर और सरगुजा जैसे क्षेत्रों में राजमार्गों के नेटवर्क को और मजबूत किया जा रहा है। रायपुर एवं दुर्ग शहर के नागरिकों को सघन एवं भारी यातयात से राहत पहुंचाने हेतु 2 पैकेजों में 92 किलोमीटर लंबाई वाला 6 लेन का रायपुर-दुर्ग बाईपास का भी निर्माण कराया जा रहा है, जिसकी लागत 2289 करोड़ रूपए है। विशाखापट्टनम के पोर्ट के माध्यम से छत्तीसगढ़ के उत्पादों को वैश्विक बाजार मिलेगा, साथ ही रोजगार के नए अवसर भी बनेंगे। रायपुर-विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है, इस 6 लेन सड़क की लंबाई के 124 किलोमीटर होगी। इस मार्ग के लिए 4146 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है तथा निर्माण कार्य प्रगति पर है। रायपुर एवं बिलासपुर को झारखण्ड की औद्योगिक नगरी रांची और धनबाद से जोड़ने के लिए 4 लेन सड़क का बिलासपुर-उरगा-पत्थलगाँव का निर्माण कराया जा रहा है, जिसकी लंबाई 157 किलोमीटर और लागत 4007 करोड़ रुपये है।

■ 18,215 करोड़ लागत की 37 सड़क परियोजनाओं पर चल रहा काम
■ राष्ट्रीय राजमार्गों के उन्नयन के लिए 5353 करोड़ मंजूर
■ रायपुर-विशाखापट्टनम और रायपुर-धनबाद आर्थिक गलियारे हो रहें तैयार

# कोल ब्लाक आबंटन में भूपेश बघेल का झूठ उजागर- धर्मजीत सिंह

**मुंगेली** 21 जुलाई (देशबन्धु)। विधायक धर्मजीत सिंह ने विश्राम गृह में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को यह स्पष्ट करना चाहिए कि भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल पार्टी में किस पद पर हैं, जिसके लिए पूरी कांग्रेस सड़कों पर प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भूपेश बघेल ने पुत्र मोह में पूरी कांग्रेस को झोंक दिया है। धर्मजीत ने कहा कि इतिहास में कई उदाहरण हैं, जहां पुत्र मोह ने व्यक्तियों और उनके साम्राज्य को बर्बाद किया है और अब भूपेश बघेल भी उसी दिशा में बढ़ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पूरे प्रदेश को परेशान कर भ्रष्टाचारियों को बचाने का प्रयास कर रही है।उन्होंने कहा कि कोल ब्लॉक आवंटन को लेकर कांग्रेस और भूपेश बघेल का झूठ उजागर हो गया है। भाजपा ने पत्रकारों के समक्ष दस्तावेज प्रस्तुत कर कांग्रेस के दावों की पोल खोल दी है। धर्मजीत ने आरोप लगाया कि शराब घोटाले, कोयला घोटाले, चावल घोटाले, गोठान घोटाले और पीएससी घोटाले में प्रदेश की संपत्ति को जमकर लूटा गया, और अब इन मामलों के आरोपी एक-एक कर जेल जा रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस पर कानून सम्मत कार्रवाई को भटकाने




और जनता को गुमराह करने का भी आरोप लगाया। धर्मजीत सिंह ने कहा कि जब भी कोल ब्लॉक आवंटन और पेड़ों की कटाई पर सवाल उठते थे, तो भूपेश बघेल बचाव में आ जाते थे और कहते थे कि विरोध करने वाले अपने घर की बिजली बंद कर दें। अब सवाल उठता है कि क्या वे खुद और राजीव भवन की बिजली बंद करेंगे? उन्होंने कहा कि कोल ब्लॉक अशोक गहलोत को आवंटित करने में भूपेश बघेल की सक्रिय भूमिका थी। मनमोहन सिंह सरकार के दौरान हसदेव अरण्य को पहले नो-गो जोन और फिर गो एरिया घोषित किया गया था। 23 जून 2011 को तारा परसा ईस्ट और कांटे बेसन कोल ब्लॉक खोलने का प्रस्ताव भी कांग्रेस शासन में दिया गया था। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल के मुख्यमंत्री कार्यकाल में ही गारे पेलमा सेक्टर-2 के लिए 2019 में पर्यावरण स्वीकृति की सिफारिश की गई। 2021 से 2023 के बीच वन स्वीकृति स्टेज-1 और स्टेज-2 की सिफारिशें भी कांग्रेस सरकार ने भेजीं।

धर्मजीत ने बताया कि जब छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार थी, तब राजस्थान के तत्कालीन मंत्री बी डी कल्ला और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कोल ब्लॉक आबंटन के लिए पत्र लिखे थे। भाजपा ने इस संबंध में दस्तावेज और साक्ष्य भी सार्वजनिक किए हैं। इस अवसर पर विधायक धर्मजीत सिंह के साथ पुन्नूलाल मोहले, छग रजक कर्मकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक, जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, पूर्व जिलाध्यक्ष शैलेश पाठक, गिरीश शुक्ला, मोहन भोजवानी. जिला मीडिया प्रभारी सुनील पाठक, कोटूमल दादवानी, मंडल अध्यक्ष राजीव श्रीवास, सौरभ बाजपेयी और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने किया जिला कार्यालयों का औचक निरीक्षण

### कार्यालयीन समय में 20 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी मिले गैरहाजिर

### अनुपस्थिति एवं विलंब पर जताई नाराजगी, नोटिस व वेतन कटौती के निर्देश

**मुंगेली,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित समाज कल्याण, उद्योग, शिक्षा सहित विभिन्न विभागीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर उपस्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान 20 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी अनुपस्थित या देर से कार्यालय पहुंचे, जिस पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी जताई और संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिएउन्होंने अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। साथ ही उपस्थिति पंजी का निरीक्षण करते हुए स्पष्ट किया कि कार्यालयों में उपस्थिति में पारदर्शिता और नियमितता अत्यंत आवश्यक है।शिक्षा विभाग में अनुपस्थित पाए गए अधिकारियों-कर्मचारियों में जिला शिक्षा अधिकारी चन्द्र कुमार घृतलहरे, जिला मिशन समन्वयक ओ.पी. कौशिक, सहायक जिला परियोजना अधिकारी अजय नाथ सहित सहायक परियोजना समन्वयक, प्रोग्रामर, सहायक ग्रेड-2 व 3, कम्प्यूटर ऑपरेटर और भृत्य शामिल रहे। इसी तरह, जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र के महाप्रबंधक और प्रबंधक, समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक व कम्प्यूटर ऑपरेटर के अनुपस्थित रहने पर भी नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने कारण बताओ नोटिस जारी करने और वेतन कटौती के निर्देश दिए। समग्र शिक्षा के अंतर्गत कार्यरत प्रोग्रामर शशिभूषण पांडेय द्वारा गैरहाजिर रहने के बावजूद उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर करने के गंभीर कृत्य पर कलेक्टर ने सख्त रुख अपनाते हुए उसे सेवा से पृथक करने की कार्रवाई के निर्देश दिए।कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी अनुशासन का कड़ाई से पालन करें, समय पर कार्यालय में उपस्थित हों और कार्य के प्रति गंभीरता दिखाएं। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।



## सार-संक्षेप

### कांग्रेस कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ - शैलेश पांडे




**साय सरकार गूंगी-बहरी हो चुकी है - वासुदेव**

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही** 21 जुलाई (देशबन्धु)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के उदयपुर अधिवेशन में पारित संगठन सृजन अभियान के तहत पूर्व विधायक शैलेश पांडे को जीपीएम जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने आज जिले में कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक लेकर संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। बैठक में उन्होंने कहा कि कांग्रेस का कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। आदिवासी और पिछड़ा वर्ग सहित महिलाओं की 50त्न भागीदारी सुनिश्चित करने पर रायशुमारी की गई। बैठक में पूर्व विधायक के.के. ध्रुव, जिलाध्यक्ष उत्तम वासुदेव, प्रदेश महासचिव मनोज गुप्ता, सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के विरोध में पेंड्रा में आर्थिक नाकेबंदी और धरना-प्रदर्शन की घोषणा की गई। कार्यक्रम में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का जन्मदिन भी केक काटकर मनाया गया।

### धनेश सोलंकी महासचिव बने



**मुंगेली,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ वरिष्ठ नागरिक कांफेडरेशन के संपन्न हुए चुनाव में धनेश सोलंकी प्रदेश महासचिव निर्वाचित हुए, वृंदावन हॉल में संपन्न चुनाव में उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी पूर्व निवृत्तमान महासचिव अजीत प्रसाद को 31 मतों से परास्त किया। इस चुनाव में जिसमे अध्यक्ष पद के लिए दो नाम प्राप्त हुए चंद्र प्रकाश देवरस, दामोदर मुदाफरे, महासचिव पद के लिए दो नामांकन भरे गये धनेश सोलंकी, अजीत प्रसाद, कोषाध्यक्ष पद के लिए दो नामांकन हूँ जिसमे देवेंद्र शर्मा व सुभाष वर्मा प्रत्याशी रहे, वोटिंग के प्रक्रिया आरंभ हुई और मतदाताओं ने मतदान किये, प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव मे बिलासपुर के चंद्र प्रकाश देवरस अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष पद के चुनाव मे देवेंद्र शर्मा निर्वाचित हुए। चुनाव सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। श्री सोलंकी ने सभी मतदाताओं और कांफेडरेशन के साथियों को हृदय से धन्यवाद दिया और कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों के लिए सतत प्रयत्नशील रहेंगे।

### कलेक्टर-डीएफओ ने पीपरखूंटी एवं तरईगांव सीमा क्षेत्र में राजस्व और वन भूमि का किया सर्वे



**गौरेला पेण्ड्रा मरवाही**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी और वनमण्डलाधिकारी श्रीमती ग्रीष्मी चांद ने आज गौरेला विकासखण्ड के वन ग्राम पीपरखूंटी एवं तरईगांव सीमा क्षेत्र में अपने-अपने मैदानी अमले के साथ राजस्व और वन भूमि का सर्वे किया। दोनों विभागों के अभिलेखों में दर्ज भूमि का क्षेत्रफल और ऑनलाइन दर्ज डेटा का भौतिक सत्यापन किया गया। राजस्व विभाग के मिसल में दर्ज भूमिस्वामी एवं खसरा नंबर और वन भूमि के कम्पार्टमेंट का मौके पर मिलान किया गया। कलेक्टर-डीएफओ की उपस्थिति में राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी और वन विभाग के बीट गार्डों द्वारा दोनों वन ग्रामों के सीमा क्षेत्र में लगे मुनारा से नक्शे में दर्ज क्षेत्रफल का नाप-जोख करके मिलान किया गया। कलेक्टर ने सर्वेक्षण कार्य एक सप्ताह के भीतर पूर्ण कर निर्धारित प्रपत्र में जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर दिलेराम डाहिरे, एसडीएम पेण्ड्रारोड ऋचा चंद्राकर, तहसीलदार शेषनारायण जायसवाल सहित राजस्व एवं वन विभाग के मैदानी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# चक्का जाम करने वाले छात्रों पर जुर्म दर्ज मगर सड़क नहीं सुधरी

**तखतपुर** 21 जुलाई (देशबन्धु)। सड़क मरम्मत की मांग को लेकर नगर के छात्रों एवं युवाओं ने चक्काजाम किया था। चक्काजाम करने वाले छात्रों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही कर दी गई परंतु उस सड़क को दूरूस्थ करना मुनासिब नही समझे।

मोढ़े मार्ग से मनियारी पुल तक तखतपुर नगर की सड़क की जर्जर हालत सड़क की मरम्मत की मांग को लेकर कई बार आवेदन, निवेदन और प्रदर्शन किया गया था परंतु इस समस्या का निराकरण किया ही नही जा रहा था। बौखलाएं युवाओं ने कुछ दिन पहले मनियारी पुल के पास चक्काजाम कर दिया था और चक्काजाम के दिन केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू मुंगेली की ओर जा रहे थे परंतु जैसे ही मण्डी चौक पर उनका काफिला पहुंचा था चक्काजाम को देखकर वापस लौट गए। पुलिस ने चक्का जाम करने वाले छात्रों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर दी इधर चक्काजाम की जानकारी मिलने पर अगले दिवस कलेक्टर संजय अग्रवाल नगर का भ्रमण कर सड़क की जायजा लिया और शीघ्र ही सड़क दूरूस्थ करने की बात कहीं। चक्काजाम के 10 दिन बीत जाने के बाद भी सड़क की स्थिति और दिन ब दिन बिगड़ती जा रही है लेकिन उसके सुधारने की न तो तिथि तय हो रही है और न कोई काम हो रहा है। जिन चक्काजाम करने वाले छात्रों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई थी वे गिरफ्तार भी हो गए और जमानत भी हो गई लेकिन सड़क की स्थिति जस की तस बनी हुई है। इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीर प्रतिदिन दूर्घटना ग्रस्त हो रहे है वहीं वाहन भी बिगड़ रहे है पट्टा टूट रहा है परंतु इस पर कोई सार्थक पहल नही हो पा रही है मोढ़े से आगे बढ़ने वाले वाहन चालक मनियारी पुल के पहुंचते तक भगवान से विनती करते हुए आगे बढ़ते है कहीं कोई अनहोनी न हो जाए। सभी विभाग के अधिकारीयों का आना जाना इसी मार्ग से होता है परंतु कोई सुध नही ली जा रही है।



विधायक धर्मजीत सिंह ने उठाया मुद्दाङ्ग विधानसभा सत्र के दौरान तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने नगर की सड़क की खस्ताहाल को लेकर जमकर भड़ास निकाली और मांग किया कि लोक निर्माण विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी धरातल पर आए और लोगों की इस ज्वलंत समस्या का निराकरण करें।

# हरियर मुंगेली-सुघ्घर मुंगेली अभियान के दूसरे चरण में 26 पौधों का रोपण

**मुंगेली** 21 जुलाई (देशबन्धु)। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में लगातार समर्पित स्टार्स ऑफ टुमॉरो वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित (हरियर मुंगेली-सुघ्घर मुंगेली) अभियान के दूसरे चरण में आज पड़ाव चौक से बी.आर. साव स्कूल तक तथा समन्वय संगीत एवं कला महाविद्यालय परिसर में नीम, बादाम, कदम और मौलश्री जैसे छायादार वृक्षों के कुल 26 पौधों का रोपण कर उन्हें ट्री गार्ड से संरक्षित किया गया। इस प्रयास ने एक बार फिर नगरवासियों को हरियाली की दिशा में प्रेरित किया।

संस्था के सह-संयोजक रामशरण यादव ने इस अवसर पर कहा कि हमारा उद्देश्य केवल पौधरोपण नहीं, बल्कि उनकी सुरक्षा और परिपक्वता तक देखभाल करना है। हमारा फोकस क्वांटिटी से ज्यादा क्वालिटी पर है। आज गर्व से कह सकते हैं कि हमारे द्वारा लगाए गए 95% पौधे वृक्ष बन चुके हैं, जो इस अभियान की सफलता और हमारी निष्ठा के प्रमाण हैं। संस्था के कोषाध्यक्ष धनराज परिहार ने कहा मौसम चक्र में तेजी से आ रहे बदलावों को देखते हुए अब समय आ गया है कि हर नागरिक पर्यावरण की रक्षा में अपनी जिम्मेदारी निभाए।



कार्यक्रम के विशेष क्षण में संस्था के समर्पित सदस्यों गोखलेश सिंह, देवशंकर श्रीवास्तव, विकास जैन, पप्पू शर्मा व संतोष जांगड़े के जन्मदिवस के अवसर पर केक काटा गया और पौधा रोपण कर उसे विशेष रूप से यादगार बनाया गया। इस अवसर पर अभियान के टीम प्रभारी मुकेश पांडेय ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ अथवा किसी भी खास दिन को वृक्षारोपण जैसे पुनीत कार्य से यादगार बनाएं और इस अभियान से जुड़कर हरियाली की दिशा में एक जिम्मेदार कदम बढ़ाएं।

इस अवसर पर नगर के पर्यावरण प्रेमी राजेंद्र चंद्रवंशी, प्रभाकर सिंह, अरविंद रूपवानी, धनेश्वर साहू, प्रद्युम सिंह, आदर्श गुप्ता, आयुष केशरवानी, प्रियांक गुप्ता स्टार्स ऑफ टुमॉरो के संयोजक रामपाल सिंह, सह संयोजक रामशरण यादव, अध्यक्ष महावीर सिंह, सचिव विनोद यादव, कोषाध्यक्ष धनराज परिहार, सतपाल मक्कड़, दिनेश गोयल, गोखलेश सिंह, विकास जैन, देवशंकर श्रीवास्तव, देवेंद्र परिहार, आशीष सोनी, दीपक जैन, श्रेणिक पारख, अनुराग सिंह, रणवीर सिंह, मुकेश पांडेय, गिरीश सुथार, कोमल चौबे, रघुराज सिंह, पप्पू शर्मा, धीरज जैन, अंकित सिंह, अजय चंद्राकर, आर्या सिंह, श्रेयांश बैद, संदीप सिंह, वैभव ताम्रकार, चित्रकान्त सिंह, देवेंद्र सिंह, वासु पांडेय, दिलबाग सिंह, श्रीओम सिंह, अमित साहू, परमेश्वर देवांगन, संतोष जांगड़े, सुरेश यादव, सुमित उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी व सदस्यगण उपस्थित रहे।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**मानसून सत्र की ...**

चलने देने का आग्रह किया, लेकिन वे हंगामा करते रहे। इस बीच, संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि आज ही श्री बिरला के नेतृत्व में होने वाली कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में विपक्षी सदस्य अपनी बात रख सकते हैं और उसमें जो तय होगा, सदन में उसी के अनुरूप चर्चा होगी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी विपक्षी सदस्यों से आग्रह करते हुए कहा कि अध्यक्ष या पीठासीन अधिकारी जिस विषय पर चर्चा की अनुमति देंगे, सरकार उस पर विस्तृत चर्चा कराने को तैयार है। उन्होंने कहा कि विपक्षी सदस्यों को शोर-शराबा बंद करके सदन की कार्यवाही चलने देना चाहिए। सरकार हर विषय पर चर्चा करने और उसका जवाब देने को तैयार है। विपक्षी सदस्यों ने इसके बावजूद हंगामा जारी रखा तो श्री पाल ने सदन की कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

**जस्टिस यशवंत वर्मा की ...**

145 सांसदों ने महाभियोग प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए हैं, उनमें अनुराग ठाकुर, रविशंकर प्रसाद, राहुल गांधी, राजीव प्रताप रूडी, पीपी चौधरी, सुप्रिया सुले और केसी वेणुगोपाल शामिल हैं। 145 सांसदों ने जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग चलाने की मांग की है।

**बांग्लादेश वायुसेना विमान...**

शिक्षक ने बताया कि जब विमान कॉलेज परिसर से टकराया, तब वह दस मंजिला कॉलेज भवन के पास खड़े थे। दोपहर एक बजे के कुछ ही देर बाद विमान बगल की तीन मंजिला स्कूल इमारत के सामने वाले हिस्से से टकरा गया, जिससे कई छात्र उसमें फंस गए। कॉलेज के शिक्षक और कर्मचारी छात्रों को बचाने के लिए दौड़े। उन्होंने कहा कि मैंने एक घायल छात्र को बाहर निकाला।

### माशिमं की परीक्षा का निरीक्षण करने सदस्य केंद्रों में पहुंच रहे

**तखतपुर** 21 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की अवसर पर परीक्षा का निरीक्षण करने माध्यमिक शिक्षा मण्डल का सदस्य पहुंच रहे है और केंद्र का जायजा ले रहे है। बोर्ड की परीक्षा जिसमें फैल और पूरक आने वाले विद्यायार्थीयों को सत्र में दो बार परीक्षा का अवसर दिया जा रहा है जिसमें वे शामिल होकर परीक्षा परिणाम सुधार ले और इस माध्यमिक शिक्षा मण्डल की योजना का लाभ छात्र उठा रहे है। 8 जुलाई से माध्यमिक शिक्षा मण्डल की परीक्षा प्रारंभ हुई है और 22 जुलाई को समापन हो रहा है। इस परीक्षा के लिए विकासखण्डों में ही परीक्षा केंद्र बनाए गए है जहां पर पूरे विकासखण्ड के परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे है। परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण लगातार किया जा रहा है।

**कार्यालय सेनानी 18वीं (वि.भा.र) वाहिनी छ.स.बल मनेन्द्रगढ़, जिला एम.सी.बी. (छ.ग.)**

**:: निविदा आमंत्रण सूचना ::**

निविदा क्रमांक – सेनानी 18वीं बटा./ छसबल/ सा.अ./ निविदा N-1 /2025, दिनांक– 07.2025

छ.ग.शासन की ओर से लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त क्षेत्री के पंजीकृत ठेकेदार से प्रतिशत दर पर छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी भवन कार्य के एस.ओ.आर. 01.01.2015 के आधार पर निम्नलिखित तिथि को अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय में उपस्थित होकर निविदा आमंत्रित की जाती है :–

निविदा कार्यक्रम :–

01. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि– 04 अगस्त 2025 सायं 05.30 बजे तक
02. निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि– 05 अगस्त 2025 सायं 05.30 बजे तक
03. निविदा खुलने की तिथि – 06 अगस्त 2025 सायं 03.00 बजे तक

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य की लागत (लाख में) | स्वीकृत मद का नाम | अमानत राशि (टी.डी.आर.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | सक्षम ठेकेदार | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | शस्त्रागार/ आरमोररी वार्कशॉप एवं गार्ड रूम के चारो तरफ वायर विथ कॉइल फेंसिंग कार्य। | 4,44,000.00 | पीसीएण्डआर मद | 4440.00 | 750.00 | ''डी''– श्रेणी व उससे अधिक | 03 माह |
| 02 | शस्त्रागार/ आरमोररी वार्कशॉप एवं गार्ड रूम के सामने तरफ रिटेनिंग वॉल निर्माण कार्य। | 7,67,000.00 | पीसीएण्डआर मद | 7670.00 | 750.00 | ''डी''– श्रेणी व उससे अधिक | 4 माह |

निविदा संबंधी शर्तें कार्यालय से प्राप्त करें।

सेनानी
18वीं वाहिनी (विभार)छ.स.बल.
चैनपुर जिला–मनेन्द्रगढ़–
चिरमिरी–भरतपुर (छ.ग.)

जी– 252602310/2

### आईटीआई कोर्स के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 23 जुलाई

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**, 21 जुलाई 2025/छत्तीसगढ़ के सभी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओ (आईटीआई) में प्रवेश सत्र 2025-26 एवं 2025-27 के लिए संस्था में संचालित कोपा, फीटर , वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन आदि व्यवसायों में रिक्त स्थानो हेतु ऑनलाईन प्रवेश के लिए तीसरी बार आवेदन प्रकिया पुनः पोर्टल खोला गया है।

## निधन

### सतीश पाण्डेय



**तखतपुर।** बेलसरी निवासी सतीश पाण्डेय 55 वर्ष का 20 जुलाई को निधन हो गया। वे शुभम पाण्डेय के पिता और दिलीप पाण्डेय के बड़े भाई थे इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम बेलसरी में किया गया।

**शपथ पत्र**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पीताम्बर साहू PITAMBAR SAHU) उम्र–61 पिता–पोथीराम साहू (POTHIRAM SAHU) निवासी–119 रामजानकी मंदिर मेन रोड बुधवारी कोरबा जिला कोरबा छ.ग.का निवासी हूं। मेरे आधार कार्ड क्रमांक 6041 8617 8182 में मेरा नाम पीताम्बर साहू (PITAMBAR SAHU) दर्ज है एवं मेरे पुत्र रामू साहू के शैक्षिण दस्तावेज के कक्षा दसवी का रिजल्ट जिसका अनुक्रमांक क्रं. 1606161060 में एवं कक्षा बारहवीं के रिजल्ट का अनुक्रमांक 16061725357 में मेरा नाम पीताम्बर प्रसाद साहू (PITAMBAR PRASAD SAHU) दर्ज है एवं मेरे पुत्र रामू साहू के आधार कार्ड क्रमांक 8099 6510 4135 में मेरा नाम पीताम्बर साहू (PITAMBAR SAHU) दर्ज है। मैं यह शपथ करता हूं कि पीताम्बर साहू (PITAMBAR SAHU) एवं पीताम्बर प्रसाद साहू (PITAMBAR PRASAD SAHU) उक्त दोनों मेरा ही नाम है। मेरा सही नाम एवं सही स्पेलिंग पीताम्बर साहू (PITAMBAR SAHU) है।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे सही नाम एवं सही स्पेलिंग पीताम्बर साहू (PITAMBAR SAHU) से जाना एवं पहचाना जाये आम जनता को सूचनार्थ हेतु प्रेषित

शपथकर्ता
पीताम्बर साहू

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.)**

विवाह प्र.क्र.177/ ब–121/2024–2025
ग्राम– खोखरा तहसील– जांजगीर

**// ईश्तहार //**

आवेदक चांद कुमार उम्र 24 वर्ष पिता ईतवारी जाति सूर्यवंशी निवासी ग्राम वार्ड नं. 19 खोखरा तहसील व थाना जांजगीर जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका रूचिका वर्मा उम्र 19 वर्ष पिता चंदुलाल वर्मा जाति कुर्मी निवासी दरबार भोखली थाना रानीतराई तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

बनाम

छत्तीसगढ़ शासन

आम जनता ग्राम खोखरा तहसील जांजगीर जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक चांद कुमार उम्र 24 वर्ष पिता ईतवारी जाति सूर्यवंशी निवासी ग्राम वार्ड नं. 19 खोखरा तहसील व थाना जांजगीर जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका रूचिका वर्मा उम्र 19 वर्ष पिता चंदुलाल वर्मा जाति कुर्मी निवासी दरबार भोखली थाना रानीतराई तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा–5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 13.08.2025 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.07.2025 को न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील

विवाह अधिकारी
जिला–जांजगीर–चांपा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुर्यभवन सिंह पिता हीरासिंह ग्राम पडनिया तहसील दीपका द्वारा ग्राम पडनिया तहसील दीपका में स्थित आवेदक के पिता हीरा सिंह पिता मोहर सिंह के नाम पर दर्ज एसईसीएल कुसमुण्डा में अधिग्रहित भूमि ख.नं. 847/2, 848/2, 932/1 रकबा 0.79 ए. भूमि के खातेदार हीरा सिंह पिता नोहर सिंह की दिनांक 20.04.2020 को मृत्यु हो जाने से फौती नामांतरण दर्ज करने बाबत अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कटघोरा के समक्ष प्रस्तुत आवेदन–पत्र जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 25/07/2025 तक स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 09/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

सील

तहसीलदार
दीपका, जिला–कोरबा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुर्यभवन सिंह पिता हीरासिंह ग्राम पडनिया तहसील दीपका द्वारा ग्राम पडनिया तहसील दीपका में स्थित आवेदक एवं उसके पुत्र के नाम पर दर्ज भूमि को एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र द्वारा अर्जन कर लिये जाने से अर्जन के एवज में रोजगार हेतु वंशवृक्ष सत्यापन बाबत् आवेदन–पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 25/07/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 09/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

सील

तहसीलदार
दीपका,
जिला–कोरबा (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिका परिषद् डोंगरगढ़, जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)**

Email-cmodongargarh@rediffmail.com

क्रमांक /132/लो.क.वि. / न.पा.प./2025 डोंगरगढ़, दिनांक: 18.07.2025

**प्रथम ई–प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद् डोंगरगढ़ क्षेत्रांतर्गत 15वां अंतर्गत एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा From-A अंतर्गत प्रचलित एस.ओ.आर (C.G. PHE SOR 2020, & Amendment (2022-23), (2023-24) & C.G. PWD Electrical SOR (01.06.2020) से प्रतिशत दर एवं From-B अंतर्गत आईटम दर पर निविदा आमंत्रित कि जाती है –

| क्र. | सिस्टम टैंडर नम्बर | निविदा का प्रकार | कार्य का नाम | लगत राशि ( लाख में ) | निविदा की अतिंम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 172366 | प्रथम | राउलकसा क्षेत्र में इंटकवेल, पंप हाउस एवं पंपिंग निर्माण कार्य | 194.88 | 08/08/2025 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की समान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई–प्रोक्युरमेंट वेब पोर्टल http:eproc.cgstate.gov.in & www.uad.cg.gov.in पर देखा जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिको परिषद्, डोंगरगढ़

# देश

**उवाच**



“यदि संख्या बल के अहंकार के साथ हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में थोपा जाता है, तो इससे केवल अशांति ही फैलेगी। तेलंगाना के सभी प्रमुख राजनीतिक दल इस तरह के कदमों के विरोध में एकजुट हैं। भारत एक लोकतांत्रिक देश है।

-केटी रामा राव, बीआरएस नेता

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 29 | 27 |
| मुंबई | 26 | 25 |
| कोलकाता | 32 | 28 |
| चेन्नई | 3 | 28 |

# लगातार कटुता के हालात बर्दाश्त नहीं कर सकता लोकतंत्र : धनखड़

## राजनीतिक पार्टियों से की विकास की राजनीति करने की अपील

**नई दिल्ली,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। राज्यसभा सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि एक फलता-फूलता लोकतंत्र निरंतर कटुता के हालात बर्दाश्त नहीं कर सकता। उपराष्ट्रपति ने राजनीतिक पार्टियों से एक दूसरे पर सार्वजनिक तौर पर निजी हमले न करने की अपील की। उन्होंने जोर देकर कहा कि बातचीत और चर्चा ही संघर्ष के बिना आगे बढ़ने का रास्ता हैं। उन्होंने राजनीतिक पार्टियों से तनाव घटाने और विकास की राजनीति करने की अपील की। जगदीप धनखड़ ने सोमवार को संसद के मानसून सत्र की शुरुआत में राज्यसभा में अपने संबोधन के दौरान यह बातें कही। उपराष्ट्रपति का यह बयान इस मायने में भी अहम है क्योंकि विपक्ष ऑपरेशन सिंदूर, पहलगाम आतंकी हमले और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान आदि जैसे मुद्दों पर सरकार से जवाब मांग रहा है और सदन में इन मुद्दों पर चर्चा की मांग कर रहा है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि एक फलता-फूलता लोकतंत्र लगातार कटुता बर्दाश्त नहीं कर सकता। राजनीतिक तनाव घटना चाहिए। टकराव राजनीति का सार नहीं है। राजनीतिक दल अलग-अलग तरीकों से समान लक्ष्य पाने के प्रयास कर सकती हैं, लेकिन कोई भी राष्ट्र के हितों का विरोध नहीं करता।



बातचीत और चर्चा ही संघर्ष के बिना आगे बढ़ने का रास्ता : जगदीप धनखड़

### राजनीतिक तनाव घटाने पर दिया जोर

#### आपसी सौहार्द बढ़ाने की अपील

राज्यसभा सभापति ने सभी राजनीतिक दलों से सौहार्द और आपसी सम्मान को बढ़ावा देने और एक दूसरे के खिलाफ अभद्र भाषा या व्यक्तिगत हमलों से बचने का आग्रह किया। धनखड़ ने कहा कि आंतरिक लड़ाई हमारे दुश्मनों को मज़बूत बनाती है और हमें बांटती है। भारत की ऐतिहासिक ताकत संवाद और विचार-विमर्श में निहित है, हमारी संसद को मार्गदर्शन करना चाहिए। धनखड़ ने कहा कि इस सदन को बहुत ऊंचे मानक स्थापित करने होंगे। उन्होंने कहा कि यदि हम जनता की सर्वोच्च अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरते हैं, तो हम चीजों को दबा रहे होंगे और उनकी गहन जांच नहीं कर रहे होंगे। राज्यसभा सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि वह सदन में विभिन्न दलों के नेताओं के साथ इस बात पर चर्चा करेंगे कि इस प्रकार के उल्लंघनों के संबंध में इस सदन को क्या कदम उठाने चाहिए।

### सदन में नोटों की गड्डी मिलने के मामले में विभिन्न दलों के नेताओं के साथ बात करेंगे धनखड़

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन में 500 रुपए के नोटों की गड्डी मिलने के मामले को गंभीर बताते हुए कहा है कि वह इस संबंध में सदन में विभिन्न दलों के नेताओं के साथ विचार-विमर्श करेंगे। धनखड़ ने सोमवार को सदस्यों को बताया कि सदन में एक बार सीट संख्या 222 पर 500 रुपये के नोटों की एक गड्डी मिली थी। उन्होंने कहा कि नोटों का बंडल मिलने से ज़्यादा आश्चर्यजनक और चिंताजनक बात यह है कि उस पर किसी का स्वामित्व नहीं है और किसी ने उस पर दावा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि यह काफ़ी गंभीर बात है। सभापति ने कहा कि उन्होंने अधिकारियों से इस मामले को गंभीरता से लेने को कहा था लेकिन अब लगता है कि इस मामले का निपटारा करना ही होगा और वह इसे आगे के विचार और मार्गदर्शन के लिए सदन में विभिन्न दलों के नेताओं के सामने रखेंगे।

# उत्तर प्रदेश के पांच जिले बाढ़ से प्रभावित



**लखनऊ,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश में बारिश के चलते नदियों के जलस्तर में वृद्धि देखने को मिल रही है। वर्तमान में प्रदेश के पांच जिले बाढ़ से प्रभावित हैं जबकि पिछले 24 घण्टे में प्रतापगढ़ और गोंडा में एक-एक जनहानि हुई है। बाढ़ आपदा राहत विभाग की तरफ से प्रभावित जिलों में एनडीआरएफ की टीम की तैनाती के साथ ही सभी जरूरी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। नदियों के जलस्तर से वृद्धि के चलते प्रदेश में बालियां, बांदा, मिर्जापुर, प्रयागराज और वाराणसी जैसे जिले प्रभावित हैं। बलिया में गंगा खतरे के निशान से 1.505 मीटर ऊपर बह रही हैं जबकि धौलपुर में चंबल नदी खतरे के निशान से 90 सेमी ऊपर बह रही है। वहीं गाजीपुर और बदायूं में गंगा का बहाव खतरे से ऊपर है। आने वाले 24 घंटे में गंगा, चंबल, सोन और घाघरा के जलस्तर में वृद्धि न होने का अनुमान है। राहत आयुक्त भानू चंद्र गोस्वामी के मुताबिक प्रदेश में 26 जिले ऐसे हैं, जहां पर 120 फीसद से अधिक बारिश हुई है। वहीं 19 जनपद ऐसे हैं जहां पर 120 से 80 प्रतिशत तक बारिश दर्ज की गई है। 12 जनपद ऐसे हैं जहां पर 80 से 60 प्रतिशत तक बारिश हुई है। इसी तरह 9 जिले ऐसे हैं, जहां पर अत्यधिक कम बारिश दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि बाढ़ के चलते बलिया जिले की दो तहसील के साथ गांव प्रभावित है। यहां पर एनडीआरएफ की एक टीम तैनात की गई है।

**पिछले 24 घंटे में दो की मौत**

## संसद से

### पहलगाम हमला, विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों को लोस ने दी श्रद्धांजलि

लोकसभा में मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को पहलगाम आतंकवादी हमले, अहमदाबाद विमान दुर्घटना, विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं में जान गंवाने वाले तथा हाल में दिवंगत हुए सदन के पूर्व सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पीड़ित परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सदन के हाल में दिवंगत हुए पूर्व सदस्यों के साथ ही पहलगाम आतंकवादी हमले तथा अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना और बाढ़, भूस्खलन तथा भारी बारिश के कारण मारे गए लोगों के बारे में भी जानकारी दी और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### अंतरराष्ट्रीय परिचालन के लिए पटना हवाई अड्डे का रनवे छोटा : नायडू

केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने सोमवार को राज्य सभा में कहा कि बिहार में पटना हवाई अड्डे की हवाई पट्टी छोटी होने के कारण वहां से छोटे विमानों के साथ अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का परिचालन वाणिज्यिक रूप से व्यावहारिक नहीं है। उन्होंने प्रश्नकाल के दौरान भारतीय जनता पार्टी के डॉ. भीम सिंह के एक अनुपूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि पटना के वर्तमान हवाई अड्डे की हवाई पट्टी के विस्तार के लिए जमीन के अधिग्रहण में कठिनायी को देखते हुए वैकल्पिक उपाय किए जा रहे हैं जिसमें पटना में एक नया हवाई अड्डा स्थापित करने का प्रस्ताव भी शामिल है। डॉ. सिंह ने सवाल किया था कि पटना से जब अंतरराष्ट्रीय मार्गों के लिए उड़ानों की सुविधा है ही नहीं तो उसे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा कहने का अर्थ क्या है।

### पांच सांसदों ने राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली

पूर्व केंद्रीय मंत्री वीरेन्द्र प्रसाद वैश्य सहित पांच सांसदों ने सोमवार को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली। वैश्य के अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री कणाद पुरकायस्थ, डा. मीनाक्षी जैन, सी. सदानदन मास्टर और हर्ष श्रंगला ने उच्च सदन की सदस्यता की शपथ ली। इनमें से तीन सदस्य हाल ही में उच्च सदन के लिए मनोनीत किए गए थे। सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन की कार्यवाही शुरू करते ही इन सदस्यों को शपथ दिलाई। सबसे पहले असम गण परिषद के नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री वीरेन्द्र प्रसाद वैश्य ने असमी में राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली। वह राज्यसभा में असम का प्रतिनिधित्व करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री कणाद पुरकायस्थ उच्च सदन में असम का प्रतिनिधित्व करेंगे। इतिहासकार और दिल्ली विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर रही डा. मीनाक्षी जैन ने मनोनीत सदस्य के रूप में राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली।

### इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने से संबंधित प्रस्ताव पर अभी फैसला नहीं

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश को उनके पद से हटाने से संबंधित प्रस्ताव पर एक सदस्य के दो जगह पर हस्ताक्षर हैं और इनकी जांच की जा रही है। सभापति ने सोमवार को सदस्यों को इस मामले की प्रक्रिया से अवगत कराते हुए उच्च सदन में कहा कि यदि किसी प्रस्ताव पर एक ही सदस्य के दो हस्ताक्षर हों और वह सदस्य यह कहे कि दूसरी जगह पर उन्होंने हस्ताक्षर नहीं किए हैं तो मामला गंभीर और दोषपूर्ण हो जाता है। उन्हें गत दिसंबर में अनुच्छेद 124 के अंतर्गत इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश को हटाने के संबंध में एक प्रस्ताव मिला था।

## सार संक्षेप

### पुंछ के स्कूल में पत्थर गिरने से छात्र की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सोमवार को एक स्कूल की इमारत पर बड़ा पत्थर गिरने से एक छात्र की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कलसा भैंच इलाके में सरकारी प्राथमिक विद्यालय के परिसर में पत्थर गिरा, जिससे छह वर्षीय एक छात्र की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। घटना के बाद जिला प्रशासन और स्थानीय निवासियों के साथ पुलिस टीम ने तुरंत बचाव अभियान शुरू किया।

### मांडू में कांग्रेस विधायकों का नवसंकल्प शिविर शुरू

**मांडू/धार।** मध्य प्रदेश कांग्रेस के विधायकों का सोमवार को धार जिले के मांडू में नव संकल्प शिविर का उद्घाटन हुआ, जिसमें पार्टी के विधायकों समेत वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। नव संकल्प शिविर के उद्घाटन समारोह में सेवादल की टीम के साथ प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान से इस शिविर की शुरुआत हुई। शिविर कल तक चलेगा। संकल्प शिविर में वरिष्ठ नेताओं और विशेषज्ञों के साथ मिशन 228 (मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव का वर्ष) की रणनीति बनेगी।

### समस्तीपुर में छात्र की पीट-पीट कर हत्या

**समस्तीपुर।** बिहार में समस्तीपुर जिले के मुसरीघरारी थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक छात्र की पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र धुरलख गांव निवासी मोहम्मद सैफ की गंगापुर गांव के समीप पीट-पीटकर कर हत्या कर दी गई। मोहम्मद सैफ कल शाम अपने घर से निकला था। इसके बाद से वह लापता था। देर रात तक सैफ के घर नहीं आने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की, लेकिन उसका पता नहीं चला। सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### ममता ने शहीद दिवस पर की श्रद्धांजलि अर्पित

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी ने आज पार्टी के प्रमुख वार्षिक राजनीतिक कार्यक्रम शहीद दिवस के अवसर पर 13 शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। बनर्जी ने कहा कि मैं अपने उन 13 साथी सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं जिन्होंने 21 जुलाई, 1993 को माकपा पुलिस की बर्बरता के सामने अपने प्राणों की आहुति दे दी, जिन्होंने उन पर अंधाधुंध गोलीबारी की थी।

# बिहार में एसआईआर पर चर्चा को अड़ा विपक्ष

- विधानसभा में काला कपड़ा पहनकर सदन पहुंचेंगे
- काला कपड़ा पहनकर आज सदन पहुंचेंगे महागठबंधन के सभी विधायक

**पटना,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में कराए जा रहे विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को लेकर मानसून सत्र के पहले दिन विपक्ष ने सदन के बाहर और भीतर जोरदार हंगामा मचाया। सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद महागठबंधन विधायक दल की अहम बैठक हुई जिसमें अगले चार दिनों के भीतर सदन में सरकार को घेरने की रणनीति तय हुई। बढ़ते अपराध और एसआईआर के खिलाफ विपक्ष के विधायक मंगलवार को काला कपड़ा पहनकर विधानसभा आएंगे। विधायक दल की बैठक के बाद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बताया कि सोमवार से विधानसभा का मानसून सत्र का आगाज हुआ है। सोमवार को अभी महागठबंधन के विधायक दल की बैठक हुई है। हम लोगों ने स्पीकर से मांग की है कि मतदाता सूची पुनरीक्षण के मामले पर विधानसभा में चर्चा कराई जाए।



लोकतंत्र जिंदा और उसका अस्तित्व न मिटाया जाए इसके लिए हम लोग यह लड़ाई लड़ेंगे : तेजस्वी यादव

तेजस्वी ने कहा कि लोकतंत्र जिंदा और उसका अस्तित्व न मिटाया जाए, इसके लिए हम लोग यह लड़ाई लड़ेंगे। अगर सरकार और विधानसभा स्पीकर चर्चा के लिए तैयार नहीं होंगे तो आने वाले समय में इन्हें जवाब देते नहीं बनेगा। इसको लेकर हमने सभी नेताओं को चिट्ठी लिखी है। तेजस्वी ने कहा कि संसद में भी विपक्षी दल इस मुद्दे को मजबूती के साथ उठा रहे हैं। इसके साथ ही साथ बिहार में भी मंगलवार को बहुत मजबूत तरीके से हम लोग इस मुद्दे को उठाने जा रहे हैं। सरकार को किसी भी कीमत पर इस मुद्दे पर सदन में चर्चा कराना ही पड़ेगा। उन्होंने बताया कि मंगलवार को महागठबंधन के सभी विधायक काला कपड़ा पहनकर सदन पहुंचेंगे और अपना विरोध दर्ज कराएंगे। वहीं इस दौरान विधान परिषद् की नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी ने वोटर लिस्ट पुनरीक्षण को लेकर भी नीतीश सरकार पर जमकर हमला बोला। राबड़ी देवी ने कहा कि, वोटर लिस्ट से मतदाताओं का नाम काटा जा रहा है।

### नीतीश से नहीं संभल रहा बिहार : राबड़ी देवी



बिहार विधानमंडल के मानसून सत्र का आगाज सोमवार से हो गया है। सत्र के पहले दिन अनुपूरक बजट पेश हुआ। वहीं पहले दिन के कार्यवाही खत्म होने के बाद विधान परिषद् की नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी ने बड़ा बयान दिया। राबड़ी देवी ने सीएम नीतीश को नसीहत दे दी कि वो अपने बेटे को मुख्यमंत्री बना दें। उनका बेटा युवा है। राबड़ी देवी ने कहा कि नीतीश कुमार से बिहार नहीं संभल रहा है। राबड़ी देवी ने कहा कि, बिहार में अपराध बढ़ा रहा है। पूरे बिहार में अपराधिक घटनाएं घट रही है। बिहार का लॉ एंड ऑर्डर ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश बिहार के मुख्यमंत्री हैं, गृह मंत्री भी हैं उनसे अब बिहार नहीं संभल रहा है। राबड़ी देवी ने सीएम नीतीश को नसीहत देते हुए कहा कि सीएम नीतीश अपने बेटे को मुख्यमंत्री बना दें...उनका बेटा युवा है...युवा को मुख्यमंत्री बना दें।

# कांग्रेस के सभी विधायक सांसद सभी मुद्दों पर हैं एक मत : केशव महतो

**रांची,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि हमारे सभी विधायक सांसद सभी मुद्दों पर एक मत हैं और उनके बीच कोई मतभेद-मनभेद नहीं है। कमलेश ने सोमवार को यहां पार्टी कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को उनके 83 में जन्मदिवस पर प्रदेश कांग्रेस की ओर से हार्दिक बधाई देते हुए उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु होने की कामना की।

उन्होंने उम्मीद किया कि खरगे के निर्देशन में संगठन दिनों दिन मजबूती से कार्य करेगा और उनका स्नेह और सहयोग कार्यकर्ताओं को मिलता रहेगा। कमलेश ने कहा कि 25 जुलाई को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस ओबीसी विभाग की ओर से भागीदारी न्याय सम्मेलन का आयोजन किया गया है जिसके उद्घाटन समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लोस में विपक्ष के नेता राहुल गांधी उपस्थित रहेंगे। पिछले कुछ दिनों से मीडिया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से संगठन एवं मंत्रियों के बारे में भ्रामक समाचार प्रचारित प्रसारित करने की कोशिश की जा रही है।

विगत दिनों ग्रामीण विकास



### भागीदारी न्याय सम्मेलन में शामिल होंगे कार्यकर्ता

केशव ने कहा कि सम्मेलन में झारखंड से सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आम लोग अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। संगठन सृजन के तहत जिला प्रखंड एवं मंडल स्तर तक नियुक्ति हो गई है अभी सभी जिलों में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। माह के अंत तक सभी जिलों में संगठन सृजन के तहत समितियों के गठन का कार्य पूरा कर लिया जाएगा तथा 15 अगस्त तक बीएलए स्तर तक गठन करके संगठन सृजन का कार्य पूर्ण हो जाएगा।

## आंध्र में महिलाओं के लिए मुफ्त बस सेवा का निर्देश

**विजयवाड़ा,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने अधिकारियों को 15 अगस्त से महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा लागू करने के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया है। नायडू ने अधिकारियों को 15 अगस्त से लागू होने वाली आरटीसी मुफ्त बस यात्रा योजना के तहत महिला यात्रियों को शून्य किराया टिकट जारी करने का निर्देश दिया है। सोमवार को मुख्यमंत्री ने सचिवालय में अधिकारियों के साथ महिलाओं के लिए आरटीसी मुफ्त बस यात्रा योजना की समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि टिकट में यात्रा मार्ग, मुफ्त सेवा से बचत की गई राशि और सरकार द्वारा दी जाने वाली पूरी 100 प्रतिशत सब्सिडी जैसी जानकारी शामिल होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'शून्य किराया टिकट' जारी करने से महिला यात्रियों को उन्हें मिलने वाले लाभों को स्पष्ट रूप से समझने में मदद मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को इस उद्देश्य के लिए आवश्यक सॉफ्टवेयर विकसित करने के निर्देश दिए।

# संसद में राहुल गांधी उठाएं मुसलमानों की आवाज : महबूबा

**श्रीनगर,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पत्र लिखकर उनसे संसद में मुसलमानों के कथित 'रोज़ाना उत्पीड़न, बेदखली और अधिकारों के हनन' पर चिंता व्यक्त करते हुए इस मुद्दे को उठाने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि 'घृणा और भय' से बढ़ते माहौल में, कई लोग उम्मीद खो चुके हैं और पूरी तरह से असहाय महसूस कर रहे हैं और इस महत्वपूर्ण क्षण में, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी उन लोगों के लिए आशा की एक दुर्लभ किरण बनकर खड़े हैं जो खुद को भुलाए हुए और बेआवाज़ महसूस करते हैं। महबूबा ने कांग्रेस नेता राहुल को लिखे अपने पत्र में लिखा, बांग्लादेशियों और 'रोहिंग्याओं' को निशाना बनाने के बहाने मुसलमानों को लगातार निराशाजनक परिस्थितियों में धकेला जा रहा है। जैसा कि आपने असम की अपनी यात्रा के दौरान सही कहा था कि हजारों मुसलमानों के घरों को बड़े पैमाने पर तोड़ा जाना बेहद परेशान करने वाला है। उन्होंने कहा कि बिहार में चुनाव आयोग की एसआईआर प्रक्रिया संबंधी घटनाक्रम मुसलमानों को बेदखल करने, उनकी शक्ति को कम करने और अंततः उनके अधिकारों से वंचित करने का एक और व्यवस्थित प्रयास प्रतीत होता है। यह प्रतीकात्मक और शाब्दिक रूप से उनकी मौजूदगी को प्रभावी ढंग से मिटा रहा है। पीडीपी प्रमुख ने कहा, विभाजन के दौरान जिन मुसलमानों ने भारत में रहने का फैसला किया।



- पीडीपी प्रमुख ने कांग्रेस नेता को लिखा पत्र


**निर्णय** — गुजरात में स्वामित्व योजना के तहत भूपेंद्र सरकार का अहम निर्णय

# संपत्तिधारकों को सनद पाने के वित्तीय बोझ से मिलेगी मुक्ति

**गांधीनगर, 21 जुलाई (एजेंसियां)। गुजरात में स्वामित्व योजना के तहत राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के संपत्ति धारकों को उनकी रिहायशी संपत्ति यानी मकानों के मालिकाना हक को दर्शाने वाली 'सनद' (स्वामित्व प्रमाण पत्र) निःशुल्क दी जाएगी। सरकारी सूत्रों ने सोमवार को बताया कि राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के संपत्ति धारकों पर सनद प्राप्त करने के लिए जो वित्तीय बोझ पड़ता था, उसे दूर करने के लिए।**

संवेदनशील दृष्टिकोण के साथ यह निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय ने ग्रामीण क्षेत्रों के संपत्ति धारकों को प्रॉपर्टी कार्ड प्रदान करने के उद्देश्य से स्वामित्व योजना शुरू की है।

ग्रामीण क्षेत्रों में उन्नत प्रौद्योगिकी के साथ गांवों की आबादी का सर्वेक्षण और मानचित्रण' (स्वामित्व) योजना के तहत ड्रोन टेक्नोलॉजी के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों के आबादी वाले क्षेत्रों की संपत्तियों का ड्रोन सर्वेक्षण कर ग्रामीण लोगों को संपत्ति कार्ड प्रदान किए जाते हैं। ऐसे संपत्ति कार्ड की पहली प्रति संपत्ति धारकों को निःशुल्क प्रदान की जाती है। पटेल ने भूमि राजस्व अधिनियम 1879 के प्रावधान के अनुसार संपत्ति धारकों से 200 रुपए का सर्वेक्षण शुल्क लेकर दी जाने वाली सनद यानी स्वामित्व प्रमाण पत्र अब ग्रामीण संपत्ति धारकों को निःशुल्क प्रदान करने का निर्णय किया है। उनके इस निर्णय के परिणामस्वरूप अब राज्य में 'स्वामित्व' योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के संपत्ति धारकों को प्रॉपर्टी कार्ड की प्रति के अलावा उनके रिहायशी मकान के मालिकाना अधिकार को दर्शाने वाली 'सनद' भी निःशुल्क मिलेगी। गुजरात सरकार राज्य में इस प्रकार की अनुमानित 25 लाख ग्रामीण संपत्तियों की सनद वितरण के लिए 50 करोड़ रुपए का वित्तीय बोझ वहन करेगी। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों के अदने, गरीब और मध्यमवर्गीय संपत्ति धारकों को सनद प्राप्त करने के लिए 200 रुपए के शुल्क से मुक्ति देने के इस संवेदनशील दृष्टिकोण के साथ न केवल ग्रामीण नागरिकों के लिए उनकी संपत्ति के अधिकार को दर्शाने वाली सनद प्राप्त करना आसान बना दिया है, बल्कि 'ईज ऑफ लिविंग' को भी साकार किया है।



- अनुमानित 25 लाख लोगों को मिलेगा लाभ

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू की गई स्वामित्व योजना का उद्देश्य ड्रोन टेक्नोलॉजी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के आबादी वाले क्षेत्रों की संपत्तियों का ड्रोन सर्वेक्षण कर ग्रामीण जनता को संपत्ति कार्ड यानी प्रॉपर्टी कार्ड प्रदान करना है। इस प्रॉपर्टी कार्ड के माध्यम से ग्रामीण नागरिकों को उनकी संपत्तियों पर कानूनी अधिकार प्राप्त होता है, साथ ही यह उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त भी बनाता है।

प्रॉपर्टी कार्ड के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में और अधिक तेजी देखने को मिलेगी, ग्रामीण विकास के आयोजन के लिए निश्चित भूमि रिकॉर्ड तैयार होंगे, एक निश्चित कर की वसूली होगी और संपत्ति से जुड़े विवाद और कानूनी मामलों में कमी आएगी।

देशबन्धु

बिलासपुर, मंगलवार 22 जुलाई 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## सड़क निर्माण करवाने की अनोखी कहानी

मध्यप्रदेश की लीला साहू का संघर्ष रंग लाया, सड़क निर्माण शुरु हुआ। लीला के संघर्ष का दिखा असर, अब गांव तक पहुंचेगी एंबुलेंस, सड़क बननी शुरु। कुछ इसी तरह के शीर्षकों के साथ यह समाचार देखने मिला। मामला मध्यप्रदेश के सीधी जिले का है, जहां रामपुर नैकिन विकासखंड इलाके के खड्डीखुर्द के बगैयाटोला से गजरी को जोड़ने वाली सड़क पिछले 10 सालों से बेहद खराब स्थिति में है। लेकिन अब उस सड़क का निर्माण शुरु हुआ है। हालांकि इसके पीछे सरकारी तंत्र से भिड़ने की कथा संलग्न है। इस इलाके में सड़क के नाम पर उबड़-खाबड़ रास्ते पर वाहनों का आना मुश्किल है। जब बुनियादी सुविधाओं के नाम पर वोट दिया है, तो फिर सरकार अपने वादों को पूरा क्यों नहीं करती, इस सवाल के साथ लीला साहू नाम की महिला पिछले एक साल से लगातार संघर्ष कर रही थीं। उन्हें सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर भी बताया जाता है। गांव की खराब सड़क के वीडियो बनाकर लीला साहू ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए और सीधी जिले के कलेक्टर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, राज्य के मुख्यमंत्री मोहन यादव, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह और सांसद राजेश मिश्रा से सड़क निर्माण की मांग की। श्रीमती साहू ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर सड़क की दुर्दशा दिखाई, जिससे भाजपा सरकार की काफी किरकिरी हुई। लीला साहू का कहना था कि खराब सड़क होने से गांव की छह गर्भवती महिलाओं को अस्पताल जाने के लिए एंबुलेंस उनके घर तक नहीं पहुंच पाएगी। बता दें कि लीला साहू खुद गर्भवती हैं, लिहाजा उन्हें खुद के सही सलामत अस्पताल पहुंचने की चिंता तो है ही, अपने इलाके की अन्य गर्भवती महिलाओं की तरफ से भी उन्होंने आवाज उठाई।

लीला साहू ने कहा कि मैंने आपको अपना वोट दिया है। देश और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है। इसके बावजूद हमारे गांव में अभी तक सड़क नहीं बन पाई है। इतनी अपील के बावजूद सरकार की तरफ से कोई भी जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी इस सड़क को देखने नहीं आए हैं। इस गांव में 6 महिलाएं गर्भावस्था में हैं। अगर उनको एंबुलेंस की सुविधा नहीं मिली अगर कुछ भी हो सकता है। जिसकी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन पर होगी। मेरा प्रसव का समय आ रहा है। देखना है कि आपकी कितनी सुविधाएं मिलती हैं।

जब लीला साहू का वीडियो वायरल हुआ और इस पर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह और सांसद डॉ. राजेश मिश्रा से पत्रकारों ने सवाल किए तो बदले में बेतुके जवाब मिले। लीला साहू की मांग पर राजेश मिश्रा ने कहा था कि चिंता की क्या बात है। हमारे पास एंबुलेंस है, अस्पताल है, आशा कार्यकर्ता है, हम व्यवस्था करेंगे। डिलीवरी की एक संभावित तिथि होती है, बताएं तो हम एक हफ्ते पहले उठा लेंगे, अस्पताल में भर्ती करवा देंगे। वहीं राकेश सिंह ने कहा था कि अगर सोशल मीडिया पर कोई कुछ भी पोस्ट कर देगा तो क्या हम वहां सड़क बना देंगे? हर चीज के नियम होते हैं। ऐसे तो हर कोई वीडियो बनाकर समस्या बताने लगेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे कई स्थान हैं जहां सड़क की मांग है। पीडब्ल्यूडी या किसी भी विभाग के पास इतना बजट नहीं होता कि किसी की सोशल मीडिया पोस्ट पर हम सीमेंट-कांक्रीट या डंपर लेकर सड़क बनाने पहुंच जाएं। कौन-सी सड़क कौन बनाएगा, इसकी व्यवस्था तय है। विभाग की अपनी सीमाएं हैं।

बहरहाल, इन जवाबों पर भी भाजपा के रवैये पर सवाल उठे और आखिरकार जिला प्रशासन ने बारिश के समय सड़क निर्माण का प्रारंभिक कार्य शुरू कर दिया है। लीला साहू ने खुद सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर जेसीबी मशीन और रोलर के साथ सड़क निर्माण कार्य दिखाया और खुशी जाहिर की है। लेकिन क्या इस मामले को अंत भला तो सब भला कहकर समाप्त माना जाए या फिर इसे लोकतंत्र में एक नए अध्याय की शुरुआत कहा जाए, जिसमें अब जनता को खुद तमाम तरह के जोखिम मोल लेकर सरकार और प्रशासन को आईना दिखाना पड़ेगा, उन्हें याद दिलाना पड़ेगा कि उनकी जिम्मेदारी क्या है। जैसी सड़कें सीधी जिले की हैं, वैसे देश भर के गांवों की सड़कें हैं, यदा-कदा कोई अपवादस्वरूप अच्छी सड़क दिख जाए, तो अलग बात है। सड़कों के साथ-साथ सरकारी अस्पतालों, शिक्षण संस्थानों, परिवहन विभाग के वाहनों, पुल-पुलियों, हर जगह इतनी बदहाली है जिनके बारे में लिखते हुए पोथियां भर जाएं। मोदी सरकार की तरह इसके लिए हम केवल 11 सालों के शासन को दोषी नहीं ठहरा सकते, बल्कि आजादी के बाद से यही हाल है कि आम जनता बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य इन सब बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष करती आ रही है। इस दौर में केंद्र और राज्यों में कांग्रेस, भाजपा जैसे बड़े दलों के साथ-साथ क्षेत्रीय दलों और गठबंधनों की सरकारें रहीं, इसलिए किसी एक पर दोष नहीं मढ़ा जा सकता। लेकिन इसमें व्यवस्था को सुधारने की जगह नियति मान लेने की जो मानसिकता बन गई है, उसे अवश्य दोषी ठहराया जा सकता है।

इस नियति को मानने से इंकार करते हुए कहीं दशरथ मांझी पहाड़ तोड़कर सड़क बनाते हैं, तो कहीं अरविंद पिल्लालमरी और रवि कुचिमांची जैसे लोग अपने गांव में बिजली लाने की व्यवस्था करते हैं (2004 में आई फिल्म स्वदेश इन्हीं से प्रेरित है) और कहीं लीला साहू अब सोशल मीडिया के जरिए सरकार तक अपनी समस्या पहुंचाती हैं। बीते कुछ समय से सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर बनने का नया चलन निकल पड़ा है और हर उम्र के लोग खुद को स्क्रीन पर दिखाने के शौक इसके जरिए पूरा कर रहे हैं। इसमें कई बार अश्लीलता और नैतिकता जैसे सवालों पर विवाद भी खड़े होते हैं। हालांकि सोशल मीडिया का बेहतर इस्तेमाल कैसे हो सकता है यह लीला साहू ने दिखाया है, इसके लिए उन्हें साधुवाद। नेता इस सवाल को उठा सकते हैं कि ऐसे तो कोई भी सोशल मीडिया पर समस्या दिखाए तो क्या हम उसे सुलझाने पहुंच जाएं। लेकिन उसका जवाब यही है कि जब लोकतंत्र में राजनीति का पेशा आपने चुना है तो फिर उसकी जिम्मेदारियां निभाने तैयार होना ही पड़ेगा। सोशल मीडिया पर समस्या उठे, इससे पहले उन्हें अपने इलाके की समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए। हमारी सीमाएं हैं, ऐसा कहकर नेता अपनी जिम्मेदारी से बरी नहीं हो सकते। और तब तो बिल्कुल नहीं जब सरकार आपकी हो।


# संघ का शिक्षा एजेंडा : न पढ़ेंगे न पढ़ने देंगे

यह संयोग हर्गिज नहीं है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ या आरएसएस की स्थापना की शताब्दी के इस वर्ष में शिक्षा का क्षेत्र और उसमें भी खासतौर पर आरंभिक शिक्षा का क्षेत्र लगातार खबरों में है। जाहिर है कि शिक्षा का यह क्षेत्र किन्हीं अच्छे कारणों से खबरों में नहीं है। वह नकारात्मक विवादों के लिए खबरों में है। इस क्रम में ताजातरीन विवाद, देश भर में स्कूली पाठ्यक्रमों के लिए मानक पाठ्यक्रम तथा पाठ्य पुस्तकें तैयार करने वाली केंद्रीय संस्था, राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद या एनसीईआरटी द्वारा आठवीं तक की कक्षाओं के लिए जारी की गयी सामाजिक विज्ञान की और उसमें भी विशेष रूप से इतिहास की पाठ्य पुस्तकों को लेकर उठा है।

विवादित पाठ्य पुस्तकों में, इन्हीं विषयों की पिछली पाठ्य पुस्तकों से जो भारी बदलाव किए गए हैं, उनका मुख्य मकसद भारतीय इतिहास की और विशेष रूप से मध्यकालीन इतिहास की आरएसएस की सांप्रदायिक धारणाओं तथा आग्रहों को, लड़कपन की उम्र से ही बच्चों के मन में, इतिहास के रूप में बैठाना है। सहज ही यह अनुमान लगाया जा सकता है कि इसके लिए की गयी कतरब्योंत में मुस्लिम शासकों के दौर पर खासतौर पर कैंची चलायी गयी होगी। यहां तक कि टीपू सुल्तान और ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ उसकी लड़ाइयों का जिक्र तो सिरे से ही गायब कर दिया गया है। सभी जानते हैं कि अपने राजनीतिक बाजुओं के जरिए, आरएसएस को जब से भी देश की सत्ता तक किसी भी तरह से पहुंच हासिल हुई है, उसने बच्चों की पाठ्यपुस्तकों के सांप्रदायिक पुनर्लेखन पर खास ध्यान दिया है।

इस सिलसिले की औपचारिक शुरूआत तो 1978 में ही हो गयी थी, जब इमरजेंसी राज की हार के बाद बनी जनता पार्टी की सरकार के माध्यम से, पहली बार आरएसएस के राजनीतिक बाजू, जनसंघ को केंद्र में सरकार तक पहुंच हासिल हुई थी। यह दूसरी बात है कि आरएसएस से संबंध के रूप में दोहरी सदस्यता के मुद्दे पर, इमरजेंसी के विरोध के आधार पर बनी जनता पार्टी में विभाजन हो गया, जिसका जनसंघ घटक नयी राजनीतिक पार्टी का हिस्सा रहते हुए भी, आरएसएस के प्रति वफादारी बनाए रखने की छूट चाहता था। इस विभाजन के चलते जनता पार्टी की सरकार ज्यादा नहीं चल पायी। और चौतरफा विरोध के चलते, जिसमें खुद जनता पार्टी के दूसरे घटकों में से विरोध भी शामिल था, स्कूली पाठ्य पुस्तकों का सांप्रदायिक पुनर्लेखन करने की ये शुरूआती कोशिशें भी ज्यादा असर नहीं दिखा पायीं।

इन कोशिशों को बड़ा बढ़ावा मिला 1998 में भाजपा के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनने के बाद। वाजपेयी सरकार में शिक्षा मंत्रालय, मुरली मनोहर जोशी ने संभाला, जो एक ओर अगर शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े रहे थे, तो दूसरी ओर आरएसएस के बहुत पुराने स्वयंसेवक थे। 2004 तक चले इस दौर में बाकायदा इतिहास के पुनर्लेखन की घोषणाएं की गयीं और इतिहास की पाठ्य पुस्तकों में काट-छांट से लेकर, ज्योतिष, वास्तुशास्त्र जैसे पोंगापंथी विषयों को विधिवत पाठ्यक्रम में स्थान दिलाए जाने की शुरूआत की गयी। फिर भी, अब जो हो रहा है उसे देखते हुए, यह कहना ही पड़ेगा कि इतिहास का सांप्रदायिक पुनर्लेखन करने में मुरली मनोहर जोशी के नेतृत्व में शिक्षा मंत्रालय को तब, कोई बहुत ज्यादा सफलता नहीं मिल पायी थी। बेशक, इसका संबंध इससे भी है कि इन कोशिशों का राजनीतिक ही नहीं अकादमिक हल्कों से भी जो तीखा विरोध हो रहा था, उसकी थोड़ी-बहुत प्रतिध्वनि तत्कालीन सरकार में भी सुनाई देती थी, जो गठबंधन की मजबूरियों से भी मुक्त नहीं थी। फिर भी शिक्षा की धर्मनिरपेक्ष तथा जनतांत्रिक धारा



राजेन्द्र शर्मा

> विवादित पाठ्य पुस्तकों में, इन्हीं विषयों की पिछली पाठ्य पुस्तकों से जो भारी बदलाव किए गए हैं, उनका मुख्य मकसद भारतीय इतिहास की और विशेष रूप से मध्यकालीन इतिहास की आरएसएस की सांप्रदायिक धारणाओं तथा आग्रहों को, लड़कपन की उम्र से ही बच्चों के मन में, इतिहास के रूप में बैठाना है।

को इस दौर में इतनी चोट तो पहुंचा ही दी गयी थी कि स्कूली शिक्षा को उसके धक्के से उबारते हुए, दोबारा पटरी में लाने के लिए, यूपीए के राज में काफी बड़ी कवायद करनी पड़ी थी।

2014 से भाजपा के नेतृत्व में, गठबंधन की मजबूरियों से मुक्त और आरएसएस के प्रत्यक्ष हस्तक्षेप से युक्त सरकार आने के बाद से, 2004 में अधूरे छूट गए इतिहास के सांप्रदायिक पुनर्लेखन को आम तौर पर और स्कूली शिक्षा में खासतौर पर, ताबड़तोड़ आगे बढ़ाया गया है। आठवीं कक्षा तक की पाठ्यपुस्तकों का लगभग पूर्ण सांप्रदायीकरण, जिस पर इस समय बहस सुनाई दे रही है, इसी लंबी प्रक्रिया का नतीजा है। ताजातरीन झटके में, एक ओर तो मुस्लिम शासनों की चर्चा को इतना सिकोड़ दिया गया है कि रजिया सुल्तान तथा नूरजहां जैसे ताकतवर शासकीय व्यक्तियों का जिक्र ही गायब कर दिया गया है, तो दूसरी ओर बाबर से लेकर औरंगजेब तक, सभी मुगल शासकों को आधुनिक अर्थ में क्रूर, दमनकारी तथा धार्मिक अत्याचार करने वाले शासकों के रूप में चित्रित किया गया है और अकबर तक को नहीं बख्शा गया है। उसी परियोजना के दूसरे पहलू के रूप में हिंदू राजाओं के ठीक इन्हीं 'गुणों' का जिक्र ही न करते हुए, उनका ज्यादा से ज्यादा महिमामंडन किया गया है।

लेकिन, बात सिर्फ मुस्लिम शासकों को काले रंग से पोते जाने तक सीमित नहीं रहती है। इससे आगे, बाकायदा एक सामान्यीकरण तक भी जाती है, जिसमें खासतौर पर भारतीय इतिहास के मुस्लिम दौर को 'अंधेरे दौर' या अंधकार युग के रूप में चिन्हित किया गया है। यह सांप्रदायीकरण के सिलसिले को, गुणात्मक रूप से एक नये स्तर पर पहुंचा देता है। दिलचस्प यह है कि आधुनिक भारतीय इतिहास लेखन के इतिहास की जानकारी नहीं रखने वालों को ही 'अंधेरे दौर' की इस खोज में कुछ भी नया लग सकता है। वास्तव में यह भारतीय इतिहास लेखन के उस पश्चिमी औपनिवेशिक मॉडल की ही नयी पैकेजिंग है, जिसमें ब्रिटिश-पूर्व भारतीय इतिहास को मोटे तौर पर मुस्लिम-पूर्व प्राचीन काल और मुस्लिम मध्यकाल में विभाजित किया जाता था। इसमें प्राचीन गौरवपूर्ण या स्वर्णयुग था और मध्यकाल, इस गौरव के हरण का काल यानी इस दृष्टि के हिसाब से हिंदुओं और मुसलमानों के अनवरत टकराव का काल या हिंदुओं के दमन का काल। लेकिन, इस नयी पैकेजिंग में भी नया सिर्फ इतना है कि योरोपीय इतिहास के काल विभाजन में मध्य युग के लिए 'डार्क एज' की जिस संज्ञा का प्रयोग किया जाता है, उसी का ज्यों का त्यों अनुवाद कर दिया गया है। गैर-प्राचीन भारतीय इतिहास की, योरोपीय इतिहास से भिन्नता की कोई थोड़ी-बहुत गुंजाइश अब तक रहती भी थी तो उसे, इस 'अंधकार युग' के आयात से पाट दिया गया है।

स्कूली पाठ्य पुस्तकों के इस प्रसंग से ठीक पहले, स्कूली शिक्षा से ही संबंधित जो प्रसंग चर्चा में था, उसका संबंध हजारों की संख्या में सरकारी स्कूलों के बंद किए जाने से है। विशेष रूप से उत्तर प्रदेश में यह मामला चर्चा में आया था, जहां इसी साल स्कूलों के मर्जर के नाम पर 5 हजार से ज्यादा स्कूलों के बंद किए जाने की खबर आयी है। सत्ताधारी भाजपा के बहुत ही सख्त मीडिया नियंत्रण के बावजूद, सोशल मीडिया में और थोड़ा-बहुत परंपरागत मीडिया में भी, अपने स्कूल बंद किए जाने के खिलाफ छोटे-छोटे स्कूली बच्चों के भावुक करने वाले प्रदर्शनों ने ध्यान खींचा है। ये बच्चे रो-रोकर सरकार से गुहार लगा रहे थे कि उनके स्कूल बंद नहीं किए जाएं। इसी क्रम में जगह-जगह पर लगाए गए एक बैनर ने भी ध्यान खींचा—मधुशाला नहीं, पाठशाला! दरअस्ल, यह बैनर भी तब वायरल हुआ जब योगी प्रशासन इस बैनर को हर जगह से हटवाने के लिए, सड़कों पर उतरा।

कहने की जरूरत नहीं है कि मर्जर या तार्किकीकरण आदि, आदि नामों से, छात्रों की संख्या पचास से कम होने के आधार पर, सरकारी स्कूलों को ही बंद करने के इस खेल की, उत्तर प्रदेश-मध्य प्रदेश जैसे उत्तर भारतीय राज्यों में, जहां पढ़ाई का स्तर आम तौर पर काफी दरिद्र है, गरीबों की शिक्षा पर बहुत भारी मार पड़ रही है। याद रहे कि स्कूलों का बंद किया जाना, भाजपा सरकारों की नीति का ही हिस्सा है। तभी तो 2014 से अब तक, देश भर में पूरे 89,441 स्कूल इस तरह से बंद किए जा चुके हैं। और इनमें से 60 फीसद स्कूल मध्य प्रदेश तथा उत्तर प्रदेश में ही बंद किए गए हैं। इस सब को देखते हुए हैरानी की बात नहीं है कि 2021 से 2024 के बीच तीन साल में देश भर में, पहली से आठवीं कक्षा तक के दो करोड़ छात्र पढ़ाई छोड़कर घर बैठ गए हैं। उत्तर प्रदेश में ही, जहां इस साल पांच हजार स्कूलों को बंद किया जा रहा है, 2022-23 और 2023-24 के बीच, 1,33,035 सरकारी प्राइमरी तथा मिडिल स्कूलों में, छात्रों के दाखिलों में पूरे 24 लाख की कमी हुई थी। इस तरह, नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के नाम पर, स्कूली शिक्षा के बुनियादी ढांचे को ही ढहाया जा रहा है। जाहिर है कि यह राजनीतिक स्वार्थों के लिए भावनाएं कुरेदने का ऐसा खेल है, जिसमें छात्रों के वास्तविक हितों की आहुति दी जाती है।

एनईपी की आड़ में और आरएसएस के एजेंडे के खातिर, स्कूली शिक्षा के ही ध्वस्त किए जाने का ऐसा ही एक और प्रसंग जो पिछले दिनों चर्चा में रहा है, स्कूली शिक्षा में हिंदी थोपे जाने की कोशिशों का है। वैसे यह कोशिश हिंदी थोपने पर ही रुकने वाली नहीं है। जम्मू-कश्मीर से आ रहीं, उप-राज्यपाल के नेतृत्व में राज्य में स्कूली बच्चों पर संस्कृत थोपे जाने की खबरें, इस मुहिम के अगले चरण की ओर इशारा कर देती हैं। बहरहाल, जैसाकि महाराष्ट्र का पहली कक्षा से हिंदी अनिवार्य करने की कोशिश के व्यापक प्रतिरोध का अनुभव दिखाता है, इस तरह की कोशिशें आसानी से लोगों को हजम होने वाली नहीं हैं। तमिलनाडु के बाद, महाराष्ट्र में भी मोदी सरकार को त्रिभाषा फार्मूला थोपने की अपनी कोशिशों को वापस लेना पड़ा है। लेकिन, जाहिर है कि उस टकराव के बाद, जिसमें आम तौर पर शिक्षा का और खासतौर पर हिंदी का भी नुकसान तो हो चुका था।

लेकिन, सत्ताधारी संघ-भाजपा के लिए, उसकी हिंदी को आगे बढ़ाने की मुहिम भी तो, उसके विभाजनकारी प्रचार का ही हिस्सा, जहां हिंदी को 'शासक की भाषा' के रूप में थोपने की कोशिश की जाती है। इससे हिंदी की कितनी प्रगति होती है या दुर्गति होती है, इसकी उन्हें परवाह नहीं है। इसीलिए, वे कभी इसकी चिंता करते नहीं मिलेंगे कि क्या हुआ कि मध्य प्रदेश में तीन साल पहले बड़े तामझाम के साथ, मेडीकल की पढ़ाई हिंदी में कराने के लिए हिंदी में पाठ्य पुस्तकें तैयार कराने तथा धूम-धड़ाके से उनके जारी किए जाने के बाद, अब यह सच सामने आ रहा है कि राज्य के किसी भी मेडीकल कालेज में एक भी छात्र ने, हिंदी में परीक्षा नहीं दी है।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**

# मोदी की बंगाल रैली प्रदेश भाजपा में जोश भरने में नाकाम

■ **तीर्थंकर मित्रा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले सप्ताह शुक्रवार को दुर्गापुर रैली में पश्चिम बंगाल में 2026 के विधानसभा चुनावों का बिगुल फूंका, जो एक कमज़ोर आह्वान ही साबित हुआ। उनकी रैली बंगाल भाजपा में जोश भरने में भी नाकाम रही। उन्होंने भाजपा के प्रति बंगाली भावना को भड़काने के लिए अपने 34 मिनट के संबोधन में बंगाली 'अस्मिता' (गौरव) की बात की, लेकिन राज्य में उनकी प्रमुख राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी ममता बनर्जी ने पहले ही कई भाजपा शासित राज्यों में बंगाली भाषी लोगों को बांग्लादेशी बताये जाने के विरोध में कोलकाता में एक विशाल जुलूसनिकालकर उन्हें मात दे दी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने रैली के दौरान कहा, 'जहां भी भाजपा है, बंगाली सुरक्षित हैं।' बंगालियों को बांग्लादेशी बताये जाने की घटनाओं को देखते हुए, जो तृणमूल सुप्रीमो बनर्जी के लिए चुनावी मुद्दा बन गई हैं, भाजपा के मुख्य वोट बटोरने वाले नेता ने इस बयान से खुद ही अपने पैर पर कुल्हाड़ी मार ली है, और वह बचाव की मुद्रा में हैं।

> पश्चिम बंगाल रैलियों के लिए यह कोई नई बात नहीं है। लेकिन यह अच्छी तरह जानते हुए कि दुर्गापुर, जो कभी पश्चिम बंगाल का एक हलचल भरा औद्योगिक केंद्र था, अब भगवा का गढ़ नहीं रहा, राज्य पार्टी प्रमुख समिक भट्टाचार्य इस औद्योगिक नगरी में घर-घर जाकर प्रधानमंत्री की रैली के निमंत्रण बांट रहे थे।

इस पृष्ठभूमि में, प्रधानमंत्री द्वारा पश्चिम बंगाल में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा का समर्थन करने का आह्वान बेतुका था। बंगाली गौरव को सम्मान देने के लिए कवि विष्णु डे और अग्रणी महिला चिकित्सक कादम्बिनी गांगुली का जिक्र करना खोखला था।

दुर्गापुर के नेहरू स्टेडियम और उसके आसपास मौजूद श्रोताओं ने अपने संबोधन में पश्चिम बंगाल के धरतीपुत्रों के प्रति पूर्वाग्रह की झलक देखी, जब प्रधानमंत्री मोदी ने कड़ी कार्रवाई यानी गैर-भारतीय नागरिकों को देश की धरती से निर्वासित करने की बात कही। जिन लोगों पर घुसपैठिए होने का आरोप लगाया गया था, उनमें से कई की कड़ी जांच के बाद पता चला कि वे भारतीय नागरिक हैं और इसी राज्य के निवासी हैं।

लेकिन प्रधानमंत्री के भाषण में विरोध का एक शब्द भी नहीं था। असम और ओडिशा के उन हिस्सों में बंगालियों के उत्पीडन् पर, जहां भाजपा सत्ता में है, प्रधानमंत्री मोदी ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। बेशक, उन्होंने बांग्लादेश से घुसपैठ का डर दिखाया, जिससे राज्य की जनसांख्यिकी बदलने का खतरा मंडरा रहा है।

लेकिन केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन केंद्रीय एजेंसी, बीएसएफ, जो घुसपैठियों से सीमाओं की सुरक्षा करती है, पर कोई आरोप-प्रत्यारोप नहीं लगाया गया। प्रधानमंत्री का वाकयुद्ध पूरी तरह से तृणमूल कांग्रेस की राज्य सरकार की कमियों के खिलाफ था।

राज्य भाजपा नेतृत्व प्रधानमंत्री की रैली स्थल पर पर्याप्त भीड़ की उपस्थिति को लेकर अनिश्चित दिखाई दिया। आखिरकार, भाजपा दुर्गापुरआसनसोल लोकसभा सीट पर हार गयी थी जहां रैली आयोजित की गई थी।

पश्चिम बंगाल रैलियों के लिए यह कोई नई बात नहीं है। लेकिन यह अच्छी तरह जानते हुए कि दुर्गापुर, जो कभी पश्चिम बंगाल का एक हलचल भरा औद्योगिक केंद्र था, अब भगवा का गढ़ नहीं रहा, राज्य पार्टी प्रमुख समिक भट्टाचार्य इस औद्योगिक नगरी में घर-घर जाकर प्रधानमंत्री की रैली के निमंत्रण बांट रहे थे।

दुर्गापुर में सार्वजनिक और निजी, दोनों क्षेत्रों की सुस्त और बंद पड़ी औद्योगिक इकाइयां मौजूद हैं। केंद्र सरकार की उदारता से निकट भविष्य में उन्हें पुनर्जीवित करने का कोई जिक्र प्रधानमंत्री के भाषण में नहीं था।

दक्षिण बंगाल, जहां दुर्गापुर स्थित है, राज्य के उत्तरी हिस्से की तरह भगवा खेमे के लिए कोई ख़ास आकर्षण का केंद्र नहीं है। प्रधानमंत्री की रैली से राज्य के इस हिस्से में उनकी पार्टी की चुनावी संभावनाओं में कोई सुधार नहीं हुआ।

इस रैली ने बंगाल में गहरी दरारों को उजागर कर दिया। राज्य भगवा इकाई के संगठनात्मक ढांचे पर सवाल उठ रहे हैं। पार्टी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री मोदी के राज्य प्रमुख भट्टाचार्य, विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी और पूर्व राज्य प्रमुख दिलीप घोष के साथ मंच साझा करने का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे थे। लेकिन पार्टी आलाकमान के आमंत्रण के बिना, घोष ने प्रधानमंत्री की रैली में शामिल न होने का फैसला किया। वह राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे और राष्ट्रीय पार्टी प्रमुख जेपी नड्डा के सामने अपना पक्ष रखा और उनसे समाधान की मांग की।

प्रधानमंत्री ने राज्य इकाई के संगठनात्मक ढांचे को मज़बूत करने का कोई आह्वान नहीं किया। भाजपा के पास अभी तक सभी मतदान केंद्रों पर तैनात करने के लिए पर्याप्त संख्या में कार्यकर्ता नहीं हैं। इसका कारण पूरे राज्य में कार्यकर्ताओं के एक मजबूत और एकसमान आधार का अभाव है। महिलाओं पर अपराध के विरोध में शहर में हुए विभिन्न आंदोलनों में भाजपा की अनुपस्थिति साफ़ दिखाई दी।

शायद प्रधानमंत्री ने राज्य इकाई की संगठनात्मक कमज़ोरी को बढ़ावा देने का विकल्प नहीं चुना। लेकिन सच्चाई यह है कि इसे नजरअंदाज़ नहीं किया जा सकता और यह आगामी चुनावी जंग में पार्टी के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है। नरेंद्र मोदी भाजपा संगठन को वह गतिशीलता प्रदान करने में विफल रहे जिसकी इस समय ज़रूरत थी। यह दौरा विभाजित भाजपा को कोई अतिरिक्त ऊर्जा प्रदान करने में विफल रहा है।

## आपके पत्र

### यातायात नियमों का पालन नहीं करने से सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी

देश में हर रोज सैकड़ों सड़क दुर्घटनाएं हो रहीं है। इन दुर्घटनाओं में अक्सर चालक की मौत हो जाती है। तेज गति से वाहन चलाने से अनियंत्रित होकर गाड़ियां डिवाइडर या सामने वाली गाड़ियों से भिड़ जाती है जिसमें चालक सहित गाड़ी में बैठने वालों की मौत हो जाती है। यातायात नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। नशे में वाहन चलाने वालों की संख्या में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यह चौंकाने वाली बात है कि पढ़ा-लिखा शिक्षित वर्ग भी इससे अछूता नहीं है। नेशनल हाईवे पर तेज गति से वाहन चालक फर्राटे से चलाते हैं जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क के बाहर निकल जाती है या सामने वाले से भिड़ जाती है। उससे घटनास्थल पर ही मौत हो जाती है। यह दृश्य रोजमर्रा की नियति बन चुकी है। राज्य और तहसील स्तर की सड़कों पर बारिश की वजह से गड्ढे बने हुए हैं और सड़कें खस्ताहाल हैं। लिहाजा, तेज रफ्तार गाड़ियां अक्सर अनियंत्रित हो जाती हैं। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है। दिल्ली पुलिस ने बीते वर्ष के छह महीनों में बारह हजार चार सौ से अधिक वाहनों के चालान काटे हैं। नशे में अक्सर दुर्घटना हो जाती है। घटनास्थल पर ही मर जाते है। 2025 में अब तक 15 ,621 चालान काटे गए हैं जो पिछले वाहनों से 25 फीसदी ज्यादा है। दिल्ली के नरेला क्षेत्र में 1966 चालान नियम भंग करने पर काटे गए हैं। अधिकतर आरोपी रात में नशे में वाहन चलाते हैं जो यह समाज और देश के लिए विडम्बना ही कही जाएगी। यातायात नियमों को भंग करने पर पुलिस भारी भरकम दस हजार रुपए तक का जुर्माना लगाती है। इसमें छह महीने की सजा का भी प्रावधान है। लेकिन सुधरने का नाम तक नहीं लेते हैं। नशे में गाड़ी चलाने वालों के लिए नाकेबंदी की जा रही है जिससे उनको बचाया जा सके। लेकिन वही ढाक के तीन पात वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। यातायात पुलिस ब्रीथ एनलाइजर और सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से भी निगरानी रख रही है। दिल्ली तथा उत्तरप्रदेश पुलिस नशे में गाड़ी चलाने के खिलाफ अभियान चला कर जागरूकता लाने के लिए प्रयासरत है जिससे लोगों को असमय मौत से बचाया जा सके। अपने परिवार के लिए ही सही, पर नशे में वाहन नहीं चलाने का प्रण ले, जिससे परिवार के लिए मददगार बन सके। देश में महाराष्ट्र, गुजरात, बिहार, राजस्थान, ओडिशा और उत्तरप्रदेश जैसे राज्यों में गाड़ियों की बराबर चेकिंग की जा रही है जिससे चालकों को बचाया जा सके।

**-कांतिलाल मांडोत, सूरत**



## ललित सुरजन की कलम से

### सिद्धांत बनाम पद

*'1976 में जब इंदिराजी ने लोकसभा का कार्यकाल एक साल बढ़ाया तब उसे अनैतिक एवं असंवैधानिक करार देते हुए दो संसद सदस्यों ने बिना समय गंवाए लोकसभा की सदस्यता त्याग दी थी। एक थे- मधु लिमए और दूसरे शरद यादव। मधुजी दुर्भाग्य से हमारे बीच नहीं हैं, किंतु शरद यादव वर्तमान में वरिष्ठतम सांसदों में से एक हैं। वे देश में संयुक्त विपक्ष के उम्मीदवार के नाते 1975 में जबलपुर से चुने गए थे। उन्होंने पचास साल सांसद रहे सेठ गोविंददास की मृत्यु के बाद संपन्न उपचुनाव में उनके पौत्र रविमोहन को पराजित किया था। एक युवानेता के रूप में शरद के मन में लालच हो सकता था कि एक साल का बढ़ा हुआ कार्यकाल सेंत-मेंत में मिल रहा है, इसे क्यों छोड़ा जाए, किंतु उन्होंने संसदीय व्यवहार व परंपरा को निजी लाभ से ऊपर रखकर एक आदर्श प्रस्तुत किया। आगे शरद यादव वाजपेयी सरकार में नागरिक उड्डयन मंत्री भी बने। लेकिन उन्होंने विदेशयात्रा का मोह कभी नहीं पाला। अभी हाल में शायद वे मात्र एक बार चीन की संक्षिप्त यात्रा पर गए।'*

**( देशबन्धु में 16 जुलाई 2015 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2015/07/blog-post_15.html

## पावन प्रसंग

### श्रीमदभागवत गीता का शाश्वत संदेश

श्रीमदभागवतगीता, भगवान श्रीकृष्ण के श्रीमुख से निस्सृत यह अमर संदेश है, जिसको सुनकर कुरुक्षेत्र के रणक्षेत्र के मध्य मोहग्रस्त एवं किंकर्तव्यविमूढ़ अर्जुन अवसाद से उबर कर धर्मयुद्ध के लिए तैयार हो गए थे। ठीक इसी तरह गीता का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जब प्रतिदिन अनगिनत अर्जुन जीवन के रणक्षेत्र की चुनौतियों से पलायन कर निराशा, हताशा, कुंठित जीवन जीने के लिए अभिशप्त हैं। वास्तव में श्रीमद्भगवदगीता में भारतीय धर्म- अध्यात्म का सार समाहित है। भारत ही नही, विश्वभर में विचारक एवं मनीषी श्रीमदभागवतगीता इसके शाश्वत संदेश एवं सार्वभौम स्वरूप से अभिभूत रहे हैं।

श्रीमद्भगवद्गीता में विषाद भी योग बन जाता है। सामान्यत: जीवन के दुख संताप व चुनौतियों के बीच व्यक्ति टूट जाता है, लेकिन गीता का ज्ञान यदि साथ है तो व्यक्ति इसे जीवन के उत्कर्ष की सीढ़ी बना कर आगे बढ़ता है। जीवन के दुख और ताप यहां तप और योग का माध्यम बन जाते हैं और चुनौतियां जीवन में प्रगति का अवसर। गीता के पहले अध्याय विषादयोग में यही सत्य उजागर होता है। जीवन में ऐसे पल, आत्मजागरण, आत्मबोध के सुअवसर साबित होते हैं। वास्तव में व्यक्ति स्वयं को शरीर-मन तक सीमित अस्तित्व मानकर एक बंधा हुआ जीवन जीने के लिए अभिशप्त होता है। अपने अजर-अमर-अविनाशी अस्तित्व का हल्का सा भी बोध जीवन की अनंत संभावनाओं के द्वार खोल देता है। मन की सीमाएं असीम हो जाती हैं, जीवन के संघर्ष बौने प्रतीत होते हैं और उत्कर्ष का साधन बन जाते हैं। गीता का दूसरा अध्याय कुछ ऐसा ही संदेश देता है। श्रीमदभागवत गीता स्वधर्म का बोध भी दे जाती है। जितना व्यक्ति स्वयं को जानता है, उतना ही जीवन का लक्ष्य स्पष्ट हो चलता है, स्वधर्म का बोध होता है। गीता में स्वधर्म को बहुत महत्व दिया गया है।

स्वधर्म में मरना को भी बेहतर बताया गया है। स्वधर्म में जीवन एक सृजन पर्व बन जाता है। जिसको पूरा करने में व्यक्ति इतना मस्त, मगन हो जाता है कि दूसरों की वैभव-संपदा , सांसारिक चकाचौंध उसके लिए अधिक मायने नहीं रखते। इसके साथ कर्तव्यनिष्ठ जीवन का अंग बन जाती है। अपने कर्तव्य कर्म के प्रति एकाग्रता का विकास होती है। कर्म के फल का ध्यान रहता है, लेकिन चिंता नहीं रहती, क्योंकि चिंता मन की एकाग्रता, स्थिरता को भंग करती है तथा कार्यकुशलता में बाधा बनती है। ऐसे में एकाग्रचित्त में किया गया काम समय पर फलित होता है। गीता में वर्णित बिना फल की चिंता के कर्म का मर्म धीरे-धीरे समझ में आता है।

श्रीमदभागवद्गीता जीवन में स्थितप्रज्ञ के आदर्श का प्रतिपादन करती है। जो सकल द्वंद्वों से ऊपर उठकर जीवन की राह दिखाती है। जीवन में सुख की जितनी इच्छा रहेगी उसी अनुपात में दुख का अनुभव उसी अनुपात में होगा।

**-अखंड ज्योति**

देशबन्धु
संस्कारधानी
5 बिलासपुर
मंगलवार, 22 जुलाई 2025

**उल्टा पुल्टा**

रमेश ने शौक-शौक में व्रत रख लिया।
रमेश ( पत्नी से )- देखो सूरज डूब चुका है, अब खाना खाते है।
पत्नी ( रमेश से )- नहीं जी।
रमेश- देखो डूबा या नहीं
पत्नी- नहीं जी।
रमेश- लगता है ये मुझे साथ लेकर ही डूबेगा।

# भूपेश बघेल ने अपने पुत्र के लिए पूरी कांग्रेस को सड़कों पर ला दिया-अमर

## कोल आबंटन के लिए खुद भूपेश सरकार ने सिफारिश की थी

**बिलासपुर**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। कांग्रेस द्वारा ईडी की कार्रवाई के खिलाफ 22 जुलाई को पूरे प्रदेश में आर्थिक नाकेबंदी के आव्हान पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने भूपेश बघेल पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल ने अपने बेटे चैतन्य बघेल के लिए पूरी कांग्रेस पार्टी को सड़कों पर उतार दिया है, जबकि उनका पार्टी में कोई पद नहीं है।

श्री अग्रवाल ने आरोप लगाया कि यह 'पुत्र मोह' में उठाया गया कदम है, जो भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए जनता को परेशान कर रहा है। उन्होंने कांग्रेस के 'झूठ का पर्दाफाश' करते हुए कोल आवंटन और पेड़ों की कटाई से जुड़े कई सरकारी दस्तावेज भी जारी किए, जिससे भूपेश बघेल सरकार की भूमिका पर सवाल उठे हैं।




बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने भूपेश बघेल पर सीधा वार करते हुए कहा कि कांग्रेस बताएं कि चैतन्य बघेल किस पद पर हैं, जिसके लिए पूरी पार्टी प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने कहा कि इतिहास में कई ऐसे उदाहरण हैं जब 'पुत्र मोह' ने बड़े-बड़े साम्राज्यों को बर्बाद कर दिया और भूपेश बघेल भी उसी राह पर चल रहे हैं। अग्रवाल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए जनता को परेशान और आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचा रही है, जिसे जनता स्वीकार नहीं करेगी।

अमर अग्रवाल ने कहा कि कोल ब्लॉक आवंटन को लेकर कांग्रेस का 'चोरी और सीनाजोरी' का खेल अब सबके सामने आ गया है। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल खुद को झूठ की फैक्ट्री कहते हैं और कोल आवंटन के लिए कई पत्र लिखकर परमिशन दिलवाई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि जब भी कोल ब्लॉक और पेड़ कटाई पर सवाल उठते थे, तो भूपेश बघेल कहते थे कि विरोध करने वाले अपने घरों की बिजली बंद कर दें। अग्रवाल ने तंज कसते हुए पूछा कि अब जब वे झूठे आरोप लगा रहे हैं, तो क्या वे अपने घर और राजीव भवन की बिजली बंद करेंगे।

### दस्तावेजों के साथ पेश किए सबूत

प्रेस वार्ता में श्री अग्रवाल ने बताया कि 23 जून 2011 को केंद्र में कांग्रेस सरकार रहते ही तारा परसा ईस्ट और कांटे बेसन कोल ब्लॉक को खोलने का प्रस्ताव दिया गया था। उन्होंने यह भी कहा कि भूपेश बघेल के मुख्यमंत्री रहते ही 16 अक्टूबर 2019 को राज्य सरकार ने पर्यावरण स्वीकृति के लिए सिफारिश भेजी थी और 19 अप्रैल 2022 को वन स्वीकृति स्टेज-1 के लिए भी सिफारिश भेजी गई। 25 मार्च 2022 को भूपेश सरकार ने अशोक गहलोत की राजस्थान सरकार को कोल माइंस का आवंटन किया था, जिसके लिए अशोक गहलोत और उनके मंत्री ने भूपेश बघेल को कई पत्र लिखे थे।

### अमर अग्रवाल ने पूछे तीन अहम सवाल

- क्या वे मनमोहन सिंह सरकार के समय लिए गए फैसलों के लिए माफी मांगेंगे?
- क्या भूपेश बघेल यह घोषणा करेंगे कि कांग्रेस कभी बिजली का उपयोग नहीं करेगी, क्योंकि वे खुद कह चुके हैं कि विरोध करने वाले अपनी बिजली बंद कर दें?
- क्या कांग्रेस हर अपराधी के पक्ष में ऐसे ही खड़ी होगी, जैसे आज पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे के लिए हुई है?

प्रेस वार्ता मे भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह, कोषाध्यक्ष गुलशन ऋषि, मीडिया प्रभारी प्रणव शर्मा सहित अन्य भाजपा नेता मौजूद थे।

## संपादकीय

### दबावों में न झुकें महिलाएं

*बिलासपुर की कुछ छात्राओं ने जिस तरह के साहस का परिचय दिया है, वह न केवल प्रशंसनीय है वरन अनुकरणीय भी है। इन छात्राओं ने यह बतलाया है कि कैसे दबाव में आये बिना अश्लील व अनैतिक प्रस्तावों को ठुकराया जा सकता है। यहां के सरकंडा क्षेत्र में रहने वाले एक मोटिवेशनल स्पीकर द्वारा अच्छे लाभ का लालच दिखाकर कुछ छात्राओं से राशि का निवेश कराया। जब पैसे वापस देने का वक्त आया तो साहिल गांधी नामक उक्त व्यक्ति ने छात्राओं से शारीरिक सम्बन्ध बनाने का दबाव डाला। एक फाइनेंशियल कम्पनी में कार्य करने वाले साहिल ने 16 जनवरी को यहां के शासकीय कृषि महाविद्यालय में सेमिनार आयोजित किया था। उसने छात्राओं से उनके सम्पर्क नंबर लिये तथा बाद में एक ग्रुप बनाकर सभी से संवाद करने लगा। फिर उसने छात्राओं को अच्छे मुनाफे के नाम पर निवेश कराया। अलग-अलग छात्राओं ने विभिन्न राशियां निवेश भी कीं। 18 हजार रुपये का निवेश करने वाली एक छात्रा ने जब अपने पैसे मांगे तो उसने शारीरिक सम्बन्ध बनाने का दबाव डाला। परेशान छात्रा ने अपनी एक सहपाठी से इसका ज़िक्र किया तो उसने खुद के साथ भी यही व्यवहार होना बतलाया। इसके बाद दोनों ने पुलिस में शिकायत की। मामला दर्ज कर लिया गया है और उम्मीद है कि जल्दी ही उचित कार्रवाई की जायेगी।*

*छात्राओं और महिलाओं को अक्सर इस तरह की परेशानियों से गुजरना पड़ता है। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में विचरण कर रहे, प्रभावशाली पदों पर बैठे या ऐसे लोग जो ज़रूरतमंद महिलाओं का कोई काम करा सकते हैं, उनमें से कई इस तरह के अश्लील प्रस्ताव सामने रखते हैं। कभी नौकरी या प्रमोशन पाने के लिये तो कभी परीक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त करने हेतु या ऐसे ही सैकड़ों कारण होते हैं जिनके लिये छात्राओं या महिलाओं को दबाव के आगे झुकना पड़ता है। जो इन प्रस्तावों को मानने से इंकार करता है उन्हें उसका खामियाजा कभी नौकरी खोकर अथवा अन्य तरह से नुकसान उठाकर झेलना पड़ता है। अपनी मजबूरियों के चलते ये पुरुषों के हाथों शारीरिक शोषण को सहन करती रहती हैं। यह भी देखा गया है कि वे पुलिस के पास लोक-लाज के कारण नहीं जातीं। कई बार तो परिजनों द्वारा भी उन्हें चुप रहने की हिदायत दी जाती है। कई यह भी सुझाव देने से गुरेज़ नहीं करते कि लाभ के लिये कुछ तो त्याग करना ही पड़ता है।*

*भारतीय समाज पुरुषवादी मानसिकता का है जहां सभी महत्वपूर्ण व निर्णायक पदों पर पुरुषों का वर्चस्व है। उन्हीं के पास ऐसे मामलों की शिकायतें जाती हैं और वे ही फैसले भी करते हैं। फिर, अक्सर ऐसे मामले संस्थाओं द्वारा भुला दिये जाने की सलाह तक दी जाती है या उनके पक्ष में निर्णय नहीं होते। इससे भी अन्याय के खिलाफ लड़ने वाली निरुत्साहित होती हैं।*

# रिवर व्यू चौक के पास लोहे का धारदार चाकू लेकर आने जाने वालों को डराने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। रविवार को मुखबिर से सूचना मिली कि असरफ उर्फ असरू के द्वारा सिम्स अस्पताल के पीछे रिवर व्यू चौक के पास एक धारदार लोहे का चाकू को लेकर लहराते हु ए आने जाने वाले लोगों डरा धमका रहा है । इस सूचना से पुलिस के अधिकारियों को अवगत करा थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा दबिश देकर आरोपी - असरफ उर्फ असरू पिता असलम खान उम्र 35 वर्ष निवासी अशोक नगर मुरूम खदान खमतराई बगदाई मंदिर के पास नाला के आगे थाना सरकण्डा जिला बिलासपुर छ.ग. को पकडा गया जिसके पास लोहे का धारदार एक चाकू मिला जिसके संबंध में धारा 94 बी. एन. एस. एस के नोटिस दस्तावेज पेश करने हेतु दिया गया जो नोटिस पर कोई दस्तावेज नहीं होना बताये जाने पर आरोपी का कृत्य अपराध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का घटित करना पाये जाने से आरोपी के विरूद्ध अप. क. - 370 / 25 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर कार्यवाही किया गया है। उक्त कार्रवाई जी में निरीक्षक थाना प्रभारी विवेके कुमार पाण्डेय, उनि सीता साहू, हमराम स्टॉफ आर. रतनाकर सिंह राजपूत, जलेश्वर राजपूत का विशेष योगदान रहा है।



# कमर में एयरगन पिस्टल लेकर नशे में चला रहा था कार, कोर्ट ने 10 हजार का किया जुर्माना

**बिलासपुर**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। बढती सडक दुर्घटना एवं जिले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस द्वारा पर रात्रि में चौक चौराहो में चेकिंग पांईट लगाकर शहर में आने जाने वाले वाहनो को रोककर चेकिंग किया जा रहा हैं। रविवार की रात्रि में महाराणा प्रताप चौक के पास चेकिंग किया जा रहा था कि रायपुर मार्ग से आ रही कार क्रमांक सीजी 10 बीयु 2504 एक्स यू वी 700 काले रंग को रोककर चालक का ब्रेथएनालाईजर से चेक करने पर शराब पीकर वाहन चलाते पाया गया एवं चालक को चेक करने पर कमर में एक पिस्टल नुमा एयरगन पाया गया जिसे धारा 106 बी.एन.एन.एस. के तहत जप्त किया गया हैं। शराब पीकर वाहन चलाने पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के माननीय न्यायालय में पेस की गई 10,000 रू का फाईन किया हैं। एवं प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किया गया है।



## सार-संक्षेप



### देसी दिवाज़ ग्रुप ने किया सावन उत्सव का आयोजन

**बिलासपुर**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। देसी दिवाज़ ग्रुप की व्यवस्थापिकाएं सुनैना नायर और श्वेता पटेल द्वारा एक निजी होटल में ग्रुप की महिलाओं के साथ मिलकर सावन उत्सव मनाया। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम की शुरुआत की गयी तत्पश्चात ग्रुप की व्यवस्थापिका सुनैना नायर द्वारा शिवजी का सुंदर भजन गाकर सभी को शिवमय कर दिया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के सावन से जुड़े मनोरंजक गेम्स रखे गए थे जिसमें सभी महिलाओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया ।गेम्स के विजेता इस प्रकार रहे- पंचुवालटी विनर ज्योति द्विवेदी रही। हाउजी की विजेताएं रही वंदना बाजपेयी, गीता बरेठ, किरण रामरख्यानी रही। सावन से जुड़े मनोरंजक गेम्स की विजेताएं रही ज्योति द्विवेदी, अलका शिवहरे, ज्योति सोनी, सीमा शर्मा, सुमिता दासगुप्ता, पिंकी कश्यप ।सावन सुंदरी का चुनाव लक्की ड्रा के माध्यम से किया गया जिसकी विजेता केसर मंनचंदा रही। सभी विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। सभी महिलाओं ने सावन के गीतों पर थिरकते हुए आनंद लिया साथ ही साथ विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भी लुत्फ़ उठायाद्य ग्रुप की यूट्यूबर सुमिता दासगुप्ता जी का शॉल और श्रीफल देकर सम्मान किया गया ।अंत में ग्रुप की व्यवस्थापिकाएं सुनैना नायर और श्वेता पटेल द्वारा सबका आभार व्यक्त कर अगले महीने फिर नए कार्यक्रम के साथ आने का वादा किया गया।

### वर्ल्ड ब्राम्हण फेडरेशन महिला इकाई ने धूमधाम से मनाया भव्य सावन झूला उत्सव



**बिलासपुर**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। वर्ल्ड ब्राम्हण फेडरेशन महिला इकाई बिलासपुर जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रभा तिवारी के द्वारा सावन के पवित्र माह में सावन झूला उत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन और ब्राह्मण समाज बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन की जानकारी देते हुए वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन की महिला अध्यक्ष श्रीमती प्रभा तिवारी ने बताया कि यह उत्सव हमारी समृद्ध परंपराओं और संस्कृति को जीवंत रखने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष मनाया जाता है, जिससे नई पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ी रहे। श्रीमती प्रभा तिवारी ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में सावन मास के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि सावन का मास भगवान शिव को समर्पित है । यह प्रकृति के सौंदर्य, हरियाली और नवजीवन का प्रतीक है। सावन मास में धरती पर चारों ओर हरियाली की चादर बिछ जाती है और वातावरण में एक अद्भुत सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। यह ऊर्जा हमारे मन को शांति और सकारात्मकता प्रदान करती है, जिससे हम आध्यात्मिक रूप से भी सशक्त महसूस करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि झूला उत्सव हमारी प्राचीन परंपरा का एक अभिन्न अंग है, जो हमें अपनी जड़ों से जोड़े रखता है।

# बिलासपुर साहित्य समिति की 262 वीं गोष्ठी आयोजित

**बिलासपुर**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। बिलासपुर साहित्य समिति की 262 वीं काव्य गोष्ठी समिति के अध्यक्ष बल्लू दुबे के गोंड़पारा स्थित निवास गंगा विष्णु भवन में भारतीय स्टेट बैंक से सेवानिवृत्त अधिकारी राघवेंद्रधर दीवान एवं पंजाब नेशनल बैंक के सेवानिवृत्त अधिकारी

बल्लू दुबे की अध्यक्षता तथा हरबंश शुक्ल के संचालन में आयोजित की गई, संचालन करते हुए हरबंश शुक्ल ने बताया कि 19 जुलाई 1969 को आज के ही दिन भारत में क्षेत्रीय तथा निजी बैंकों का पूर्व दिवंगत प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी ने आम जनता, उद्योग, कृषि, विकास पंचवर्षीय योजनाओं के क्रियान्वयन को गति देने, साहूकारों के द्वारा समाज को शोषण मुक्त करने के उद्देश्य से बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया था, जिसका परिणाम आज प्रत्यक्ष देखने को मिल रहा है इसलिए आज के मासिक गोष्ठी में सेवानिवृत्त बैंक अधिकारियों को आसंदित की गई है, मुख्य अतिथि राघवेंद्रधर दीवान ने बैंकों के क्रमिक विकास एवं आम जनता के लाभान्वित होने पर प्रकाश डाला, जबकि अध्यक्ष बल्लू दुबे ने बैंकिंग स्टाफ की लगन, निष्ठा और समर्पण भावना के साथ अनिश्चितता की स्थिति में भी आमजन की सेवाओं का उल्लेख किया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में सार्थक काव्य गोष्ठी में मयंक दुबे, राकेश खरे, एन के शुक्ल, नीर गोंडाने, आनंद प्रकाश गुप्त, रवींद्र पांडे, दिनेश्वर राव जाधव, अमृतलाल पाठक, विजय तिवारी, राघवेंद्रधर दीवान, बल्लू दुबे, हरबंश शुक्ल सहित वर्षा ऋतु, श्रावणी मास, सिंदूर स्ट्राइक, पर केंद्रित रचनाओं का पठन किया जिससे श्रोतागण झूम उठे। अंत में दिवंगत कवि पद्मश्री सुरेन्द्र दुबे तथा दामोदर मिश्रा को मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



# जशपुर की दो बालिकाओं को पुलिस ने चाइल्ड केयर सेंटर में भेजा

## पुलिस ने दोनों बालिकाओं को प्रताड़ित किए जाने से किया इनकार

**बिलासपुर**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। रविवार को थाना तोरवा को सूचना प्राप्त हुई कि दो नाबालिग लड़कियाँ लालखदान क्षेत्र में अकेली खड़ी हैं, जो अपने रिश्तेदारों के व्यवहार से परेशान होकर तिफरा से निकलकर अपने मूल निवास स्थान जशपुर लौटने के प्रयास में थीं।

पुलिस द्वारा तत्परता से मौके पर पहुँचकर दोनों बालिकाओं को विधिवत संरक्षण हेतु चाइल्ड केयर सेंटर में भेजा गया। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस ने चाइल्ड वेलफेयर कमेटी को दोनों बालिकाओं को सुपुर्द किया हैं । जहाँ दोनों बालिकाओं की काउंसलिंग की जा रही है। साथ ही, पुलिस ने परिजनों को बुलाकर विस्तृत कथन लिया है।

दोनों नाबालिग बालिकाएं जशपुर जिले की निवासी हैं। इनमें से एक बालिका अपने मामा अरुण लकड़ा के पास रह रही थी, जबकि दूसरी अपने रिश्तेदार सुधीर कुजुर के यहाँ। अरुण लकड़ा वर्तमान में रक्षित केंद्र, बिलासपुर में पदस्थ हैं और सुधीर कुजुर थाना सिपत में आरक्षक के पद पर पदस्थ हैं। दोनों तिफरा पुलिस कॉलोनी में निवासरत हैं। वहीं, दोनों नाबालिग लड़कियों का आपस में परिचय हुआ।




प्रथम बालिका की माँ फोगो लकड़ा ने अपने कथन में बताया कि उसने तीन महीने पूर्व अपनी नाबालिग पुत्री को अपने भाई अरुण लकड़ा के पास इसलिए भेजा था क्योंकि वह घर पर पढ़ाई नहीं कर रही थी। वह उसकी प्राइवेट परीक्षा दिलवाने की योजना में थी। उन्होंने यह स्पष्ट रूप से बताया कि बालिका के साथ न तो कोई मारपीट हुई है और न ही कोई जबरन काम कराया गया है। लड़की का वहां भी मन नहीं लगने के कारण वह वापस जशपुर लौटना चाह रही थी।

दूसरी बालिका के परिजन जीवन कुजुर बिलासपुर आकर उपस्थित हुए। उन्होंने बताया कि बालिका की मां किसी अन्य व्यक्ति से विवाह कर अलग हो चुकी है, और पिता शराब के आदी हैं, जिसके चलते बालिका जशपुर में अपने मामा के पास रह रही थी। उनकी एक भतीजी अंजू कुजूर बिलासपुर में शिक्षिका हैं और उसके पति सुधीर कुजुर पुलिस विभाग में पदस्थ हैं, जिनके पास बेहतर शिक्षा मिलने की संभावना के चलते उन्होंने अपनी भांजी को उनके पास भेजा था। उन्होंने भी स्पष्ट किया कि बालिका के साथ कोई जबरदस्ती कार्य नहीं कराया गया। वर्तमान में दोनों बालिकाएं बाल कल्याण समिति के संरक्षण में हैं, जहाँ उनकी काउंसलिंग की प्रक्रिया जारी है ।रिपोर्ट प्राप्त होना शेष है ।परिजनों ने किसी तरह का अप्रिय घटना होना नहीं बतायें एवं कोई आरोप नहीं लगाये हैं तथापि पुलिस सभी तथ्यों की जांच कर रही है।

# बिलासपुर स्टेशन जहां यात्रा, संस्कृति और विकास मिलते हैं

**बिलासपुर**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के मध्य में बसा बिलासपुर शहर सिर्फ एक भौगोलिक केंद्र नहीं, बल्कि रेलवे के व्यापक नेटवर्क का एक अहम हिस्सा है। बिलासपुर रेलवे स्टेशन जो शहर के हृदय स्थल पर स्थित है, न सिर्फ यात्रा की शुरुआत का बिंदु है बल्कि शहरवासियों की रोजमर्रा की जिंदगी का भी अभिन्न हिस्सा बन चुका है। हर दिन हजारों यात्री इस स्टेशन से अपनी मंज़िल की ओर रवाना होते हैं, तो दूसरी ओर, विभिन्न शहरों से आए छात्र, परिश्रमी मजदूर, व्यवसायी और नौकरी पेशा लोग इसी स्टेशन पर उतरकर अपने घरों, गांवों और कार्यस्थलों की ओर प्रस्थान करते हैं।

रेलवे की उपस्थिति ने न केवल शहर की कनेक्टिविटी को मज़बूती दी है, बल्कि क्षेत्रवासियों के जीवन के विभिन्न पहलुओं को भी प्रभावित किया है। बिलासपुरवासियों के बीच रेल यात्रा सुलभ और भरोसेमंद मानी जाती हैं। दशकों से शहर में स्टेशन की मौजूदगी ने आम नागरिकों के मन से रेल यात्रा के झिझक खत्म कर दिया है।

इसके साथ ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का ज़ोनल मुख्यालय यहीं स्थित होना बिलासपुरवासियों के लिए गर्व की बात है। देशभर में यात्रा करने के बाद जब यात्री बिलासपुर स्टेशन पहुंचते हैं, तो उन्हें यह देखकर सुकून मिलता है कि उनके शहर का स्टेशन देश के सबसे स्वच्छ और सुव्यवस्थित स्टेशनों में से एक है।



यहां यात्रियों की लिए मौजूद सुविधा भी बेहतर है। स्टेशन पर कैशलेस टिकटिंग व्यवस्था (एटीवीएम मशीनें), डोरमेट्री, प्रतीक्षालय, बुजुर्गों के लिए लिफ्ट, डिजिटल सूचना प्रणाली, शुद्ध पेयजल, स्वच्छ शौचालय और बेहतर सुरक्षा व्यवस्था मौजूद है। यह सब मिलकर इसे एक आधुनिक और सुलभ स्टेशन बनाते हैं।

### सांस्कृतिक विविधता का प्रतीक रेलवे

बिलासपुर स्टेशन और ज़ोनल मुख्यालय ने न केवल आर्थिक और भौतिक विकास को बढ़ावा दिया है, बल्कि शहर की सांस्कृतिक विविधता को भी समृद्ध किया है। रेलवे क्षेत्र में ही बंगाली, तेलुगु और ओड़िया माध्यम के स्कूल चलते हैं, जो यह दर्शाते हैं कि विभिन्न राज्यों के लोग वर्षों से यहां निवासरत हैं और शहर की संस्कृति में घुले-मिले हैं। यही नहीं, जगन्नाथ मंदिर, कोडंडरामा मंदिर (दक्षिण भारतीय संस्कृति से जुड़ा) और कालीबाड़ी मंदिर जैसी धार्मिक संरचनाएं इस सांस्कृतिक विविधता का जीवंत उदाहरण हैं। ये सभी स्थान न केवल धार्मिक आस्था के केंद्र हैं, बल्कि हमारे वसुधैव कुटुंबकम्के मूल विचार को भी दर्शाते हैं।

### आर्थिक विकास में रेलवे का योगदान

रेलवे न केवल यात्रा का माध्यम है बल्कि रोजगार और व्यापार का स्रोत भी है। हजारों यात्रियों के नियमित आगमन से स्टेशन क्षेत्र में भोजन, होटल, लॉज, ऑटो-टैक्सी, हैंडलूम, बुक स्टॉल जैसे व्यवसायों को गति मिली है। ऐसे अनेक छोटे-छोटे कारोबार स्टेशन की गतिविधियों पर निर्भर हैं, जिनसे सैकड़ों परिवारों की आजीविका चल रही है। रेलवे से जुड़े ठेकेदारी कार्य, निर्माण परियोजनाएं और तकनीकी सेवाएं भी स्थानीय लोगों को रोजगार का अवसर प्रदान कर रही हैं। यह कहना गलत नहीं होगा कि बिलासपुर रेलवे स्टेशन शहर की आर्थिक गति का एक प्रमुख इंजन बन चुका है।

### खेलों में भी रेलवे ने खोले नए आयाम

रेलवे ने खेल के क्षेत्र में भी बिलासपुर को एक पहचान दी है। नॉर्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट (एनईआई), सेक्रसा ग्राउंड, बॉक्सिंग ग्राउंड जैसे खेल परिसरों ने शहर की युवा प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुँचने का अवसर दिया है।

रेलवे द्वारा नियुक्त प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में यहां से कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी उभरे हैं, जिनमें से कुछ के नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड तक में दर्ज हैं। यह शहर के लिए गर्व की बात है कि रेलवे के सहयोग से बिलासपुर खेलों के नक्शे पर चमक रहा है।

### नए रूप में संवर रहा स्टेशन

हाल ही में स्टेशन परिसर में रेल कोच से निर्मित रेस्टोरेंट का शुभारंभ हुआ है, जो न सिर्फ यात्रियों बल्कि शहरवासियों के लिए भी एक नया आकर्षण बना है। इसके साथ ही अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशन के पुनर्विकास का कार्य प्रारंभ हो चुका है। स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से युक्त, भव्य और यात्री हितैषी बनाया जा रहा है।

आम नागरिकों और यात्रियों में इसे लेकर खासा उत्साह है और हर कोई इस कार्य के जल्द पूर्ण होने की प्रतीक्षा कर रहा है।

## सार-संक्षेप

### प्रभारी मंत्री को समस्याओं से कराया अवगत



**कोरबा,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। उपमुख्यमंत्री एवं कोरबा जिला के प्रभारी मंत्री अरुण साव के प्रवास के दौरान अनुसुचित जाति मोर्चा की प्रदेश मंत्री श्रीमती सुनीता पाटले अल्प संख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुखदीप सिंह, विकेश झा ने मुलाकात की। उन्होंने कुसमुंडा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की।

### नकिया में जियो टैक के नाम पर लिए रुपए



**कोरबा,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। विकासखंड कोरबा के नकिया गांव में केंद्र सरकार की पीएम आवास योजना के अंतर्गत कुछ लोगों से राशि की अवैध मांग करने की शिकायतें मिली है। इसके चक्कर में हितग्राहियों के मकान नहीं बन पा रहे हैं। इसके साथ ही आवास मित्र श्रीमती फूलकेरिया पर निर्माणाधीन आवास का जियो टैग करने के लिए आने पर प्रति जियो टैग करने का एक हजार रुपए लेने का आरोप भी लग रहा है। भाजपा कार्यकर्ता मो. न्याज ने इस बारे में प्रशासन के साथ-साथ उप मुख्यमंत्री अरूण साव को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि ऐसे मामले में संबंधित पर कार्यवाही होनी चाहिए।

### अराजक तत्वों ने शिवभक्तों को डराया, रोकनी पड़ी यात्रा



**कोरबा,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। सावन के दूसरे सोमवार पर कनकेश्वरधाम जाने वाले शिवभक्त अराजक तत्वों के कारण परेशान हुए। रास्ते में बंदूक और तलवार लहराने से सामान्य लोगों की सांसें अटक गई। ऐसे में इन्होंने अपनी यात्रा रोक दी और वापस लौट गए। खबर के अनुसार कोरबा कनकी मार्ग पर तरदा क्षेत्र में यह घटना हुई। बताया गया कि कुछ व्यक्तियों ने सड़क पर हथियार लहराते हुए हंगामा किया, जिससे वहां से गुजरने वाले भक्त डर गए और कई को अपनी यात्रा बीच में ही रोकनी पड़ी। यह कृत्य न केवल आपराधिक है, बल्कि धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला और सामाजिक सद्भाव को नुकसान पहुंचाने वाला भी है। कनकेश्वर धाम, जो भक्ति और शांति का प्रतीक है, वहां इस तरह की घटनाएं श्रद्धालुओं के लिए चिंता का विषय बन गई हैं। स्थानीय लोगों और भक्तों ने प्रशासन और पुलिस से इस मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की है। कनकेश्वर धाम एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है, जहां हर साल हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

### ट्रांसपोर्टर मर्डर केस में पकड़ाया एक और आरोपी



**कोरबा,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। कोयला व्यापारी की हत्या के मामले में पुलिस ने गिरफ्तारी जारी रखी है। एक और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कराया गया है। हाऊसिंग बोर्ड कालोनी खरमोरा निवासी अनिल यादव 50 वर्ष की हत्या के मामले में बालको पुलिस ने एक और आरोपी दुर्गा प्रसाद टंडन की गिरफ्तारी की है। घटना की रात वाला सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद आरोपी की पहचान हुई है। पुलिस सूत्र ने बताया कि दुर्गा वही शख्स है जो अनिल यादव के सीने पर चढ़कर बैठकर कूदा था और इसकी वजह से अनिल को अंदरूनी चोट आई और हार्ट का वाल्व पंचर हो गया।

### केसला के तेज बहाव में समाया युवक, मिला शव



**कोरबा**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। जिले में वाटरफॉल में डूबने से एक युवक की मौत गई। रविवार को वह अपने दो दोस्तों के साथ केसला घाट वाटरफॉल पिकनिक मनाने गया था। कई घंटों के बाद युवक की लाश बरामद कर ली गई है। यह घटना बालको थाना क्षेत्र की है ।खबर के अनुसार रामपुर निवासी जफर खान 33 वर्ष अपने दो दोस्तों के साथ वाटरफॉल गया था। नहाते समय जफर पानी के तेज बहाव में बह गया। उसके दोस्तों ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह गहरे पानी में समा गया। दोस्तों ने फौरन बालको थाने में घटना की सूचना दी। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से देर रात तक युवक की तलाश की गई, लेकिन सफलता नहीं मिली। सोमवार सुबह फिर गोताखोरों की मदद से खोजबीन शुरू की गई। घंटों की मशक्कत के बाद केसला घाट क्षेत्र से जफर खान का शव बरामद किया गया।

### हसदेव पुल जोखिम में, सुधार की मांग की विधायक ने



**कोरबा,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक फूल सिंह राठिया ने जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर ग्राम पंचायत कुदुरमाल में हसदेव नदी पर स्थित पुल और उसकी रेलिंग की मरम्मत की मांग की है। यह पुल और रेलिंग वर्तमान में क्षतिग्रस्त स्थिति में हैं, जिसके कारण क्षेत्र में बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। विधायक ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि उक्त पुल ग्राम पंचायत कुदुरमाल के लिए महत्वपूर्ण है, और इसकी खराब स्थिति स्थानीय लोगों के लिए खतरा पैदा कर रही है। उन्होंने इसकी तत्काल मरम्मत की आवश्यकता पर बल देते हुए कलेक्टर से इस दिशा में त्वरित कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। यह कदम क्षेत्र की सुरक्षा और आवागमन की सुविधा को सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। स्थानीय प्रशासन से अपेक्षा है कि वह इस मुद्दे पर शीघ्र ध्यान देगा और आवश्यक मरम्मत कार्य शुरू करेगा।

# ओएनसी में पुलिस का छापा, शराबखोरी पर 2 सुरक्षाकर्मी गिरफ्तार

### नियम तोड़ने के आरोप में कार्यवाही



**कोरबा,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। कोरबा शहर में बिगड़ती कानून व्यवस्था और ओएनसी बार में नशे व अय्याशी के वायरल वीडियो के बाद कोरबा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए देर रात ओएनसी बार पर छापा मारा। इस दौरान दो सुरक्षाकर्मियों को गिरफतार किया गया, जिन पर सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन और नियमों के उल्लंघन का आरोप है।

लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं कि ओएनसी बार में देर रात तक शराब परोसी जा रही है और संदिग्ध गतिविधियाँ हो रही हैं। स्थानीय निवासियों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एसपी सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर सीएसईबी चौकी पुलिस ने रात में बार और मॉल परिसर में दबिश दी। इस कार्रवाई में दो सुरक्षाकर्मियों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने छापेमारी के बाद रात 11 बजे से 1 बजे तक क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी और हर गतिविधि पर नजर रखी। वायरल वीडियो में कुछ युवक-युवतियों के नशे में झूमते हुए बार से निकलने की जानकारी के बाद पुलिस सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है ताकि उनकी पहचान की जा सके। सीएसपी भूषण एक्का ने बताया कि शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे अड्डों पर लगातार नजर रखी जाएगी। उन्होंने कहा, आने वाले दिनों में रात की गश्त और जांच अभियान को और तेज किया जाएगा। कोरबा में अवैध गतिविधियों, नशे के अड्डों और अय्याशी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ओएनसी बार प्रबंधन को चेतावनी दी गई है कि नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई करते हुए लाइसेंस रद्द किया जा सकता है। स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई पर संतोष जताया और उम्मीद व्यक्त की कि पुलिस की सख्ती से रात के समय क्षेत्र में शांति बनी रहेगी।

**इससे पहले भी हुई कार्यवाही**

ओएनसी की शुरूआत जब से हुई है, तभी से विवादों का पीछा छूटने का नाम नहीं ले रहा है। यहां पर होने वाली गतिविधियां आसपास तक प्रचारित हो रही है। आर्थिक रूप से संपन्न और शौकीन वर्ग की उपस्थिति यहां पर होती है। एडवांस बुकिंग के आधार पर सुरापान व डांस पार्टी वालों की टेबल बुक होती है। सेवाओं का स्तर कुछ खास है इसलिए नशा चढ़ाने के लिए लोग बड़ी कीमत देने को तैयार है और इसी चक्कर में बाद में गाली-गलौच से लेकर मारपीट के साथ बहुत कुछ हो जाता है। खबर के अनुसार यहां पर लगातार हो रहे तमाशे को लेकर पुलिस ने चेताया है कि अगर इस तरह की नौटंकी बंद नहीं हुई तो इसे प्रतिबंधित भी किया जा सकता है।

## गेवरा कालोनी में गिरा आवास का छज्जा, दैवयोग से बचे लोग



**कोरबा,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। गेवरा क्षेत्र के बी1/74 ऊर्जा नगर निवासी श्रमिक अनूप दुबे के परिवार के साथ बीती रात एक बड़ी दुर्घटना टल गई। देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई जब उनके मकान के कमरे की छत का प्लास्टर अचानक भरभरा कर नीचे गिर पड़ा। सौभाग्यवश घटना के समय अनूप दुबे का परिवार दूसरे कमरे में था, जिससे सभी सदस्य सुरक्षित बच गए। यदि परिवार के सदस्य उसी कमरे में उपस्थित होते, तो गंभीर चोट लगने की पूरी आशंका थी। इस घटना ने गेवरा क्षेत्र के नगर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़े कर दिए हैं। लंबे समय से जर्जर मकानों की मरम्मत की अनदेखी की जा रही है, और अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ते नजर आ रहे हैं। यहां के कर्मचारियों का कहना है कि यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, मगर प्रशासन की तरफ से केवल औपचारिक कार्रवाई कर मामले को रफा-दफा कर दिया जाता है। अब ज़रूरत इस बात की है कि गेवरा क्षेत्र सिविल विभाग तत्काल संज्ञान ले और जर्जर भवनों की मरम्मत के लिए ठोस और समयबद्ध कदम उठाए, ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना को टाला जा सके।

## गढ़-कलेवा के व्यंजनों से बदली नीलम की जिंदगी



**कोरबा,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। सरकार की बिहान योजना महिलाओं के आर्थिक स्तर को ऊंचा उठाने के साथ जीवन को बेहतर करने में सफल हो रही है। काफी समय से परेशान चल रही नीलम सोनी ने गढ़कलेवा को अपनाया। उन्होंने लोकल व्यंजन पर काम किया। अच्छी आमदनी से उनकी जिंदगी में अप्रत्याशित बदलाव आया।

कटघोरा में रहने वाली नीलम सोनी के घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। पति अकेले कमाने वाले थे और घर खर्च चलाना मुश्किल हो रहा था। अपने बच्चों के भविष्य और अपने आत्मसम्मान के लिए नीलम ने ठान लिया कि कुछ करना है। उन्होंने अपनी बेटी 'श्रिया' के नाम पर 'श्रिया स्व-सहायता समूह' से जुड़कर अपनी नई यात्रा की शुरुआत की। यही वह मोड़ था जहाँ से उन्होंने अपने जीवन को नए रंगों से रंगना शुरू किया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (छत्स्ड) के अंतर्गत सरकार द्वारा संचालित 'बिहान' योजना से जुड़कर श्रीमती नीलम सोनी को एक नई दिशा और पहचान मिली। उन्होंने शासन की सहायता से छह लाख रुपये का ऋण प्राप्त किया और कटघोरा में 'गढ़ कलेवा' नामक एक परंपरागत छत्तीसगढ़ी भोजनालय की शुरुआत की। शुरुआत में राह आसान नहीं थी, लेकिन दृढ़ निश्चय और परिश्रम ने उन्हें पीछे मुड़कर देखने का मौका नहीं दिया। उन्होंने गढ़ कलेवा में छत्तीसगढ़ी व्यंजनों जैसे चीला, फरा, ठेठरी, खुरमी, अईरसा, चौसेला, तसमई, करी लड्डू, सोहारी आदि के साथ-साथ मिलेट्स (मोटा अनाज) से बने पारंपरिक पकवानों को परोसना शुरू किया। गढ़ कलेवा सिर्फ एक व्यवसाय नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को संजोने और आगे बढ़ाने का एक माध्यम बन गया। यहाँ आने वाले लोगों को न केवल स्वादिष्ट छत्तीसगढ़ी खाना मिलता है, बल्कि वहाँ की सजीवता और पारंपरिक सजावट भी उन्हें अपनेपन का अहसास कराती है। वो बताती हैं कि उन्होंने अपने व्यवसाय के साथ-साथ बांस की कलाकृतियाँ, हस्तनिर्मित सजावटी वस्तुएँ भी बनाना शुरू किया, जिससे अतिरिक्त आय के साथ-साथ राज्य की लोककला को भी बढ़ावा मिला।

## कहीं भी गंदगी और कबाड़ दिखने पर होगा एक्शन

### निगम क्षेत्र में स्वच्छता पर जोर



कोरबा, 21 जुलाई (देशबन्धु)। निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने शहर के बुधवारी सब्जी व फल बाजार में गदंगी फैलाने तथा दुकानों से निकले कचरे को डस्टबिन में न रखने पर निगम की एक्शन टीम ने उन पर कार्यवाही करते हुए संबंधितों पर अर्थदण्ड आरोपित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। टीम ने संबंधितों को कड़ी हिदायत दिया गया कि दुकानों में डस्टबिन रखा करें एवं दुकान से उत्सर्जित कचरा डस्टबिन में ही डालें। बाजार में गदंगी न फैलाए अन्यथा नियमों का पालन न करने पर कड़ी कार्यवाही की जावेगी।

अपर आयुक्त विनय मिश्रा द्वारा अधिकारियों की टीम के साथ निगम की कर्मशाला का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि वहाँ पर खड़ी हुई वाहनों में से जो वाहन मरम्मत योग्य है, उनका मरम्मत कराकर उपयोग में लाया जावे तथा वाहनों के खराब पड़े हुए पाट्‌र्स व अन्य कबाड़ को इधर उधर न रखें। व्यवस्थित रूप से पाट्‌र्स व कबाड़ को रखने के निर्देश उन्होने अधिकारियों को दिया, साथ ही उन्होने पम्प हाउस स्थित महात्मा गांधी अर्बन इंडस्ट्रीज पार्क का भी निरीक्षण किया तथा उक्त स्थल पर किसी प्रकार का किसी के द्वारा अनाधिकृत रूप से अतिक्रमण न हो, इसकी समुचित व्यवस्था करने के निर्देश साथ में चल रहे अधिकारियों को दिये गये। भ्रमण के दौरान जोन कमिश्नर भूषण उरांव, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सहायक अभियंता विपिन मिश्रा, अभय मिंज, उप जोन प्रभारी सुमित गुप्ता, करन पाण्डेय, प्रिंस सिंह, मनोज साहू के साथ ही अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# जंगलों में काली करतूत को छुपा नहीं सके भूपेश : लखनलाल



**कोरबा**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जंगलों में भी काले करतूत को नहीं छुपा सकें। चैतन्य बघेल कांग्रेस के आखिर किस पद पर है जिसके लिए पूरी कांग्रेस प्रदेश में प्रदर्शन करने के साथ जनता को परेशान करने की तैयारी में है।

लखनलाल देवांगन प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चैतन्य बघेल के खिलाफ ईडी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जांच कर रही है और कांग्रेस इसे जनहित का मुद्दा बताकर विरोध करने पर उतारू है। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल की सरकार ने कोल परिवहन के सिस्टम को ऑनलाइन से ऑफलाइन कर दिया था। कोरबा समत अन्य जिलों के खदानों से निकलने वाले कोयले में अवैध वसूली की जाती थी। भाजपा सरकार बनने के सिर्फ दो महीने बाद 7 फरवरी 2024 को कॉल परिवहन का सिस्टम पुनः ऑनलाइन कर दिया गया था। इस तरह से गड़बड़ी के सारे रास्ते को जीरो टॉलरेंस नीति के तहत विष्णु देव सरकार बंद कर चुकी है। शराब घोटाले, कोयला घोटाले, चावल घोटाले, गोठान घोटाले से लेकर पीएससी घोटालों के आरोपी एक एक कर नप रहे हैं। इससे भूपेश बघेल परेशान है। देवांगन ने कहा कि कोयले के मामले को लेकर कांग्रेस हमेशा से दोहरा मापदंड अपनाती रही है। न केवल भूपेश बघेल ने कोल ब्लॉक अशोक गहलोत को आवंटित किया था, बल्कि उससे पहले भी मनमोहन सिंह की सरकार में तमाम नियमों को धत्ता बताते हुए छत्तीसगढ़ के कोल ब्लॉक आवंटन की राह आसान की थी। उन्होंने कहा कि साल 2010 में केन्द्र में कॉंग्रेस की सरकार थी, तब कोयला मंत्रालय और पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा हसदेव अरण्य को पूरी तरह से नो-गो जोन घोषित किया गया था। उसे कांग्रेस नीत सरकार के पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने ही सबसे पहले गो एरिया घोषित किया था। प्रेस वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, पार्षद अशोक चावलानी, नरेंद्र देवांगन सहित अन्य उपस्थित रहे ।

## पंडोपारा की महिला की आर्थिक दशा बदली महतारी वंदन ने



**कोरबा,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। जिले के पाली ब्लॉक अंतर्गत सीमावर्ती ग्राम पंडोपारा की रहने वाली पूजा पंडो की स्थिति पहले से काफी बदल चुकी है। एक समय था जब पूजा आर्थिक तंगी और सीमित संसाधनों के चलते अपने परिवार का भरण-पोषण करने में कठिनाइयों का सामना कर रही थीं। लेकिन छत्तीसगढ़ शासन की महतारी वंदन योजना ने उनकी जिंदगी की दिशा बदल दी।

पाली ब्लॉक के अंतर्गत पंडोपारा की रहने वाली पूजा ने बताया कि उनके खाते में हर माह एक हज़ार रुपये आता है। महतारी वन्दन योजना के रूप में सहायता मिलने से पूजा को न केवल आर्थिक संबल मिला, बल्कि उन्होंने इस राशि का सही उपयोग कर अपनी आजीविका को सशक्त बनाया। पूजा ने बताया कि वह जंगल के पास रहती है। आसपास कुक काम मिल पाना मुश्किल है। इसलिए शुरुआत में इस राशि से सब्जी बेचने का छोटा व्यवसाय शुरू किया। धीरे-धीरे उनकी मेहनत रंग लाई और आज वह न केवल खुद के लिए आय का साधन बना चुकी हैं, बल्कि गांव की अन्य महिलाओं को भी स्वरोजगार के लिए प्रेरित कर रही हैं।

# कांग्रेस शासन में जीएसटी परीक्षा में गड़बड़ी, केन्द्र करें जांच

### पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर ने प्रधानमंत्री को भेजा पत्र



**कोरबा,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर का आरोप है कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में वर्ष 2021 एवं 2022 में वाणिज्यिक कर (जीएसटी) विभाग छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा विभागीय वाणिज्यिक कर निरीक्षक (राज्य कर निरीक्षक) पद में पदोन्नति हेतु विभागीय तृतीय वर्ग के कर्मचारियों की परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसमें विभाग वर्ष 2021 एवं वर्ष 2022 में क्रमशः 21-21 कुल 42 पदों के लिए दोनों बार लगभग 350 कर्मचारी सम्मिलित हुए, किन्तु उक्त परीक्षा में भारी भ्रष्टाचार हुआ। इसकी जांच के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री को चिट्ठी भेजी है।

ननकीराम कंवर ने पत्र में लिखा कि भ्रष्टाचार करने के नियत से विभागीय अधिकारियों द्वारा विभाग से परीक्षा लेने के लिए व्यापमं से परीक्षा न लेकर स्वयं विभाग द्वारा परीक्षा का आयोजन किया गया। व्यापमं से परीक्षा न कराना ही भ्रष्टाचार को जन्म देता है। उक्त परीक्षा के लिए लगभग 1 माह का समय दिया गया था, जिसमें निर्धारित न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना था। किन्तु इस परीक्षा में जो कर्मचारी उत्तीर्ण/चयनित हुये हैं उनके 80-100 प्रतिशत अंक के आस-पास हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि उन्हे प्रश्न पत्र 1 से 2 दिन पहले ही प्राप्त हो गये थे या पहले से ही जिसका चयन करना था वह निश्चित हो गया था। इस परीक्षा में विभाग के तत्कालीन आयुक्त समीर बिश्नोई (आई.ए.एस.) के पीए तथा विभाग के अन्य उच्च अधिकारियों से संबंधित कर्मचारियों का भी का चयन हुआ है, इस संबंध में जो परीक्षार्थी उत्तीर्ण/चयनित हुवे है।

श्री कंवर ने बताया कि परीक्षा वर्ष 2021 एवं 2022 में आयोजित की गई थी, जिस दौरान छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी का शासनकाल था। उक्त अवधि में विभाग के तत्कालीन आयुक्त समीर बिश्नोई (आई.ए.एस.) पदस्थ थे, जो कोयला कारोबारियों से मनी लॉन्ड्रिंग व आय से अधिक सम्पत्ति रखने के आरोप में जेल में हैं। इससे यह सुनिश्चित होता है कि उक्त परीक्षा में भी भ्रष्टाचार कर गलत तरीके से भर्ती की गई है।

# स्टेट कराते स्पर्धा के लिए 50 खिलाड़ी क्वालीफाई




**कोरबा**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। द्वितीय जिला स्तरीय कराटे चैंपियनशिप का आयोजन लेवल अप मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स अकादमी, सिटी सेंटर मॉल, कोरबा में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में जिले भर के 60 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इनमें से 50 ने स्टेट काम्पीटिशन के लिए क्वालीफाई किया। जो 27 जुलाई को रायपुर में आयोजित है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कोरबा जिला कराटे डू स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अविनाश बंजारे ने की। मुख्य अतिथि एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल थे। विशिष्ट अतिथि अमित टमकोरिया उपस्थित रहे। अविनाश बंजारे ने बताया कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से आगामी राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप हेतु चयन प्रक्रिया भी संपन्न की गई, जिसके अंतर्गत 50 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। मुकाबलों का संचालन अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता स्नेहा बंजारे की देखरेख में किया गया। चयन समिति में कोच प्रेमराज बंजारे, अजीत शर्मा, देवाशीष कश्यप, ईशा सोनवानी , रिया श्रीवास, कविता साहू, छत्रसाल प्रताप सिंह, करण कुमार बरेठ, गगन मानिकपुरी, सुशील एवं सागर मानिकपुरी निर्णायक थे। पदक विजेता खिलाड़ियों में अक्षत साहू, आरुष राठौर, एकांश राठौर, अंशिका अग्रवाल, तेजस साहू, आर्यन विक्टर सिंह, अर्णव यादव, एंजेल यादव, पारस बंजारे, माउथ्यू एक्का, नेवान आर. पिल्लै, फरहान, अधृत नारायण पांडे, श्याम यादव, रक्षा शुक्ला, हर्षिता कैवर्त, जहाँ मानिकपुरी, आयुष उरांव, लोमश प्रसाद सिन्हा, प्रतीक सिंह, आर्य सेठी, एकदा महंत, अर्णव साहू, रोहन कुमार श्रीवास, अमन टोप्पो, मिया अलापट्ट, जैस्मिन कुर्रे, लखन साहू, अक्षत पांडे, धीरज कुमार बरेठ, गुलशन बोरकर, अनीश कुमार खरे, जाकिर हमजोर, काव्य श्रीवास, रागिनी निर्मलकर, रुचि राहंगडाले, स्वाति ओगरे, अनुज अग्रवाल, अविनाश परमानी, गुंजन देवांगन, रियान तिर्की, साहिल कुमार महतो, शिवांश सोनी, समीर कुमार कवर, आलोक गुप्ता, संपदा सक्सेना, इशाक़ कुजूर, वैभव कृष्णा, मयंक कश्यप, अनुप्रीत सिन्हा, भूपेश कुमार सारथी, फ्रांसिस कुजूर शामिल है। अतिथियों ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

## सार-संक्षेप

### टेलर की चपेट में आने से बाईक सवार युवक की मौत



**रायगढ़** 21 जुलाई (देशबन्धु)। बीती रात तेज रफ्तार टेलर की चपेट में आने से बाईक सवार एक युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मृतक के शव को अस्पताल भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मामला खरसिया थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक खरसिया थाना क्षेत्र के वार्ड नं. 3 तुर्रीपारा, सरवानी निवासी छोटे देवगांव निवासी अजय कुमार बीती रात 9 बजे के आसपास किसी काम के सिलसिले में वह सक्ती की तरफ जा रहा था। बताया जा रहा है कि बाईक सवार युवक जब एनएच 49 में ग्राम छोटे देवगांव के पास पहुंचा ही था कि पीछे की तरफ से आ रहे टेऊ्लर चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाईक सवार को कुचलकर मौके से फरार हो गया।

सड़क हादसे में युवक की मौत की जानकारी मिलते ही डायल 112 की टीम के अलावा खरसिया पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मृतक युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजते हुए मर्ग पंचनामा कार्रवाई पश्चात आरोपी चालक की पतासाजी में जुट गई है।

### जेलपारा में युवक ने लगाई फांसी

**रायगढ़,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। शहर के जेलपारा क्षेत्र में रविवार दोपहर एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां 29 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान निर्मल लहरे पिता गणेश लहरे के रूप में हुई है। घटना दोपहर लगभग 1 बजे की बताई जा रही है, जब परिजनों ने उसे कमरे में फांसी पर लटका देखा। यह दृश्य देख परिजनों में कोहराम मच गया और आसपास के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, निर्मल विवाहित था और उसका एक बेटा भी है। परिजन बताते हैं कि वह सुबह से ही शराब के नशे में था। घटना को लेकर घर में कहा-सुनी और मजाक-मजाक के दौरान यह हादसा हो गया। परिजन जब कमरे में पहुंचे, तो देखा कि निर्मल पलंग पर चढ़कर अल्वेस्टर पाइप में चुन्नी बांधकर फांसी पर झूल रहा है। उसका शरीर निर्जीव और शिथिल हो चुका था। स्थानीय वार्ड पार्षद को मोहल्लेवासियों ने तुरंत सूचना दी, जिनके द्वारा पुलिस को भी जानकारी दी गई। लेकिन परिजनों का आरोप है कि तीन घंटे बीत जाने के बाद भी मौके पर पुलिस जांच के लिए नहीं पहुंची थी। इससे स्थानीय लोगों में आक्रोश देखा गया। घटना की पुष्टि होने के बावजूद पुलिस की लेटलतीफी पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। मामले की जांच अब पुलिस के पहुंचने के बाद ही आगे बढ़ेगी, लेकिन लापरवाह रवैये को लेकर लोगों में भारी नाराजगी है।

### शादी समारोह में गए परिवार के सुने घर में हुई थी चोरी
#### पुलिस ने तीन चोरों को पकड़ा, लाखों का माल बरामद

**रायगढ़** 21 जुलाई (देशबन्धु)। चक्रधरनगर थाना क्षेत्र के दुर्गा चैक स्थित एक शासकीय क्वार्टर में हुई नकबजनी के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक सहित दो नाबालिग आरोपियों को पकड़ा है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से नकदी 28 हजार रुपये, लैपटॉप बरामद कर ली गई है। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया है। घटना 30 जून को सामने आई जब महिला बाल विकास विभाग में सहायक ग्रेड-03 के पद पर पदस्थ सुरेश बेहरा, निवासी दुर्गा चैक, शासकीय क्वार्टर नंबर एध्2, ने थाना चक्रधरनगर में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सुरेश ने बताया कि वह 28 जून को अपने परिवार के साथ आमगांव तमनार शादी समारोह में गए थे और 30 जून को सुबह लौटने पर देखा कि घर का मुख्य द्वार टूटा हुआ है, भीतर सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा है और 42,000 रुपये नकद, भ्च् कंपनी का लैपटॉप, दो स्मार्ट वॉच और दो चांदी की पायल चोरी हो गई है। रिपोर्ट के आधार पर थाना चक्रधरनगर में धारा 305(ए), 331(4)-बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कसेरपारा निवासी 18 वर्षीय आशीष चैहान इस चोरी में संलिप्त है। पुलिस ने आशीष को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने अपने दो नाबालिग साथियों के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम देने की बात कबूली। इसके बाद पुलिस ने दोनों विधि से संघर्षरत बालकों को भी पकड़ा। तीनों आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गया एचपी लैपटॉप, नकदी 28,000 रुपये और वारदात में प्रयुक्त लोहे की रॉड बरामद की गई। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित शुक्ला, सहायक उप निरीक्षक नंद कुमार सारथी, प्रधान आरक्षक श्याम देव साहू, आरक्षक अभय यादव और महिला आरक्षक माधुरी राठिया की विशेष भूमिका रही।

### दुष्कर्म के आरोपी को कापू पुलिस ने दबोचा



**रायगढ़** 21 जुलाई (देशबन्धु)। जिले के कापू थाना क्षेत्र में दुष्कर्म की रिपोर्ट पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी युवक को उसके घर से दबिश देकर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। यह कार्रवाई उस वक्त की गई जब एक युवती ने शुक्रवार 18 जुलाई को थाना कापू में रिपोर्ट दर्ज कराई कि युवक तुलसी राठिया ने शादी का झांसा देकर लंबे समय तक उसके साथ शारीरिक शोषण किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता की मुलाकात आरोपी तुलसी राठिया पिता जयपाल राठिया (24 वर्ष) से वर्ष 2020 में एक शादी समारोह के दौरान हुई थी। इस मुलाकात के बाद आरोपी ने युवती से उसका मोबाइल नंबर लेकर संपर्क बनाना शुरू किया। कुछ समय बाद उसने प्रेम का इजहार कर शादी का वादा किया और इसी बहाने पहली बार गांव के बाहर खेत में जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया। युवती के अनुसार, उसके मना करने के बावजूद आरोपी ने कई बार अपने घर में भी जबरन संबंध बनाए और जब भी शादी की बात की, वह टालमटोल करता रहा। अंततः अब आरोपी ने शादी से साफ इनकार कर दिया, जिसके बाद पीड़िता ने साहस कर थाने में शिकायत दर्ज कराई। कापू थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर तत्काल संज्ञान लेते हुए आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 110ध्2025 धारा 69 बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी अपने घर में ही छिपा हुआ है, जिस पर रविवार दोपहर दबिश देकर उसे गिरफ्तार किया गया और न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# पुत्र मोह में भूपेश ने पूरी कांग्रेस को झोंका-श्यामबिहारी

## भ्रष्टाचारियों को बचाने प्रदेश की जनता को परेशान किया जा रहा इसे कहते है चोरी ऊपर से सीना जोरी

### भूपेश के बेटे कांग्रेस के कौन से पद पर है जो कांग्रेस प्रदर्शन कर रही है

### भाजपा ने पत्रकार वार्ता में किया कांग्रेस के झूठ का पर्दाफाश

### जारी किए,कोयला आबंटन और पेड़ों की कटाई के भूपेश बघेल सरकार के कई दस्तावेज

### भूपेश बघेल झूठ की फैक्ट्री, कोयला आबंटन के लिए कई पत्र लिखे और परमिशन दिलवाई




**चिरमिरी,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री व मनेंद्रगढ़ विधानसभा के विधायक श्यामबिहारी जायसवाल .ने आज चिरमिरी स्थित श्यामली गेस्ट हॉउस मे आहूत संवाददाता सम्मेलन/प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस बताएं कि भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल कांग्रेस के किस पद पर है, जिस व्यक्ति का कांग्रेस में कोई पद नहीं उसे व्यक्ति के लिए पूरी कांग्रेस प्रदेश में प्रदर्शन कर रही है इसका साफ मतलब है कि भूपेश बघेल ने पूरी कांग्रेस को पुत्र मुंह में झोंक दिया है।

श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि हमने पहले भी बड़े-बड़े ऐसे उदाहरण देखें हैं जिसमें लोगों ने पुत्र मोह में खुद को भी बर्बाद किया और अपने पूरे साम्राज्य को भी बर्बाद किया है और भूपेश बघेल इस दिशा में काम करते हुए दिखाई दे रहे हैं। भूपेश बघेल और कांग्रेस भ्रष्टाचारियों को बचाने पूरे प्रदेश की जनता को परेशान कर रही है और साथ ही उनका आर्थिक रूप से नुकसान भी करने जा रही है जो की प्रदेश की जनता स्वीकार नहीं करेगी।

कोल ब्लॉक आवंटन को लेकर कांग्रेस पार्टी और भूपेश बघेल के झूठ का पर्दापाश हो गया है। भाजपा ने पत्रकार वार्ता में तथ्यों एवं दस्तावेज प्रेजेंटेशन के माध्यम से कांग्रेस के झूठ को एक बार फिर बेनकाब किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चोरी और सीनाजोरी का उदाहरण बार-बार प्रस्तुत कर रही है। आप सबको पता होगा कि अपने शासनकाल के पाँच वर्ष में भूपेश बघेल जी ने छत्तीसगढ़ को दस जनपथ का चारागाह बना दिया था। उन्होने कहा कि शराब घोटाला, कोयला घोटाला, चावल घोटाला, गोठान घोटाले से लेकर पीएससी घोटाले तक में इसने प्रदेश के संसाधनों को जम कर लूटा था, आज इन घोटालों के आरोपी एक - एक कर नप रहे हैं। सभी जेल जा रहे हैं। श्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा कि बेवजह जिस तरह अपराधियों के विरुद्ध हो रही कानून सम्मत कार्रवाई को कहीं और मोड़ा जा रहा है, यह दुर्भाग्यजनक और कांग्रेस में हिप्पोक्रेसी का सबसे बड़ा नमूना है।

श्री जायसवाल ने आगे कहा कि जब भी आप सभी कॉल ब्लॉक आवंटन और पेड़ कटाई आदि पर सवाल उठाते थे, तो दस जनपथ के दबाव में सीधे तौर पर भूपेश बघेलजी बचाव में आ जाते थे। कहते थे कि कोल ब्लॉक आवंटन का विरोध करने वाले अपने-अपने घरों की बिजली बंद कर दें। सवाल यह है कि अब जब झूठे और बेबुनियाद आरोप लगा कर भूपेशजी अपनी कालिख धोने की कोशिश कर रहे हैं, तो क्या वह अपने घर और राजीव भवन की बिजली बंद करेंगे? पत्रकार वार्ता के आगे की कड़ी में श्री जायसवाल ने कहा कि यह तथ्य है कि न केवल भूपेश बघेल ने कोल ब्लॉक, अशोक गहलोत को आवंटित किया था, बल्कि उससे पहले भी मनमोहन सिंह जी की सरकार में तमाम नियमों को धता बताते हुए छत्तीसगढ़ के कोल ब्लॉक आवंटन की राह आसान की थी। उन्होंने कहा कि साल 2010 के दौरान केन्द्र में कॉंग्रेस की सरकार थी, तब कोयला मंत्रालय और पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा हसदेव अरण्य को पूरी तरह से नो-गो जोन घोषित किया गया था। उसे कांग्रेस नीत सरकार के पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने ही सबसे पहले गो एरिया घोषित किया था।

श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि 23 जून 2011 को केन्द्र में कांग्रेस की सरकार रहते ही तारा परसा ईस्ट और कांटे बेसन कोल ब्लॉक को खोलने का प्रस्ताव दिया गया। जब छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की सरकार थी, उस वक्त अडानी को दो बड़ी खदानों गारे पेलमा सेक्टर-2 और राजस्थान में केते एक्सटेंशन ब्लॉक का ऑपरेटर बनाया गया। इसी तरह भूपेश बघेलजी के मुख्यमंत्री कार्यकाल में ही 16 अक्टूबर 2019 को राज्य सरकार ने पर्यावरण स्वीकृति के लिए सिफारिश भेजी, और कहा कि 31 मार्च 2021 को ओपन कास्ट गारे पेलमा सेक्टर-2, मांड-रायगढ़ कोलफील्ड के लिए हुआ समझौता भी सबके सामने है। इसी क्रम में 19 अप्रैल 2022 को भूपेश बघेल के मुख्यमंत्री रहते ही कांग्रेस सरकार द्वारा वन स्वीकृति स्टेज-1 और 23 जनवरी 2023 को वन स्वीकृति स्टेज-2 के लिए सिफारिश भेजी गई, उन्होंने आगे कहा कि महाजेंको कोल फील्ड की स्वीकृति में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की संलिप्तता को लेकर तब अनेक अखबारों ने समाचार भी प्रकाशित किए थे। 25 मार्च 2022 को भूपेश सरकार ने राजस्थान में अशोक गहलोत की सरकार के रहते राजस्थान को कोल माइंस का आबंटन किया था।

श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि जब छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार रही तब राजस्थान के तत्कालीन मंत्री बी डी कल्ला ने भूपेश बघेल को पत्र लिखा और राजस्थान के तत्कालिक मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक सप्ताह के भीतर कई पत्र लिखे कोल ब्लॉक आंबटन के लिए। जिसे छत्तीसगढ़ और देश की जनता ने देखा है। भारतीय जनता पार्टी एमसीबी के इस पत्रकार वार्ता में नगर पालिक निगम के महापौर राम नरेश राय, सभापति संतोष सिंह, मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम सोनकर, जिला उपाध्यक्ष जमुना पांडे, मीडिया प्रभारी संजय गुप्ता, चिरमिरी मंडल मीडिया प्रभारी राजेश उपाध्याय सहित राजू नायक, रीत जैन, बबलू शर्मा, अजय सिंह, विजय सिंह, दुर्गा प्रसाद सोनी, चोलू सेठिया, आशीष अग्रवाल मौजूद रहे।

#### भाजपा ने कांग्रेस से सवाल किया कि

क्या वह मनमोहन सिंह सरकार के समय हुए निर्णयों के लिए आज माफ़ी मांगेंगे? क्या भूपेश बघेल यह घोषणा करेंगे कि अब कांग्रेस कभी बिजली का उपयोग नहीं करेगी, क्योंकि स्वयं यह कह चुके हैं कि विरोध करने वाले अपने घर की बिजली बंद कर दें। क्या कांग्रेस हर अपराधी के पक्ष में ऐसे ही खड़ी होगी, जैसे आज पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे के लिए हुई है?

## विजय कारगिल दिवस पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



**मनेद्रगढ़**,21 जुलाई (देशबन्धु)। देश भक्ति साहस एवं नेतृत्व जैसे मूल्यों के संवर्धन के लिए 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर , हिंदी साहित्य भारती एमसीबी जिला इकाई के द्वारा जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। निबंध का उद्देश्य युवा पीढ़ी के साथ जन सामान्य के मन में देश भक्ति वीरता और बलिदान की भावना का प्रचार प्रसार करना है। हिंदी साहित्य भारती के जिला संयोजक एवं वरिष्ठ साहित्यकार सतीश उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि विजय कारगिल दिवस- शौर्य और वीरता का प्रतीक- विषय पर मौलिक निबंध 500 शब्दों में इसेप्रतिभागियों से आमंत्रित किये जा रहे हैं। प्रतियोगिता में कोई भी स्कूल कॉलेज के छात्रों के अतिरिक्त कोई भी भारतीय नागरिक अपनी प्रविष्टि भेज सकता है। निबंध भेजने की अंतिम तिथि 25 जुलाई है। निबंध हिंदी साहित्य भारती के कार्यक्रम संयोजक सतीश उपाध्याय के व्हाट्सएप नंबर 93000 91 563 में भेज सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए हिंदी साहित्य भारती जिला कार्यालय वार्ड नंबर 10 , स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कुटी अग्रवाल लाज रोड से कार्यालय समय में संपर्क किया जा सकता है। कारगिल विजय दिवस में सर्वश्रेष्ठ निबंधकार को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में , सम्मानित किया जाएगा। सम्मान समारोह में विजय कारगिल दिवस के अवसर पर, आमंत्रित विशिष्ट वक्ताओं एवं स्वयंसेवी संस्था के प्रतिनिधियों के द्वारा के द्वारा राष्ट्रीय एकता संकल्प और बलिदान के प्रतीक कारगिल युद्ध विजय दिवस पर विचार भी व्यक्त किए जाएंगे । प्रथम विजेता प्रतिभागी को नगद राशि के साथ स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया जाएगा।

## आज ईडी की दमनकारी कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस का चक्का जाम, बिजली की बढ़ती दामों के खिलाफ बिजली ऑफिस घेराव

### स्कूल बसों एवं एम्बुलेंस के अलावा सबके लिए जाम रहेंगी सड़कें, विद्युत कार्यालय में भी गरजेंगें कांग्रेसी

**मनेंद्रगढ़,**21 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार केंद्र व राज्य सरकार की एजेंसियों द्वारा कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं के विरुद्ध की जा रही दमनात्मक कार्रवाई के विरोध में प्रदेश के समस्त जिलों में 22 जुलाई 2025, मंगलवार को आर्थिक नाकेबंदी,चक्का जाम आंदोलन का निर्णय लिया गया है इसके साथ ही बिजली के लगातार बढ़ते दामों के खिलाफ कार्यपालन अधिकारी बिलजी विभाग के कार्यालय का घेराव भी किया जाएगा।

इसी क्रम में जिला कांग्रेस कमेटी मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा पीडब्ल्यूडी तिराहा, मनेन्द्रगढ़ में प्रातः 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक चक्का जाम किया जाएगा, उक्त कार्यक्रम के बाद कार्यपालन अधिकारी विद्युत विभाग के अमखेरवा स्थित कार्यालय का घेराव दोपहर 2 बजे से किया जाएगा।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि यह चक्का जाम ईडी द्वारा केंद्र सरकार के इशारे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को निशाना बनाने, विपक्ष की आवाज़ दबाने और लोकतांत्रिक संस्थाओं का दुरुपयोग करने के खिलाफ किया जा रहा है जिसका विरोध चक्काजाम कर किया जाएगा इसके साथ ही प्रदेश में लगातार बढ़ते बिजली के दाम के विरोध में विद्युत विभाग का कार्यालय घेराव किया जाएगा।

श्रीवास्तव ने बताया कि इस आंदोलन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, किसान कांग्रेस, सेवा दल, अल्पसंख्यक कांग्रेस, आदिवासी कांग्रेस सहित सभी फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित की गई है। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सौरव मिश्रा ने सभीकार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे समय पर चक्काजाम एवं बिजली ऑफिस घेराव कार्यक्रम में पहुंचकर इस जनविरोधी नीति के खिलाफ एकजुट होकर शांतिपूर्ण एवं प्रभावी विरोध दर्ज कराएं, साथ ही इस चक्का जाम में स्कूल बसों और एंबुलेंस को मुक्त रखा जाएगा।

पूर्व विधायक गुलाब कमरों ने बताया कि केंद्र में बैठी भाजपा सरकार श्वष्ठ के सहारे विपक्ष का दमन कर रही है वहीं राज्य में बैठी भाजपा सरकार दिन प्रतिदिन बिजली के दामों में बढ़ोतरी कर आम नागरिकों के जेब में डाका डाल रही है इन दोनों घटना के विरोध में चक्काजाम और विद्युत कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

### लंबे समय से फरार 10 वारंटियों को किया गिरफ्तार

**रायगढ़** 21 जुलाई (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देशन पर रायगढ़ जिले में फरार वारंटियों, चोरी और लूट के मामलों में पुलिस द्वारा सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज थाना छाल पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है, जब निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर कुल 10 फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। ये सभी आरोपी लंबे समय से गिरफ्तारी वारंट की तामिली से बचते आ रहे थे और लगातार फरार चल रहे थे। थाना छाल की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से अलग-अलग गांवों और ठिकानों पर दबिश देकर सभी को हिरासत में लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के विरुद्ध पूर्व से न्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया था, जिन्हें अब न्यायिक प्रक्रिया में आगे बढ़ाया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी छाल के साथ पुलिस टीम के अन्य सदस्यों की सतत निगरानी, तकनीकी सर्च और स्थानीय जानकारी के माध्यम से सफलता हासिल की गई। पुलिस अधीक्षक ने इस कार्रवाई की सराहना करते हुए निर्देश दिए हैं कि ऐसे फरार वारंटियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रखी जाए ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था और मजबूत हो सके।

### 20 अगस्त तक होगा मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तकरण

**सारंगढ़ बिलाईगढ़,**21 जुलाई (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ यशवंत कुमार के निर्देश पर सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के 1200 से अधिक मतदाता संख्या वाले मतदान केंद्रों का 20 अगस्त 2025 तक युक्तियुक्तकरण होगा। इसके अंतर्गत सारंगढ़ विधानसभा (17) में 27 मतदान केंद्र और बिलाईगढ़ विधानसभा (43) में 48 मतदान केंद्र है।

## रायगढ़ जिले के थानों में सुरक्षा को लेकर सक्रियता

### व्यापारियों व नागरिकों के साथ बैठक कर सीसीटीवी लगाने की अपील

**रायगढ़** 21 जुलाई (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न थानों में आज सुरक्षा जागरूकता की दिशा में एक प्रभावी पहल की गई। थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापारियों, सामाजिक संस्थाओं और प्रतिष्ठित नागरिकों के साथ बैठकें आयोजित कर सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की अपील की। इन बैठकों का उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाना और अपराधों पर अंकुश लगाना रहा।



थाना चक्रधरनगर प्रभारी ने कमला नेहरू पार्क में मॉर्निंग वॉकर ग्रुप के सदस्यों के साथ बैठक की और पार्क के सामने मुख्य मार्ग पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए प्रेरित किया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने जल्द ही कैमरे लगाने का आश्वासन दिया।

इसी प्रकार थाना धरमजयगढ़, तमनार, पुसौर और लैलूंगा के प्रभारियों ने अपने क्षेत्रों में व्यापारियों, सामाजिक संस्थाओं और प्रतिष्ठित नागरिकों के साथ बैठक आयोजित कर सीसीटीवी कैमरों की उपयोगिता व आवश्यकता को समझाया। उन्होंने दुकानों व मुख्य मार्गों पर कैमरे लगाने की अपील की, जिस पर उपस्थित जनों ने सहमति व्यक्त की। थाना भूपदेवपुर प्रभारी ने एक कदम आगे बढ़ते हुए ग्राम पंचायतों के सरपंचों के साथ बैठक की और उन्हें शराबबंदी एवं ग्रामीण सुरक्षा के मद्देनजर प्रत्येक गांव के चैक-चैराहों पर कैमरे लगाने हेतु प्रेरित किया।

इस अभियान के तहत कई जगहों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी लगाए भी गए। खरसिया थाना प्रभारी ने एनएच-49 पर चोढ़ा और छाल रोड पर स्थित एक होटल में कैमरे लगवाए, जबकि भूपदेवपुर थाना प्रभारी ने एनएच-49 के काशीराम चैक जैसे दुर्घटनाजन्य क्षेत्र में कैमरे लगवाकर निगरानी व्यवस्था को मजबूत किया। जिले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस की यह मुहिम जनसहभागिता के माध्यम से निरंतर आगे बढ़ रही है, जिससे अपराधों पर नियंत्रण और आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ हो रही है।

## मंगाया कुछ,भेजा कुछ, अमेजन की लापरवाही

### मोबाईल भेंजे या रकम लौटाएं, फोरम का फैसला

**रायगढ़** 21 जुलाई (देशबन्धु)। अमेजन सेलर सर्विस से 48 हजार 441 रूपए मूल्य का दो नग वन प्लस टी मोबाईल मंगवाने पर खरीददार को एक नग वन प्लस टी तथा एक नग वन प्ललस के अन्य मॉडल नार्ड की सप्लाई करके सेवा में कमी करने के मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने अमेजन सेलर को सेवा में कमी का दोषी ठहराते हुए 45 दिवस के भीतर क्रेता के पसंद की मोबाईल सौंपने अथवा उसकी रकम वापस करने का आदेश पारित किया है। निर्णय में आदेश का पालन न करने पर जुर्माने का भी प्रावधान रखा गया है।

मामला संक्षेप में इस प्रकार है कि आवेदक दीपेश मिश्रा, निवासी बस डिपो रामभांठा, अनावेदक अमेजन सेलर सर्विस प्रायवेट लिमिटेड ब्रीज गेटवे 8वीं मंजिल बैंगलोर एवं अजीत राठौर प्रबंधक अमेजन इंडिया, कार्यालय छातामुड़ा रायगढ़ से 20 नवंबर 2022 को दो नग वन प्लस 10 टी कंपनी का मोबाईल फोन 48 हजार 441 में आर्डर किया था जिसका कुल कीमत 97 हजार 683 रूपये भुगतान कर दिया था। आवेदक को उक्त पार्सल 24 नवंबर 2022 को प्राप्त होनें पर पार्सल के भीतर एक नग वन प्लस टी कंपनी का मोबाईल तथा दूसरा मोबाईल वन प्लस नार्ड जिसका मॉडल नंबर सीई 2 लाईट 5जी प्राप्त हुआ, जिसे वह नही मंगाया था।

आवेदक दीपेश मिश्रा ने अनावेदक अमेजन सेलर सर्विस प्रायवेट लिमिटेड को सूचना दिये जाने पर उसे आश्वस्त किया गया कि दूसरा मोबाईल जल्द भिजवा दिया जाएगा, शिकायत दर्ज कर लिया गया है। शिकायत नंबर की मांग किये जाने पर देने में टाल मटोल किया जाता रहा और मोबाईल वन प्लस 10 टी प्रेषित कर सेवा में कमी की गई है। आवेदक दीपेश मिश्रा ने अमेजन सेलर सर्विस प्रायवेट लिमिटेड के द्वारा किये गए छल के संबंध में 04 फरवरी 2023 को सिटी कोतवाली थाने में शिकायत करते हुए अपने अधिवक्ता के माध्यम से 16 फरवरी 2023 को कानूनी नोटिस प्रेषित कर दावा राशि की मांग करने के बाद भी वापस नही कर सेवा में कमी की गयी है। अतः आवेदक ने परिवाद पेश कर वांछित अनुतोष दिलाये जाने का निवेदन किया।

इस मामले में आयोग के अध्यक्ष छमेश्वर लाल पटेल व सदस्य द्वय राजेन्द्र कुमार पाण्डेय एवं राजश्री अग्रवाल की ओर से दोनों पक्षों की सुनवाई पश्चात इस मामले में अमेजन सेलर सर्विस प्रायवेट लिमिटेड को सेवा में कमी का आंशिक दोषी मानते हुए अमेजन सेलर सर्विस प्रायवेट लिमिटेड को 45 दिन के भीतर वन प्लस नार्ड मोबाईल तथा आवेदक दीपेश मिश्रा से प्राप्त कर वन प्लस 10टी मोबाईल प्रदान करेंगे। अथवा आवेदक द्वारा प्रदत्त मोबाईल का मूल्य 48 हजार 441 रूपये प्रदान करेंगे। नियत अवधि में मोबाईल प्रदान न कर रकम प्रदान करने की दशा में दावा प्रस्तुति दिनांक से अदायगी दिनांक तक 09 प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज अदा करेंगे। अमेजन सेलर सर्विस प्रायवेट लिमिटेड आवेदक दीपेश मिश्रा को मानसिक आर्थिक क्षति के रूप में 10 हजार रूपे वाद व्यय के रूप में 5 हजार आदेश दिनांक से 45 दिन के भीतर प्रदान करने को कहा गया है। इस मामले में परिवादी की ओर से अधिवक्ता संजय कुमार दास ने पैरवी की।

## सार-संक्षेप



### कलेक्टर के जनदर्शन में मिले 92 आवेदन

जांजगीर, 21 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों एवं मांगों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का संवेदनशीलता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में आज कुल 92 आवेदन प्राप्त हुए। आज जनदर्शन में तहसील मुख्यालय जांजगीर निवासी प्रदीप राठौर ने राजस्व प्रकरण में एक माह से अधिक समय अवधि होने के बाद भी आदेश पारित नहीं होने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर कलेक्टर ने एसडीएम जांजगीर को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार तहसील बलौदा के ग्राम खैजा निवासी द्वारिका प्रसाद ने नामांतरण प्रकरण की प्रतिलिपि प्रदान करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने तहसीलदार बलौदा को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। तहसील बलौदा निवासी धनीराम यादव ने निराश्रित पेंशन दिलाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को आवश्यक जांच करते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार आज जनदर्शन में आर्थिक सहायता, राशन कार्ड, पीएम आवास सहित अन्य विषयों से संबंधित 92 आवेदन प्राप्त हुए।

### मोदी सरकार की नीतियों के खिलाफ चक्का जाम आज

#### एम्बुलेंस और स्कूल बस का निर्बाध गति से होगा आवागमन

**जांजगीर,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के नीतियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर चांपा द्वारा 22 जुलाई मंगलवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक अकलतरा चौक, राष्ट्रीय राजमार्ग 49 में आर्थिक नाकेबंदी (चक्का जाम) आयोजित की गई है। कार्यक्रम में व्यास कश्यप कार्यक्रम प्रभारी व विधायक जांजगीर - चांपा, राघवेंद्र कुमार सिंह जिलाध्यक्ष व विधायक अकलतरा, श्रीमती शेषराज हरबंश विधायक पामगढ़, रमेश पैगवार कार्यकारी जिलाध्यक्ष विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिलाध्यक्ष गण, पूर्व विधायक गण, एआईसीसी, प्रदेश, जिला पदाधिकारी गण, महिला कांग्रेस, सेवादल, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई के पदाधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गण, सभी विभाग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष एवं पदाधिकारी गण, कांग्रेस पक्ष के जिला पंचायत सदस्य गण, कांग्रेस पक्ष के पार्षद गण उपस्थित रहेंगें।

### सावन के दूसरे सोमवार को तुर्रीधाम पहुंचे राजेश्री महंत रामसुंदर दास, भगवान शिव का किया जलाभिषेक



**जांजगीर,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। सावन के पावन माह के दूसरे सोमवार को धार्मिक स्थल तुर्रीधाम में विशेष श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर राजेश्री महंत रामसुंदर दास ने मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। उनके दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी। तुर्रीधाम मंदिर का स्थापत्य कला में अनोखा स्थान है। यहां स्थित शिवलिंग पूर्वाभिमुख है और इसके चारों ओर भव्य मंडप निर्मित है। मंदिर का गर्भगृह मुख्य प्रवेश द्वार से लगभग 8 फीट की गहराई में स्थित है। इस मंदिर की सबसे प्रमुख विशेषता है प्राकृतिक जलस्रोत, जो अनादिकाल से अनवरत शिवलिंग पर जलाभिषेक करता आ रहा है। यह जलधारा बिना रुके निरंतर बहती रहती है, लेकिन आज तक यह रहस्य बना हुआ है कि यह जलधारा आखिर आती कहां से है। महामंडलेश्वर के आगमन और जलाभिषेक के साथ ही पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ के जयकारों के साथ सावन की इस पावन तिथि को विशेष रूप से मनाया।

### बिजली बिलो में बढ़ोतरी एवं अघोषित बिजली कटौती को लेकर खरसिया कांग्रेस ने जताया विरोध

#### बिजली ऑफिस का घेराव कर महामहिम राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



**खरसिया,**21 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद से लगातार बिजली बिलों में बढ़ोतरी की जा रही हैं उक्त मुद्दे पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा समूचे प्रदेश के बिजली ऑफिस का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है इसी कड़ी में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर एवं जिला कांग्रेस कमेटी रायगढ़ व खरसिया विधायक उमेश पटेल के मार्गदर्शन में खरसिया ब्लाक कांग्रेस कमेटी शहर / ग्रामीण द्वारा प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा बिजली बिलों में बढ़ोतरी को कम किये जाने एवं खरसिया क्षेत्र में हो रही अघोषित बिजली कटौती को तत्काल बंद किये जाने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम से ज्ञापन सौंपा गया विदित हो कि आज मदनपुर कांग्रेस कार्यालय से खरसिया ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा शहर / ग्रामीण द्वारा रैली निकालकर खरसिया बिजली आफिस पहुचकर भाजपा सरकार मुर्दाबाद, बिजली बिलों मेंबढ़ोतरी का निर्णय वापस लो, अघोषित बिजली कटौती बंद करो उमेश पटेल ज़िंदाबाद के नारे लगाते हुए बिजली आफिस पहुचकर विधुत विभाग के कनिष्ठ यंत्री के माध्यम से छत्तीसगढ़ प्रदेश के महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम से ज्ञापन दिया गया उक्त अवसर पर खरसिया एनएसयूआई के युवा कार्यकर्ताओ ने एनएसयूआई का झंडा लेकर नारे लगाते हुए माहौल बनाये रखा उक्त अवसर पर सैकड़ों की तादात में कांग्रेस जनों की उपस्थिति रही।

# रिटायर्ड कर्मचारी से 32 लाख की ठगी,सीबीआई अधिकारी बनकर दी डिजिटल अरेस्ट की धमकी

**जांजगीर,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। जिले में एक सनसनीखेज ठगी का मामला सामने आया है, जिसमें खुद को सीबीआई अधिकारी बताने वाले साइबर ठगों ने एक रिटायर्ड कर्मचारी से 32 लाख 54 हजार 996 रुपए की ठगी कर ली। ठगों ने 'मनी लॉन्ड्रिंग' केस में फंसाने और डिजिटल अरेस्ट की धमकी देकर यह राशि ऐंठी है। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शंकर नगर कॉलोनी निवासी 65 वर्षीय तुषारकर देवांगन, जो सिंचाई विभाग से सेवानिवृत्त हैं, को 3 जुलाई को एक अनजान वॉट्सऐप कॉल आया। कॉल करने वालों ने खुद को विजय खन्ना और रश्मि शुक्ला बताते हुए सीबीआई और टेलीकॉम अथॉरिटी का अधिकारी बताया। आरोपियों ने उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फंसाने की धमकी देते हुए डिजिटल अरेस्ट और जेल भेजने की बात कही। ठगों ने वॉट्सऐप पर एक कथित गिरफ्तारी वारंट की फोटो भी भेजी और कैनरा बैंक मुंबई के नरेश गोयल नामक एक आरोपी का फोटो दिखाकर डराने का प्रयास किया। इसके बाद पीड़ित से खाते की जांच के नाम पर चार अलग-अलग बैंक खातों में छह बार में मोटी रकम ट्रांसफर करवा ली गई।



### ठगों का मोबाइल नंबर बंद हो गया

कई दिन तक बात करने के बाद जब ठगों का मोबाइल नंबर बंद हो गया, तब पीड़ित को ठगे जाने का आभास हुआ। उन्होंने तत्काल सिटी कोतवाली थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई। सीएसपी कविता ठाकुर ने बताया कि यह पूरा मामला कोलाबा पुलिस स्टेशन मुंबई में केस दर्ज होने का झांसा देकर ठगी का है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ठगी के दौरान शिकायतकर्ता ने जिन खातों में राशि ट्रांसफर की

- 12,00,000 रू इंडसइंड बैंक, खाता संख्या 201000743338
- 2,05,000 रू बैंक ऑफ महाराष्ट्र, खाता संख्या 60539223643
- 6,00,000 रू इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक, खाता संख्या 100055481427
- 10,50,000 रू यस बैंक, खाता संख्या 100100140000
- 99,998 रू सौम्या जायसवार की यूपीआई आईडी 99,998 रू राहूल इस्लाम, बैंक ऑफ महाराष्ट्र खाता संख्या ×××××××1269 इस तरह कुल 32 लाख 54 हजार 996 रूपए ट्रांसफर किया।

## जिले के रिक्त पदों पर अतिशेष शिक्षकों का समायोजन हो- विधायक ब्यास कश्यप

जांजगीर, 21 जुलाई (देशबन्धु)। जिले के अतिशेष शिक्षकों की समस्या को लेकर विधायक ब्यास कश्यप ने गंभीर पहल करते हुए कलेक्टर जांजगीर-चांपा को पत्र सौंपा और अधिकारियों से भेंट कर शिक्षकों को जिले में ही समायोजित करने की मांग की।



विधायक कश्यप को ज्ञापन सौंपते हुए शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि युक्तियुक्तकरण के तहत लगभग 110 शिक्षकों को जिले से बाहर स्थानांतरित कर दिया गया, जबकि जिले में ही 109 पद रिक्त हैं। शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, जितने अतिशेष शिक्षक हैं, उतने ही रिक्त पदों पर उन्हें समायोजित किया जाना था। परंतु अधिकारियों ने नियमों की गलत व्याख्या कर शिक्षकों को अन्य जिलों में भेज दिया, जो कि नियमविरुद्ध है। वर्तमान में सभी प्रभावित शिक्षक हाईकोर्ट की अंतरिम राहत के तहत कार्यरत हैं और उनका मामला जिला समिति में विचाराधीन है। विधायक ब्यास कश्यप ने शिक्षकों की मांग पर तत्परता दिखाते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर से चर्चा की और समस्त 109 शिक्षकों को जिले में समायोजित करने की मांग दोहराई। उन्होंने कहा, जिला शिक्षा अधिकारी एवं संयुक्त संचालक शिक्षा बिलासपुर की गलती की सजा हमारे जिले के शिक्षकों को क्यों भुगतनी पड़े? कोरबा और सारंगगढ़ जैसे जिलों में विषय बाध्यता नहीं देखते हुए समायोजन हुआ, तो जांजगीर-चांपा में भेदभाव क्यों? विधायक ने यह भी आरोप लगाया कि संयुक्त संचालक शिक्षा बिलासपुर ने जिला प्रशासन को गुमराह कर जिले के शिक्षकों के साथ भेदभावपूर्ण निर्णय लिया है। इस मुद्दे को लेकर अकलतरा विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह एवं जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू ने भी जिला कलेक्टर को पत्र भेजकर समायोजन की मांग की है।

## जिला प्रशासन द्वारा सावन के महीना में रील प्रतियोगिता का किया जा रहा आयोजन

#### प्रथम विजेता को 10 हजार की राशि से किया जायेगा पुरस्कृत

**जांजगीर,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। सक्ती जिले में जिला प्रशासन द्वारा सावन का महीना में रील प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसका थीम सेलिब्रेट द मानसून मैजिक ऑफ सक्ती रखा गया है। जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी अनुसार रील जमा करने की तिथि 14 अगस्त तक निर्धारित की गई है। परिणाम की घोषणा 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस) के दिन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 10 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार 5 हजार रुपए, तृतीय पुरस्कार 2500 रुपए रखा गया है। साथ ही सांत्वना पुरस्कार के रूप में 1000 लाइक पार करने वाली हर रील पर इनाम मिलेगा। 1000 से ज़्यादा लाइक पर, प्रति लाइक एक रुपए का इनाम मिलेगा (उदाहरण के लिए 1500 लाइक आने पर 500 रुपए का इनाम दिया जाएगा)।

### प्रतियोगिता के लिए सुझाए गए स्थान

सावन रील प्रतियोगिता के लिए सुझाए गए स्थान तुर्री धाम - मानसून की हवा में भक्ति में डूब जाएँ, दमाऊ धारा - झरनों की सुंदरता को कैद करें, चंद्रपुर (चंद्रहासिनी मंदिर) - सावन के दौरान आध्यात्मिक भव्यता का प्रदर्शन पर आधारित है। इन तीनों स्थानों का रील बनाकर प्रतिभागी रील प्रतियोगिता में भाग ले सकते है। यह 15 जुलाई से 15 अगस्त 2025 के समयावधि तक चलेगा। नियम एवं शर्त सहित अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए जिला पंचायत कार्यालय सक्ती से सम्पर्क किया जा सकता है।

## विकासखंड चिकित्सा अधिकारी की मनमानी चरम पर

### चिकित्सा सुविधाओं पर असर

### निजी डायग्नोसिस सोनोग्राफी सेंटर में व्यस्त

**डभरा,**21 जुलाई (देशबन्धु)। ब्लॉक डभरा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सरकार कि नियमों कि धज्जियां उड़ाते हुए विकासखंड चिकित्सा अधिकारी के पद पर डॉ राजेंद्र कुमार पटेल को बनाया गया है। तब से लगातार चिकित्सा व्यवस्था बदहाल हो गई है। जब से बीएमओ बनाया गया है तब से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डभरा के डाक्टरों कि ड्यूटी में खुद का नाम नहीं रहता है। हमेशा अपने निजी डायग्नोस्टिक सोनोग्राफी सेंटर में व्यस्त रहते है। सरकारी अस्पताल में समय नहीं देते है और ज्यादा समय निजी सोनोग्राफी सेंटर में बैठते है।

हम आपको बता दें कि अभी बारिश के दिनों में भी अस्पतालों में मरीजो कि संख्या नहीं बढ़ रही है। जबकि अभी मौसमी बीमारी होती है। बताया जा रहा है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डभरा में बेहतर चिकित्सा सुविधा नहीं मिलने के कारण मरीज प्राइवेट अस्पताल में जा कर इलाज कराते हैं। सरकार अस्पताल में करोड़ो रूपये खर्चा कर रही है परंतु इसका लाभ ग्रामीण मरीजों को लाभ नहीं मिल रहा है।

जबकि बीएमओ डॉक्टर राजेंद्र कुमार पटेल ने निजी बीआर अंबिका डायग्नोस्टिक एवं सोनोग्राफी सेंटर नगर पंचायत डभरा के सामने खोला है। सरकारी अस्पताल में कम बैठते है। ड्यूटी के समय अपने निजी सोनोग्राफी सेंटर में नियमित बैठते है और सोनोग्राफी करते है।जिस कारण लगातार




ब्लॉक डभरा क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाए चरमरा रही है। ब्लॉक डभरा क्षेत्र में कई उपस्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित है। वहा भी नियमित निरीक्षण नहीं करते। हम आपको बता दें कि डॉक्टर राजेंद्र कुमार पटेल को जब से विकासखंड चिकित्सा अधिकारी बनाया गया है तब से लगातार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डभरा में दिनों दिन मरीजों कि संख्या कम हो रही है। कोई भी पीड़ित मरीज इलाज के लिए आते है तो सरकारी अस्पताल में इलाज करने के बजाय बाहर रेफर किया जाता है।

## भवन की स्थिति, गणवेश एवं पाठ्य-पुस्तक वितरण छात्रवृत्ति योजनाओं की स्थिति देखने के निर्देश

#### कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

**जांजगीर,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने सोमवार को जिला कार्यालय सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि समय-सीमा में कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हाईकोर्ट एवं अन्य न्यायालयों में प्रकरणों का समय पर एवं गंभीरता से निराकरण किया जाए।



कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि यदि स्कूल या आंगनबाड़ी तक जाने वाले रास्तों में कोई तालाब, नाला या जलभराव क्षेत्र स्थित हो, तो चेतावनी बोर्ड लगाएं व दीवार लेखन द्वारा जनजागरूकता फैलाएं, ताकि किसी भी घटना की आशंका को रोका जा सके। कलेक्टर श्री महोबे ने स्कूल निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को बच्चों की उपस्थिति, भवन की स्थिति, गणवेश एवं पाठ्य-पुस्तक वितरण, छात्रवृत्ति योजनाओं की स्थिति की वस्तुस्थिति को देखने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि सभी कार्यालयों में फाइलों का मूवमेंट ई-फाइल के माध्यम से ही किया जाना है। उन्होंने ई-ऑफिस की क्रियान्वयन के संबंध में सभी विभागों को निर्देशित कर कहा कि ई-ऑफिस से जुड़ी समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्युत आपूर्ति से संबंधित समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता पर किया जाए। इसके साथ ही आमजनों की विद्युत से संबंधित समस्याओं के लिए शिविर लगाकर निराकरण करने के निर्देश विद्युत विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने दिव्यांगता जांच शिविर लगाने के निर्देश समाज कल्याण विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभाग के समन्वय से आयोजित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खाद-बीज के भंडारण और किसानों को किए जा रहे वितरण की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी सोसायटी में पर्याप्त मात्रा में खाद का भंडारण रखें और किसानों की मांग पर वितरण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को अनावश्यक खाद-बीज के लिए दिक्कत नहीं होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने एग्रीस्टैक में शत प्रतिशत किसानों का अनिवार्य रूप से पंजीयन कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में नगरीय क्षेत्रों एवं ग्रामीण क्षेत्रों, सड़कों से आवारा मवेशियों को तत्काल सड़को से हटाने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पशु चिकित्सा विभाग, सीईओ जनपद, सीएमओ, सहित संबंधित विभागों को समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवारा मवेशियों को वहां से हटाने और गौशाला व कांजी हाऊस पहुंचाने की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मवेशियों के मालिकों को पशु सौंपने और निर्धारित जुर्माना लगाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने फसल चक्र, फॉर्मर रजिस्ट्रेशन, स्वामित्व योजना, अनुकम्पा नियुक्ति, मौसमी बीमारी सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, अपर कलेक्टर आर के तंबोली, अपर कलेक्टर श्रीमती आराध्या राहुल कुमार, सर्व एसडीएम सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने जिला अस्पताल के वार्डों का औचक निरीक्षण कर मरीजों के बेहतर इलाज के दिए निर्देश

**सारंगढ़,**21 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने सोमवार की सुबह जिला अस्पताल सारंगढ़ के विभिन्न वार्डों का आकस्मिक निरीक्षण किया, जिसमें ओपीडी, आईपीडी, पंजीयन, दवा वितरण, एक्सरे, डायलिसिस, लैब, टीकाकरण, ड्रेसिंग, डेंटल, पोषण पुनर्वास (एनआरसी) सहित महिला और पुरुष वार्ड आदि शामिल थे।



कलेक्टर ने एक्सरे कक्ष में मशीनों के संबंध में रेडियोग्राफर एस क्षेत्र से जानकारी लिए। कलेक्टर ने टीकाकरण में आये गर्भवती महिला के परिजन को समझाया कि जब भी हॉस्पिटल आए यह टीकाकरण का रिकॉर्ड कॉपी जरूर लाएं। डॉ कन्नौजे ने नर्स को समय समय पर सही टीकाकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार स्क्रीनिंग कक्ष में उपस्थित स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी को कहा कि वे जिले के सभी क्षेत्रों का, खासकर महानदी किनारे बसे गांव में टीबी, कुष्ठ, सिकलसेल आदि बीमारियों का स्वास्थ्य चेकअप सर्वे करें और चिन्हांकित मरीजों का समुचित इलाज करें। कलेक्टर ने महिला और पुरुष वार्ड के मरीजों का हाल-चाल जाना वहां इलाज ठीक प्रकार से हो रहा है कि नहीं इसकी जानकारी ली। सहसपुर से आए मरीज का हीमोग्लोबिन कम था, जिसका बेहतर इलाज करने के लिए कलेक्टर ने डॉक्टर को निर्देश दिए।सिविल सर्जन ने कलेक्टर को बताया कि लैब रूम में 58 प्रकार के टेस्ट किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने जिला अस्पताल में निशुल्क डायलिसिस सुविधा और 58 प्रकार के लैब टेस्ट के व्यापक प्रचार करने के निर्देश दिए। साथ ही मरीज को वार्ड में और बाहर में गर्मी से परेशानी नहीं हो, इसके लिए कुलर लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने जिला अस्पताल में बाहर मरीज (ओपीडी) और भर्ती मरीज (आईपीडी) की जानकारी लिया। सिविल सर्जन डॉक्टर दीपक जायसवाल ने बताया कि प्रतिदिन ओपीडी में ढाई सौ से 300 मरीज आते हैं तथा आईपीडी में 200 से अधिक मरीज का दाखिला रहता है। इस पर कलेक्टर में सभी डॉक्टर, नर्स और सिविल सर्जन को निर्देश दिए कि यहां आने वाले मरीजों का इलाज में किसी प्रकार की परेशानी ना हो, इसकी व्यवस्था करें। सिविल सर्जन द्वारा वार्ड कम होने व मरीजों की संख्या ज्यादा होने बताए जाने पर कलेक्टर ने जिला खनिज न्यास से पृथक वार्ड बनाने हेतु प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए।

### जिला अस्पताल में इमरजेंसी वार्ड का शुभारंभ

स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार वृद्धि करते हुए कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने जिला अस्पताल सारंगढ़ के इमरजेंसी वार्ड का उद्घाटन किया। इस वार्ड में अब एक्सीडेंटल और इमरजेंसी केस के लिए पृथक से ड्रेसिंग रूम बनाया गया है, जिसमें मरीज को सुविधा होगी। इस कार्यक्रम में अब्बास अली, घनश्याम बंसल, अविनाश पुरी गोस्वामी, अपर कलेक्टर प्रकाश सर्वे, एसडीएम प्रखर चंद्राकर, बीएमओ डॉ रामलाल सिदार सहित अस्पताल के अन्य डॉक्टर नर्स आदि उपस्थित थे।

## खरसिया की मिट्टी एवं रक्षा सूत्र पहुंचेगी बॉर्डर, पूर्व सैनिकों का आगमन कल खरसिया में

### हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन द्वारा की जा रही आयोजन की तैयारी

**खरसिया**,21 जुलाई (देशबन्धु)। बॉर्डर पर तैनात इंडियन आर्मी जो कि त्योहारों के अपने घर नहीं जा पाते हमारी रक्षा हेतु अपनी जान जोखिम में डालकर हमारी रक्षा करते है। उनके लिए पूर्व भारतीय सैनिकों द्वारा छत्तीसगढ़ से लाखों राखियां और हर शहर की मिट्टी लेकर बॉर्डर पर जाया जा रहा है। इसी कड़ी में ऑपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र जिसमें हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन भी अपना योगदान दे रही है। भारत की मिट्टी को गौरवान्वित करने वाला अभियान जो भारत के लोगो के देशप्रेम और सैनिकों की मार्मिक भावनाओं को पूर्व सैनिकों द्वारा आपस में मिलाता है।

#### नगर में महिलाओं एवं बच्चियों द्वारा अपने हाथों से बनाई जा रही राखी

धर्म की नगरी खरसिया में महिला समूहों द्वारा, सामाजिक संगठन द्वारा अपने अपने हाथों से रक्षा सूत्र बनाया जा रहा है वही छोटे छोटे बच्चों द्वारा अपने आर्मी के लिए चिट्ठी भी लिखी जा रही है। जिसमें आपको भी रक्षा सूत्र भेजना हो तो आप राखी अग्रवाल , रीना गर्ग , प्रेमलता गोयल या सोनम सलूजा से संपर्क कर उन्हें भेज सकते है। हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन द्वारा पूर्व सैनिकों का स्वागत 23 जुलाई को स्पाइस ऑफ पंजाब में किया जाना है। नगरपालिका अध्यक्ष कमल गर्ग ने कहा कि यह पल गौरवान्वित करने वाला पल है एवं खरसिया की मिट्टी बॉर्डर तक पहुंचना यह हमारा सौभाग्य है । इसमें सभी नगरवासियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने की अपील करता हु। उक्त कार्यक्रम में एस डी एम खरसिया , एसडीओपी खरसिया , नगरपालिका अध्यक्ष कमल गर्ग समेत नगर की महिलाएं, सामाजिक बंधुगण, सभी सादर आमंत्रित है।






हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन के संरक्षक बंटी सोनी , संरक्षक मनोज गोयल , प्रदेश अध्यक्ष अंकित अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष विन्नी सलूजा , विकास शारदा , निलेश अग्रवाल , रजत शर्मा , राहुल डनसेना , अम्बर अग्रवाल , साहिल शर्मा , डॉक्टर विकास अग्रवाल , डॉक्टर दिलेश्वर पटेल समेत सभी अन्य सदस्यगण जोर शोर से तैयारी में लगे है। साथ ही हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन के संरक्षक मनोज गोयल ने अपील की है कि नगर के समस्त महिलाएं माताएं बहने इस कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले। वही विन्नी सलूजा ने बताया कि हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन हमेशा ही इंडियन आर्मी के सम्मान में एवं पुलिस रक्षकों के सम्मान में आयोजन करते आ रहा है। राखी अग्रवाल ने बताया कि नगर की समस्त महिलाओं द्वारा सामाजिक संगठनों द्वारा ज्यादा से ज्यादा संख्या में रक्षासूत्र एकत्रित कर उसे सजाकर तैयारी की जा रही है। आपको बता दे पूर्व सैनिकों का आगमन कि दिनांक 23 जुलाई दिन बुधवार दोपहर 1 बजे स्पाइस ऑफ पंजाब में होगा।

# देश विदेश

## भीषण गर्मी की चपेट में यूरोप और मिडिल ईस्ट, बड़े पैमाने पर लोग प्रभावित

**बीजिंग,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। यूरोप और मिडिल ईस्ट इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में हैं, जिससे कई देशों में जलवायु आपात स्थितियां घोषित की गई हैं। ईरान के राष्ट्रीय मौसम विभाग के अनुसार, ईरान इस वर्ष के अब तक के सबसे गर्म सप्ताह में प्रवेश कर चुका है, जहां पारा 50 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया है। राजधानी तेहरान में रविवार को तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तेहरान जल प्राधिकरण ने लोगों से पानी की खपत में कम से कम 20 प्रतिशत की कटौती करने की अपील की है, क्योंकि राजधानी को जलापूर्ति करने वाले बांध पिछले 100 वर्षों में अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए हैं।

# निर्दोषों की हत्या करने वालों को छूट नहीं, सजा मिलेगी : अमेरिका

**वाशिंगटन,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। अमेरिकी हाउस कमेटी ऑन फॉरेन अफेयर्स ने द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को विदेशी आतंकवादी संगठन (एफटीओ) घोषित करने के फैसले का समर्थन किया है। कमेटी ने कहा कि इस संगठन के हिंसक कृत्यों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निंदा होनी चाहिए और दोषियों को न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए।




**टीआरएफ के हिंसक कृत्यों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निंदा होनी चाहिए व दोषियों को न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए : अमेरिका**

कमेटी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने इसे सही कहा है। द रेसिस्टेंस फ्रंट एक आतंकवादी संगठन है और इसे यह दर्जा मिलना ही चाहिए। जो लोग निर्दोष नागरिकों की हत्या करते हैं, उन्हें छूट नहीं मिलती, बल्कि उन्हें न्याय का सामना करना पड़ता है।

यह बयान अमेरिकी विदेश विभाग की ओर से टीआरएफ को विदेशी आतंकवादी संगठन (एफटीओ) और विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी (एसडीजीटी) घोषित करने के बाद आया है। टीआरएफ, पाकिस्तान-आधारित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का एक सहयोगी संगठन है। इसने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली थी, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। यह 2008 के मुंबई हमलों के बाद भारत में नागरिकों पर हुआ सबसे घातक हमला था। विदेश विभाग ने कहा कि यह कदम ट्रंप प्रशासन की राष्ट्रीय और वैश्विक सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। विभाग ने कहा कि यह कार्रवाई राष्ट्रपति ट्रंप के पहलगाम हमले के लिए न्याय की मांग को लागू करने का हिस्सा है।

भारत ने लंबे समय से पाकिस्तान पर एलईटी और इसके सहयोगी संगठनों, जैसे टीआरएफ, को पनाह देने और समर्थन देने का आरोप लगाया है। इस कार्रवाई से पाकिस्तान पर आतंकी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करने का अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ गया है।

## अमेरिकी अदालतों ने 75 प्रतिशत मामलों में ट्रंप के खिलाफ सुनाया फैसला



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नए कार्यकाल की शुरुआत से अमेरिकी अदालतों ने 75 प्रतिशत मामलों में उनके खिलाफ फैसला सुनाया है और वर्तमान कार्यकारी शाखा के फैसलों को चुनौती दी है या स्थगित किया है। समाचार पत्र वाशिंगटन टाइम्स की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट के अनुसार अपने छह महीने के कार्यकाल के दौरान श्री ट्रंप को अपनी कार्यकारी शाखा के कार्यों को चुनौती देने वाले कम से कम 500 मुकदमों का सामना करना पड़ा है, जो प्रति कार्यदिवस चार मुकदमों के बराबर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रम्प के कानूनी मामलों न्यायाधीशों ने 75 प्रतिशत मामलों में राष्ट्रपति के खिलाफ फैसला सुनाया। समाचार पत्र की रिपोर्ट में कहा गया कि इनमें से लगभग 50 मामले ट्रम्प प्रशासन द्वारा कुछ विदेशी छात्रों को उनके आव्रजन रिकॉर्ड और आपराधिक रिकॉर्ड में अनियमितताओं के कारण निष्कासित करने के प्रयासों का हिस्सा थे। व्हाइट हाउस ऐसे 90 प्रतिशत से अधिक मामलों में हार गया।

## अमेरिका की सरकारी एजेंसियों व कंपनियों पर हैकर्स का साइबर हमला

**वाशिंगटन।** माइक्रोसॉफ्ट के शेयरपॉइंट एप्लिकेशन में एक कमज़ोरी के चलते हैकर्स ने अमेरिकी सरकारी एजेंसियों और कंपनियों पर हमला किया। वाशिंगटन पोस्ट ने अधिकारियों और निजी शोधकर्ताओं के हवाले से यह जानकारी दी। वाशिंगटन पोस्ट के अनुसार हैकर्स ने पिछले कुछ दिनों में माइक्रोसॉफ्ट के व्यापक रूप से इस्तेमाल किए जाने वाले सर्वर सॉफ़्टवेयर में एक बड़ी सुरक्षा चूक का फायदा उठाकर सरकारी एजेंसियों और कंपनियों पर वैश्विक हमला किया है। अखबार के अनुसार इससे राष्ट्रीय और क्षेत्रीय एजेंसियां, विश्वविद्यालय और ऊर्जा कंपनियां प्रभावित हुई हैं। अखबार ने कहा कि अमेरिका के साथ-साथ कनाडा और ऑस्ट्रेलिया ने भी शेयरपॉइंट सर्वर की कमज़ोरी की जांच शुरू कर दी है। साथ ही प्रकाशन ने बताया कि माइक्रोसॉफ्ट ने अभी तक स्थिति को ठीक करने के लिए कोई अपडेट जारी नहीं किया है। यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि हैक किसने किया और उसका अंतिम लक्ष्य क्या था।

## सीरिया में संघर्ष विराम पर मंडराया खतरा, बढ़ी सांप्रदायिक हिंसा

**दमिश्क,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। दक्षिणी सीरिया के स्वैदा इलाके में ड्रुज लड़ाकों और अंतरिम सरकार समर्थित बेदुइन ट्रायबल फोर्स के बीच भीषण झड़पें हुईं। कार्यकर्ताओं के अनुसार, इससे क्षेत्र में पहले से ही नाजुक संघर्षविराम और अधिक खतरे में पड़ गया है।

ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि ट्राइबल फाइटर्स बड़ी संख्या में बुस्तान, दामा और नजरा गांवों में जुटे हैं। सिन्हुआ न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, यह तैयारी पास के ड्रूज इलाकों पर हमले के लिए की जा रही है।

दमिश्क-स्वैदा हाईवे पर स्थित अरीका और उम्म अल-जैतून कस्बों में भीषण लड़ाई छिड़ गई। इस दौरान जनजातीय बंदूकधारियों ने कथित तौर पर घरों को जलाया और संपत्ति लूटी। हिंसा के चलते दो प्रमुख सड़कें बंद कर दी गईं। दोनों पक्षों के बीच कैदियों की अदला-बदली की योजना रद्द कर दी गई, क्योंकि मोर्टार शेल्स, जो शायद जनजातीय इलाकों से दागे गए थे, तय जगह के पास गिर गए। सीरियन ऑब्जर्वेटरी ने बताया कि 13 जुलाई को शुरू हुई लड़ाई के बाद से अब तक कम से कम 1,120 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें 100 से ज्यादा आम नागरिक और दर्जनों सरकारी सैनिक शामिल हैं।

## सुडोकू 6981

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | | | | 7 | |
| | | | 7 | | | | 8 | |
| 5 | | | | 4 | | | | |
| | | 9 | 2 | | | | 4 | 7 |
| 8 | | 1 | | | | 5 | | 2 |
| 2 | 7 | | | | 5 | 9 | | |
| | | | | 9 | | | | 1 |
| | 1 | | | | 2 | | | |
| | 9 | | | | | 4 | 3 | 8 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6981

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**दायें से बायें:-**

१. विशेषता (उर्दू)
३. नाकामी
५. चिड़चिड़ा, निराश, मूर्ख
६. प्रविष्टि, प्रवेश (उर्दू)
७. घिसना, घर्षण करना
८. डर पैदा करने वाला
१३. जयशंकर प्रसाद की एक रचना
१५. कमल
१६. विलुप्त, गायब, अंर्तध्यान
१७. अधीर, बेचैन (उर्दू)
१८. आगे बढ़ना, विकास, तरक्की
२०. कोयल, आम का मौर
२२. मदिरालय
२३. इकहरे बदन का. चुस्त, फुर्तीली

**ऊपर से नीचे:-**

१. कुल, वंश (उर्दू)
२. लाभ के अनुसार
३. बांटने वाला
४. झिड़की, डांट-फटकार करना, झिड़कना
५. अगस्त्य मुनि, द्रोणाचार्य
९. नीतिनुसार
१०. बराबरी
११. निकट
१२. सियासत
१४. असीमित
१७. पत्नी (उर्दू)
१९. साक्षी (उर्दू)
२०. श्याम, कृष्णवर्ण, स्याह
२१. भालू

### वर्ग पहेली-6980

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ प | रि | २ शु | द्ध | ■ | ■ | ३ प | रि | ४ प | क्व |
| र्दा | ■ | द्ध | ■ | ५ प्र | त्य | क्ष | ■ | क्षी | ■ |
| ६ फा | स | ला | ■ | शं | ■ | ७ ध | र्म | रा | ज |
| श | ■ | ८ भ | ९ व | सा | ग | र | ■ | ज | ■ |
| ■ | १० बां | ■ | गै | ■ | ■ | ■ | ११ मौ | ■ | १२ खु |
| १३ सु | कु | मा | र | ■ | १४ आ | ■ | १५ न | रे | श |
| ■ | ल | ■ | १६ ह | ट्टा | क | ट्टा | ■ | ■ | हा |
| १७ प्र | ता | प | ■ | ■ | स्मि | ■ | १८ अ | १९ स | ली |
| या | ■ | ■ | २० से | वा | क | २१ र | ■ | ह | ■ |
| २२ स | र | ग | ना | ■ | ■ | २३ सा | र्व | ज | न्य |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6981 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 8 | 6 | 7 | 4 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 2 | 3 | 1 | 8 | 5 |
| 5 | 8 | 7 | 1 | 4 | 6 | 3 | 2 | 9 |
| 3 | 5 | 9 | 2 | 6 | 1 | 8 | 4 | 7 |
| 8 | 4 | 1 | 3 | 7 | 9 | 5 | 6 | 2 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 8 | 5 | 9 | 1 | 3 |
| 7 | 3 | 8 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 1 |
| 4 | 1 | 5 | 8 | 3 | 2 | 7 | 9 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 3 | 8 |

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : मंगलवार 22 जुलाई , 2025 श्रावण कृष्ण पक्ष 12**

### राशिफल

मेष - आज अपनी बोली में मिठास बनाए रखें, इससे किसी से विवाद होने की आशंका दूर रहेगी। लेखकों और कलाकारों के लिए समय अनुकूल है। भाइयों के बीच में प्रेम बढ़ेगा।

वृषभ - महत्वपूर्ण कामों को आज समय पर पूरा कर पाएंगे। धन लाभ की संभावना है। आप आज शारीरिक और मानसिक रूप से उत्साही रहेंगे। जल्दबाज़ी में कोई अवसर हाथ से गंवा देंगे।

मिथुन - आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी है। आज आप चिंता से घिरे रहेंगे और शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा नहीं रहेगा। परिवार में भी किसी से मतभेद रहेगा, लेकिन दोपहर के बाद आप सभी कामों में अनुकूलता का अनुभव करेंगे।

कर्क - आज का दिन पारिवारिक तथा व्यावसायिक क्षेत्र में लाभ का अवसर लाया है। किसी प्रियपात्र से मुलाकात होगी। मानसिक तथा शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, परंतु दोपहर के बाद आपके मन में कई प्रकार की चिंता उठेगी।

सिंह - आज का दिन आनंदपूर्वक गुजरेगा। व्यापार करने वालों के लिए आज का दिन लाभदायी है। व्यापार में वृद्धि होगी। परिजनों तथा मित्रों के साथ अच्छे पलों को गुजारेंगे। किसी तरह का आर्थिक लाभ आपको हो सकता है।

कन्या - नए काम शुरू करने के लिए आज का दिन अनुकुल है। आज आप कुछ धार्मिक बने रहेंगे। कार्यालय या व्यावसायिक स्थल पर काम का भार अधिक रहेगा। विदेश जाने के इच्छुक लोग आज सकारात्मक प्रयास कर सकते हैं।

तुला - खान-पान में आज विशेष ध्यान रखें। आज नए काम का आरंभ करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। अधिक कार्य से आलस्य और मानसिक चिंता का अनुभव करेंगे। यात्रा आज लाभदायी नहीं है।

वृश्चिक - सुबह के समय आप शारीरिक रूप से स्वस्थ और मन से खुश रहेंगे। परिजनों और मित्रों के साथ कहीं बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। दोपहर के बाद किसी बात की चिंता आपको रह सकती है।

धनु - आज मन खुश रहेगा, लेकिन शरीर में आलस्य बना रहेगा। हालांकि आप के काम योजनानुसार पूरे होंगे। अधूरे काम पूरे होंगे। धन लाभ की संभावना है। गृहस्थजीवन में मधुरता बनी रहेगी। आकस्मिक धन लाभ के योग हैं।

मकर - परिश्रम की अपेक्षा फल कम मिलेगा। फिर भी आप मेहनती बने रहेंगे। परिजनों के साथ सम्बंध मधुर होंगे। हेल्थ आज अच्छी रहेगी। हालांकि बाहर खाने-पीने से बचें। दोपहर के बाद अधूरे काम पूरे हो सकते हैं।

कुंभ - आज आप सभी कामों को आत्मविश्वास से पूरा कर सकेंगे। सरकार के साथ आर्थिक व्यवहार में भी आपको सफलता मिलेगी। पैतृक संपत्ति से लाभ होगा। वाहन, मकान आदि की कागज़ी कार्रवाई ध्यान से ही करें।

मीन - आज आपकी चिंता में कमी आएगी। आनंद और उत्साह में भी वृद्धि होगी। कुटुंबजनों के साथ व्यवहार अच्छा बनेगा। आर्थिक विषयों पर आप अधिक ध्यान दे पाएंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## ताइवान ने किया चीनी विमान व पांच नौसैनिक जहाजों की घुसपैठ का दावा

**नई दिल्ली,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। ताइवान के रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) ने सोमवार सुबह करीब छह बजे चीन के एक लड़ाकू विमान और पांच नौसैनिक जहाजों को ताइवान के समुद्री क्षेत्र में देखने का दावा किया है। लड़ाकू विमान ने ताइवान स्ट्रेट की मध्य रेखा को पार करते हुए ताइवान के नॉर्थ एयर डिफेंस आइडेंटिफिकेशन जोन (एडीआईजेड) में प्रवेश किया, जिसके बाद ताइवान की सेना ने कार्रवाई की।



**■ चीन व ताइवान के बीच तनाव चरम पर**

एमएनडी ने एक्स पोस्ट पर लिखा कि सोमवार सुबह 6 बजे तक ताइवान के आसपास संचालित पीएलए के एक लड़ाकू विमान और पांच पीएलएएन जहाजों का पता चला। हमने स्थिति पर नजर रखते हुए कार्रवाई की है।

चीन और ताइवान के बीच तनाव चरम पर है। इस बीच चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ताइवान के हवाई और समुद्री क्षेत्र में घुसपैठ करने की कोशिश में है। इससे पहले, 15 जुलाई को भी ताइवान ने चीन के 26 फाइटर जेट्स, एक जहाज और सात नौसैनिक जहाजों को देश की सीमा में देखा था।

## काबुल में बुर्का न पहनने पर दस से अधिक महिलाएं गिरफ्तार

**काबुल,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में पुलिस ने दस से अधिक ऐसी युवतियों को गिरफ्तार किया है जिन्होंने बुर्का या हिजाब पहनने संबंधी नियमों का कथित तौर पर पालन नहीं किया था।



**पुलिस अधिकारी पुरुष थे और उन्होंने लड़कियों के साथ मारपीट भी की**

अफ़ग़ानिस्तान इंटरनेशनल मीडिया ने रविवार को बताया ये गिरफ्तारियां कथित तौर पर बीते दो दिनों में काबुल के इलाकों में हुईं। महिलाओं को रेस्टोरेंट, सड़कों और बाजारों से उठाकर अज्ञात जगह ले जाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि नैतिकता कानून संबंधी ये पुलिस अधिकारी पुरुष थे और उन्होंने लड़कियों के साथ मारपीट भी की। रिपोर्ट में कहा गया है कि महिलाओं को बिना किसी स्पष्टीकरण के ले जाया गया, उनमें से कुछ को पुलिस की गाड़ियों में जबरन बिठाने से पहले पीटा गया। इन पर इस्लामी तरीके का हिजाब या हिजाब से संबंधित ड्रेस कोड का उल्लंघन करने का आरोप है। इसके अलावा मध्य और पश्चिमी काबुल में रविवार को लगभग 100 महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। इन सभी को बाज़ार, सड़कों और यहां तक कि अस्पताल से भी उठा लिया गया। अफ़ग़ानिस्तान इंटरनेशनल ने कहा कि अधिकारियों ने अभी तक गिरफ्तारियों के बारे में कोई बयान जारी नहीं किया है। अफ़ग़ानिस्तान में कार्यरत संयुक्त राष्ट्र मिशन ने तालिबान अधिकारियों के लड़कियों को मनमाने ढंग से गिरफ़्तार करने और हिरासत में लेने को लेकर चिंता जताई है। गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय इस साल जुलाई में अफ़ग़ानिस्तान में महिलाओं से दुर्व्यवहार के आरोप में दो शीर्ष तालिबान नेताओं के ख़िलाफ़ गिरफ़्तारी वारंट जारी कर चुकी है।

**एस जयशंकर ने दक्षिण कोरिया के नए विदेश मंत्री को दी बधाई, बोले**

## भारत मिलकर काम करने को तत्पर

**नई दिल्ली,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को चो ह्यून को कोरिया गणराज्य का नया विदेश मंत्री नियुक्त किए जाने पर बधाई दी।

एक्स पर एक पोस्ट में, जयशंकर ने लिखा कि कोरिया गणराज्य के विदेश मंत्री के रूप में नियुक्त होने पर राजदूत चो ह्यून को बधाई। हमारी विशेष रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हूं। राजदूत चो ह्यून, एक अनुभवी राजनयिक, पहले संयुक्त राष्ट्र में दक्षिण कोरिया के स्थायी प्रतिनिधि के रूप में कार्यरत थे और दुनिया भर में महत्वपूर्ण राजनयिक भूमिकाएं निभा चुके हैं।



विदेश मंत्री चो ह्यून ने सबको हैरान करते हुए सोमवार को अपने पुराने राजनयिक आचरण के लिए सार्वजनिक माफीनामा जारी किया, जिसमें उन्होंने कहा कि पिछली यून सुक येओल सरकार के दौरान राजनीतिक उद्देश्यों के लिए उनके मंत्रालय का दुरुपयोग किया गया था।

चो ने यह टिप्पणी राष्ट्रपति ली जे म्युंग के पहले विदेश मंत्री के रूप में अपने शपथ ग्रहण समारोह में की, जिन्होंने दिसंबर में मार्शल लॉ लागू करने के बाद यून को पद से हटाए जाने के बाद पिछले महीने पदभार ग्रहण किया था।

चो ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में, राजनयिक मुद्दों का इस्तेमाल घरेलू राजनीतिक उद्देश्यों के लिए किया गया है, और कूटनीति के क्षेत्र में, जहां राष्ट्रीय हित और व्यावहारिकता को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, अक्सर स्पष्ट रूप से देखा गया है। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री होने के नाते, मैं जनता से तहे दिल से माफी मांगता हूं। उन्होंने आगे कहा कि विदेश मंत्रालय पूरी प्रक्रिया के दौरान जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाया है। उन्होंने इस तरह की गलतियों की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए संगठन में सुधार का संकल्प लिया। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, चो ने कहा कि बढ़ती भू-राजनीतिक अस्थिरता के इस दौर में, कोरियाई प्रायद्वीप में शांति स्थापित करना दक्षिण कोरिया की सर्वोच्च कूटनीतिक प्राथमिकता होनी चाहिए।

## यूक्रेन से बातचीत को तैयार लेकिन अपने मकसद पर रूस अडिग

**मॉस्को,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। क्रेमलिन प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने बताया कि रूस यूक्रेन मुद्दे पर समझौते को तैयार है, लेकिन अपने मकसद से भी वो किसी भी कीमत पर पीछे नहीं हटेगा।



पेसकोव ने रविवार को सरकारी टेलीविजन को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कई बार कहा है कि वह यूक्रेन संकट का शांतिपूर्ण समाधान जल्द से जल्द चाहते हैं। यह एक लंबी प्रक्रिया है। इसके लिए प्रयास करने होंगे। यह आसान नहीं है। हमारे लक्ष्य बिलकुल स्पष्ट हैं, उनमें कोई बदलाव नहीं है। रूसी अधिकारियों ने कई बार कहा है कि कोई भी शांति समझौता यूक्रेन के चार क्षेत्रों से अपनी सेना वापस बुलाने, नाटो में शामिल होने की अपनी कोशिश छोड़ने और नाटो सैनिकों की तैनाती रोकने पर निर्भर करता है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने शनिवार को कहा कि उनके अधिकारियों ने इस हफ्ते मास्को के साथ शांति वार्ता का एक नया दौर आयोजित करने का प्रस्ताव रखा है।

## आज का इतिहास

1731-स्पेन ने वियना संधि पर हस्ताक्षर किए।
1894-पहली लोकसभा के सदस्य सरदार तेजा सिंह अकरपुरी का जन्म।
1898-प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीत गायक विनायकराव पटवर्धन का जन्म।
1918-भारत के पहले कुशल पायलट इन्द्रलाल राय प्रथम विश्वयुद्ध के समय लंदन में जर्मनी से हुई लड़ाई में मारे गए।
1923-प्रसिद्ध पार्श्व गायक मुकेश का जन्म।
1933-भारतीय स्वाधीनता संग्राम के प्रमुख नायकों में से एक यतीन्द्र मोहन सेन गुप्त का निधन।
1947-भारत का राष्ट्रीय ध्वज 22 जुलाई, 1947 को भारत के संविधान द्वारा अपनाया गया था।
1949-प्रसिद्ध महिला राजनीतिज्ञ तथा 17वीं लोकसभा की सांसद रीता बहुगुणा जोशी का जन्म।
1968-भारत की प्रसिद्ध महिला चिकित्सक, सामाजिक कार्यकर्ता और पद्म भूषण प्राप्तकर्ता मुत्तू लक्ष्मी रेड्डी का निधन।
1969-सोवियत संघ ने स्पूतनिक 50 और मोलनिया 112 संचार उपग्रहों का प्रक्षेपण किया।
1970-महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस का जन्म।
1981-भारत के पहले भूस्थिर उपग्रह ऐपल ने कार्य करना शुरू किया।
1988-अमेरिका के 500 वैज्ञानिकों ने पेंटागन में जैविक हथियार बनाने के शोध का बहिष्कार करने की प्रतिज्ञा ली।
1999-अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा समान कार्य के लिए समान पारिश्रमिक की कार्य योजना लागू।

**तैयारी** तूफान विफा को लेकर वियतनाम व लाओस में हाई अलर्ट

## मौसम विभाग ने बारिश, बाढ़ व भूस्खलन की जारी की चेतावनी

**वियनतियाने/हनोई,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। वियतनाम और लाओस में सोमवार को मौसम विभाग ने तूफान विफा के कारण भारी बारिश, अचानक बाढ़, और भूस्खलन की चेतावनी जारी की है। तूफान विफा के कारण देश भर में भारी बारिश, तेज़ हवाएं और गरज के साथ तूफान आने की आशंका है। लाओस के प्राकृतिक संसाधन और पर्यावरण मंत्रालय के अधीन मौसम विज्ञान और जल विज्ञान विभाग की एक रिपोर्ट के अनुसार, तूफान विफा के सोमवार और मंगलवार के बीच वियतनाम के पास कमजोर होकर उष्णकटिबंधीय तूफान में बदलने की संभावना है।

यह लाओस के उत्तरी और मध्य भागों को प्रभावित कर सकता है, जहां हल्की से मध्यम गरज के साथ बारिश और कुछ मध्य व दक्षिणी क्षेत्रों में भारी बारिश और तेज हवाओं की आशंका है।

निचले इलाकों और नदी किनारे रहने वाले निवासियों से सतर्क रहने के साथ कई दिनों तक लगातार भारी बारिश के लिए तैयार रहने का आग्रह किया गया है। भूस्खलन, अचानक बाढ़ और जान-माल का नुकसान हो सकता है। सभी नागरिकों को आधिकारिक पूर्वानुमानों और चेतावनियों पर कड़ी नजर रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने वियतनाम समाचार एजेंसी के हवाले से बताया है कि वियतनाम में उत्तरी और मध्य इलाकों ने तूफान विफा के संभावित प्रभावों को कम करने के लिए एहतियाती कदम उठाए हैं। सोमवार शाम को देश में तूफान विफा के दस्तक देने का अनुमान है।



**■ नागरिकों को आधिकारिक पूर्वानुमानों व चेतावनियों पर नजर रखने के लिए किया जागरूक**

प्रभावित क्षेत्रों में तैनात अधिकारियों ने नदी के मुहाने, तटीय क्षेत्रों, नदी के किनारों और भूस्खलन की आशंका वाले स्थानों सहित उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों से निवासियों को निकालना शुरू कर दिया है। वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह ने स्थानीय प्रशासन को समुद्री यात्रा पर प्रतिबंध लगाने और स्थानीय परिस्थितियों के आधार पर मछली पकड़ने, मालवाहक और पर्यटक जहाजों के संचालन को निलंबित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि तूफान के तट पर आने पर किसी भी व्यक्ति को नावों पर रहने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

वियतनाम एयरलाइंस ने सोमवार को उत्तरी बंदरगाह शहर हाई फोंग से जुड़ने वाली कई घरेलू उड़ानें रद्द कर दी हैं।

प्रांतीय बाढ़ नियंत्रण और सूखा राहत मुख्यालय के अनुसार, पूर्वी चीन के फुजियान प्रांत ने भी तूफान विफा के करीब आने पर सोमवार सुबह 8 बजे स्तर-4 बाढ़ नियंत्रण आपातकालीन प्रतिक्रिया शुरू कर दी।

## दुनिया को जानें

### नासा ने बोइंग स्टारलाइनर को 2026 तक किया सेवा से बाहर

**नई दिल्ली,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। नासा ने क्रू कैप्सूल बोइंग सीएसटी-100 स्टारलाइनर को 2026 तक के लिए ग्राउंड (सेवा से बाहर) करने का फैसला किया है। जून 2024 में तकनीकि खराबी आने के बाद से ही बोइंग स्टारलाइनर काफी चर्चा में था। नासा के अनुसार, इसे ठीक करने में 2026 तक का समय लगेगा। तब तक के लिए बोइंग स्टारलाइनर के सभी मिशन को रद कर दिया गया है।



पिछले साल सुनीत विलियम्स समेत कई अंतरिक्ष यात्रियों को स्पेस में लेकर गया बोइंग स्टारलाइनर अचानक से खराब हो गया था। इसके कारण क्रू मेंबर्स को कई महीनों तक स्पेस में रहना पड़ा था, जिसके बाद नासा ने बोइंग स्टारलाइनर को क्रू मेंबर्स के बिना ही धरती पर वापस बुलाया था। नासा के अनुसार, जून 2024 में क्रू फ्लाइट टेस्ट के दौरान बोइंग स्टारलाइनर में गंभीर समस्याएं देखने को मिलीं थीं। इसमें कई जगहों पर हीलियम गैस लीक होने लगी थी। अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन में पहुंचने के बाद कैप्सूल के 28 में से 5 कंट्रोल थ्रस्ट फेल हो गए थे।

# खेल जगत

## स्त्रसुमित ने जीता 60 किग्रा ग्रीको-रोमन वर्ग में रजत पदक

**बुडापेस्ट।** अंडर-23 एशियाई चैंपियन सुमित ने पॉलीक इमरे और वर्गा जानोस मेमोरियल 2025 कुश्ती चैंपियनशिप के 60 किग्रा ग्रीको-रोमन वर्ग में रजत और अनिल मोर ने 55 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। टूर्नामेंट में भारत ने तीन स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य सहित कुल 10 पदकों के साथ अपने अभियान का समापन किया। चैंपियनशिप के आखिरी दिन रविवार को हुए फाइनल मुकाबले में भारतीय पहलवान को अजरबैजान के यूरोपीय चैंपियन और गैर-ओलंपिक 60 किग्रा वर्ल्ड चैंपियन निहात माम्मदली से 1-5 से हार के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। सुमित ने प्री-क्वार्टर फाइनल में सादिक लालाईव को 9-3, क्वार्टर फाइनल में कोरिया के डेहयूम किम को 7-4 से फॉल के जरिए शिकस्त दी थी और सेमीफाइनल में कजाकिस्तान के गालिम कबदुनास्सारोव को 10-1 से हराया।



# नीतीश रेड्डी इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर, कम्बोज को मिली जगह

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। बल्लेबाजी-ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी के जिम के दौरान बाएं घुटने में चोट के चलते एंडरसन-तेंडुलकर ट्रॉफी के लिए खेली जा रही मौजूदा पांच टेस्ट की क्रिकेट सीरीज के बाकी दो टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं और इस बात की पुष्टि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई)के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने सोमवार सुबह की। नीतिश रेड्डी अब स्वदेश वापस लौट जाएंगे। बीसीसीआई ने सोमवार सुबह जारी विज्ञप्ति में कहा कि बाएं हाथ के भारत के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह बेकनहेम में अपने बाएं अंगूठे में चोट के चलते मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। बीसीसीआई मेडिकल टीम अर्शदीप सिंह की चोट की निगरानी कर रही है। नीतिश रेड्डी की जगह भारतीय चयनकर्ताओं ने उनकी जगह हरियाणा के तेज गेंदबाज अंशुल काम्बोज को चौथे टेस्ट के लिए भारतीय टीम से जोड़ा है। नीतिश रेड्डी और अर्शदीप के चोट के चलते बाहर होने से भारत की मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रहे चौथे टेस्ट की तैयारियों को झटका लगा है। आकाशदीप भी जांघ की चोट से चौथे टेस्ट से लगभग बाहर ही हैं हालांकि बीसीसीआई उनकी चोट को लेकर आधिकारिक रूप से कुछ नहीं कहा है। आकाश दीप के जांघ की मांसपेशी की पुरानी चोट के फिर उभरने के साथ बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अशदीप सिंह के बाएं हाथ में चोट के चलते चौथे टेस्ट से बाहर होने से पड़ी चोटों की मार से भारत की परेशानी बढ़ा दी है। भारत कड़े संघर्ष के बावजूद लॉडर्स का तीसरा टेस्ट इंग्लैंड से मात्र 22 रन से हार कर फिलहाल सीरीज में 1-2 से पिछड़ रहा है। भारत मेजबान इंग्लैंड से लीडस में सीरीज का पहला टेस्ट पांच विकेट से हार गया था। आकाशदीप के कुल दस विकेट की बदौलत भारत ने इंग्लैंड से बर्मिंघम में दूसरा टेस्ट 336 रन के बड़े अंतर से जीत कर एक एक की बराबरी की थी। आकाश दीप जांघ की मांसपेशी में खिंचाव के चलते भारत चौथे टेस्ट में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप को चौथे टेस्ट में विकल्प के रूप में देख रहा था लेकिन वह भी बेकनहैम में अभ्यास के दौरान साई सुदर्शन के शॉट को रोकने की बाएं हाथ के अंगूठे और उंगली में चोट खा बैठे। लीडस में पहले टेस्ट से बाहर रहने के बाद नीतिश रेड्डी बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट में खेल मात्र दो रन बनाने के साथ छह ओवर में कोई विकेट नहीं ले पाए थे। लॉडर्स में सीरीज के टेस्ट की पहली पारी में नीतिश रेड्डी ने इंग्लैंड के बेन डकेट और जैक क्राली की सलामी जोड़ी को आउट करने के बाद दूसरी पारी में क्राली को आउट करने के साथ पहली पारी में 30 व दूसरी पारी में 13 रन कुल 43 रन बनाए थे।





■ शार्दूल, प्रसिद्ध व साई सुदर्शन एकादश में पाने की होड़ में

## टीम इंडिया को इस बार ओल्ड ट्रैफर्ड में रचना होगा इतिहास

**नई दिल्ली।** भारत-इंग्लैंड के बीच मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर टेस्ट सीरीज का चौथा मैच खेला जाना है। यहां टीम इंडिया ने 89 वर्षों के टेस्ट इतिहास में कभी जीत दर्ज नहीं की है। इस बार मेहमान टीम यहां इतिहास रचने के इरादे से उतरेगी। भारत ने साल 1936 से लेकर अब तक ओल्ड ट्रैफर्ड में कुल नौ टेस्ट खेले हैं, जिसमें उसे चार मुकाबले गंवाने पड़े। वहीं, पांच मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए। भारत ने ओल्ड ट्रैफर्ड में जुलाई 1936 में पहली बार टेस्ट मैच खेला था, जो ड्रॉ रहा। इसके बाद जुलाई 1946 में एक बार फिर दोनों टीमों के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। यहां जुलाई 1952 में इंग्लैंड की टीम ने भारत के खिलाफ पारी और 207 रन से बड़ी जीत दर्ज की। इसके बाद टीम इंडिया को जुलाई 1959 में खेले गए टेस्ट में 171 रन से शिकस्त झेलनी पड़ी। भारत ने इस मैदान पर अगस्त 1971 में पांचवां टेस्ट खेला, जो ड्रॉ रहा। इसके बाद यहां जून 1974 में टीम इंडिया को 113 रन से शिकस्त झेलनी पड़ी।जून 1982 और अगस्त 1990 में इस मैदान पर भारत-इंग्लैंड के बीच खेले गए टेस्ट मैच ड्रॉ रहे, जबकि अगस्त 2014 में भारत को पारी और 54 रन से हार झेलनी पड़ी।

# भारत 'ए' हॉकी टीम ने दौरे का समापन नीदरलैंड से 2-8 हार के साथ किया

**नई दिल्ली,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। भारत ए पुरुष हॉकी टीम ने अपने यूरोपीय दौरे का समापन मेजबान नीदरलैंड के हाथों आइंडहोवन 2-8 हार के साथ किया। भारत के लिए मिडफील्डर मनिंदर सिंह और स्ट्राइकर सेल्वम कार्ति ने एक एक गोल किया। भारत ए टीम अपने पिछले मैच में नीदरलैंड से 0-3 से हार गई थी। भारत ए टीम अपने यूरोपीय दौरे पर पांच यूरोपीय टीमों के खिलाफ कुल आठ मैच खेले। भारत ए टीम ने तीन शहरों में दुनिया की नंबर एक नीदरलैंड और दुनिया की तीसरे नंबर की टीम बेल्जियम जैसी शीर्ष टीमों के खिलाफ मैच खेलग॥ भारत ए अपने इस यूरोप दौरे पर आयरलैड, फ्रांस, इंग्लैंड ,बेल्जियम व नीदरलैंड के खिलाफ खेली और मात्र तीन मैच ही जीत पाई।भारत ए टीम के कोच शिवेंद्र सिंह ने यूरोपीय दौरे पर अपने कुल अनुभव की बाबत कहा,' भले ही हमने अपने इस यूरोपीय दौरे पर जितने मैच जीते उससे ज्यादा हारे। हमारे लिए यह यूरोपीय दौरा नतीजों की बजाय अनुभव हासिल करने के लिहाज से अहम था। हमारी भारत ए टीम सीनियर और जूनियर खिलाड़ियों की मिली जुली टीम है। बीते दो हफ्तो में हमारे खिलाड़ियों ने बेशकीमती अनुभव हासिल किया। अब जब हम भारत वापस लौट रहे हैं हमारे खिलाड़ी अनुभव का इस्तेमाल अपना खेल बेहतर करने के लिए करेंगे।



■ भारत ए टीम अपने पिछले मैच में नीदरलैंड से 0-3 से हार गई थी

## नुवान कुलशेखरा: नुवान ने विश्व क्रिकेट में जमाई धाक

**नई दिल्ली,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। श्रीलंका के एक छोटे से शहर, निट्टंबुवा में 22 जुलाई 1982 को जन्मे नुवान कुलशेखरा ने 21 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय मैच में डेब्यू किया। दुबले-पतले नुवान कुलेशखरा ने इंग्लैंड के खिलाफ अपने डेब्यू मैच में 9 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें महज 19 रन देकर 2 शिकार किए। नुवान कुलशेखरा अपने डेब्यू वनडे मैच में ही छाप छोड़ चुके थे, लेकिन टेस्ट फॉर्मेट के लिए उन्हें थोड़ा इंतजार करना पड़ गया। नुवान ने अप्रैल 2005 में पहली बार टेस्ट क्रिकेट खेला। साल 2006 में इंग्लैंड के खिलाफ 10वें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने 133 गेंदों में 63 रन की पारी खेली। यह मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ। अप्रैल 2008 से 12 महीनों के भीतर 29 मैचों में 20.97 की औसत से 47 विकेट लिए, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 28 और इकॉनमी रेट 4.45 रहा। लंबे रन-अप के साथ गेंदबाजी करने वाले कुलशेखरा गेंद को स्विंग कराने में उस्ताद थे। साल 2009 में वह गेंदबाजों की रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंच गए। चामिंडा वास के संन्यास के बाद कुलशेखरा को वनडे फॉर्मेट में भरपूर मौका मिला। इस बीच लसिथ मलिंगा का प्रदर्शन भी खराब था। ऐसे में कुलशेखरा टीम के अहम गेंदबाज बन गए। कुलशेखरा साल 2009 की प्रतिष्ठित आईसीसी विश्व वनडे टीम में शामिल हुए।

## अरोनियन ने जीता फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम खिताब, सातवें स्थान पर प्रज्ञानानंद



■ दुनिया के नंबर 1हिकारू को हराकर कार्लसन ने तीसरा स्थान हासिल किया

**लास वेगास,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। लेवोन अरोनियन ने फ्रीस्टाइल चेस ग्रैंड स्लैम के फाइनल में हांस नीमन को 1.5-0.5 से हराकर खिताब अपने नाम किया। 42 वर्षीय अरोनियन ने पिछले सप्ताह मैग्नस कार्लसन और हिकारू नाकामुरा को शिकस्त दी थी। लास वेगास के विंन होटल में फाइनल की पहली बाजी ड्रॉ रही, लेकिन दूसरी बाजी में शानदार जीत दर्ज करते हुए उन्होंने खिताब और दो लाख अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि अपने नाम की। दुनिया के नंबर 1 मैग्नस कार्लसन ने हिकारू नाकामुरा को 1.5-0.5 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। उन्हें 1,60,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि मिली। भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने फाबियानो कारुआना को 2-0 से हराकर पांचवां स्थान प्राप्त किया, जबकि प्रज्ञानानंद रमेशबाबू ने वेसली सो को 1.5-0.5 से हराकर सातवां स्थान हासिल किया। लेवोन अरोनियन ने खिताब जीतने के बाद कहा कि यह मेरे जीवन की सबसे बड़ी जीत में से एक है। मैं इस अवसर के लिए बेहद खुश और आभारी हूं। हांस नीमन अपने करियर की सबसे बड़ी जीत के करीब पहुंच गए थे, लेकिन उन्हें उपविजेता रहते हुए 1,40,000 अमेरिकी डॉलर के साथ संतोष करना पड़ा। वर्ल्ड नंबर 1 कार्लसन ने हिकारू नाकामुरा को 1.5-5 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। पहले गेम में बराबरी के बाद, कार्लसन ने दूसरे गेम में दबाव बनाया और बढ़त को भुनाते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। फ्रीस्टाइल शतरंज की रिपोर्ट के अनुसार, लास वेगास में खिताबी मुकाबले से चूकने के बावजूद, इस नतीजे के साथ कार्लसन ग्रैंड स्लैम टूर की ओवरऑल स्टैंडिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं।

## अमेरिका ने जीता फीबा अंडर-19 महिला विश्वकप का खिताब

**प्राग,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। अमेरिका ने फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 88-76 से हराकर फीबा अंडर-19 महिला विश्वकप का खिताब अपने नाम किया।

चेक गणराज्य के ब्रनो में रविवार को खेले गये फाइनल मुकाबले में अमेरिका ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पहले हाफ में 50-40 की बढ़त हासिल की। ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे क्वार्टर में वापसी करते हुए 17-14 से हराकर अंतर कम कर दिया। हालाँकि, चौथे क्वार्टर में अमेरिका ने 24-19 की बढ़त बनाकर अपना दबदबा और मजबूत करते हुए चैंपियनशिप पर अपनी पकड़ मजबूत बना ली। अमेरिका की सानिया हॉल ने 25 अंक, नौ रिबाउंड और सात असिस्ट के साथ तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। जैस्मीन डेविडसन ने 21 अंक जोड़े। ऑस्ट्रेलिया की ओर से बोनी डेस ने 13 अंक, चार रिबाउंड और तीन असिस्ट किये। तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले में स्पेन ने कनाडा को 70-68 से हराकर कांस्य पदक जीता। कनाडा ने पहले क्वार्टर में 15-10 की बढ़त के साथ मजबूत शुरुआत की, लेकिन स्पेन ने दूसरे क्वार्टर में 23-17 की बढ़त बनाकर मैच का रुख पलट दिया और इसके बाद मैच के आखिर तक अपनी बढ़त बनाए रखकर मुकाबला जीत लिया।

# निर्णायक मुकाबला जीतकर सीरीज अपने नाम करने उतरेंगी दोनों टीमें

**नई दिल्ली,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। भारत और इंग्लैंड की महिला टीमों के बीच चेस्टर-ले-स्ट्रीट पर मंगलवार को वनडे सीरीज का तीसरा मैच खेला जाएगा। दोनों ही टीमें टूर्नामेंट के इस अंतिम मुकाबले को जीतकर सीरीज अपने नाम करने के इरादे से उतरेंगी। भारत ने सीरीज के पहले मैच को चार विकेट से अपने नाम किया था। लॉर्ड्स में खेला गया दूसरा मुकाबला बारिश से प्रभावित रहा, जिसमें 'डकवर्थ-लुईस नियम' के आधार पर इंग्लैंड ने आठ विकेट से जीत दर्ज की। सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबरी पर है। ऐसे में अंतिम मुकाबला जीतने वाली टीम सीरीज अपने नाम कर लेगी। यह सीरीज विश्व कप के मद्देनजर तैयारियों को परखने के लिहाज से अहम है। महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 भारत और श्रीलंका की सह-मेजबानी में खेला जाना है। इस मुकाबले में भारत को स्मृति मंधाना, हरमनप्रीत कौर, प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रोड्रिग्स से खासा उम्मीदें हैं। वहीं, स्नेह राणा, श्री चरणी और क्रांति गौड़ को अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा। इंग्लैंड की टीम में सोफिया डंकले, एलिस डेविडसन रिचर्ड्स, कप्तान नैट साइवर-ब्रंट, एम्मा लैम्ब और चार्ली डीन मुकाबले को पलटने का माद्दा रखती हैं। चेस्टर-ले-स्ट्रीट में मंगलवार को बारिश की आशंका जताई जा रही है। यहां अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। ऐसे में मुकाबला बारिश से प्रभावित हो सकता है। भारत-इंग्लैंड की महिला टीमों के बीच वनडे इतिहास में अब तक कुल 78 मैच खेले जा चुके हैं, जिसमें भारत ने 35 मुकाबलों में जीत दर्ज की, जबकि 41 मैचों में उसे हार का सामना करना पड़ा। दो मुकाबले बेनतीजा रहे हैं। भारत-इंग्लैंड के बीच तीसरा वनडे मैच भारतीय समय के अनुसार शाम साढ़े पांच बजे से शुरू होगा। इस मुकाबले का लाइव टेलीकास्ट सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर होगा, जबकि लाइव स्ट्रीमिंग सोनीलिव एप और वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

भारत बनाम इंग्लैंड



■ भारत को मंधाना, हरमनप्रीत, प्रतिका, हरलीन, रोड्रिग्स से खासा उम्मीदें

## सार संक्षेप

### टी-2 में बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया

**ढाका।** तीन टी2 मैचों की सीरीज के पहले मैच में बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हरा दिया। पाकिस्तान के दिए 111 रन के लक्ष्य को बांग्लादेश ने 15.3 ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। ढाका के शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम में खेले गए इस मैच में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। कप्तान लिटन दास के फैसले को बांग्लादेश के गेंदबाजों ने सही साबित किया और पाकिस्तान टीम को 19.3 ओवर में महज 11 रन पर समेट दिया। पाकिस्तान के लिए सबसे ज्यादा 44 रन फखर ज़मान ने बनाए। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 34 गेंद की पारी में 6 चौके और 1 छक्का लगाए। इसके अलावा टॉप ऑर्डर के सभी बल्लेबाज फ्लॉप रहे।
खुशदिल शाह ने 17 और अब्बास अफरीदी ने 22 रन बनाए। शेष 8 बल्लेबाज दो अंकों में नहीं पहुंच पाए। बांग्लादेश के लिए तस्किन अहमद ने शानदार गेंदबाजी की और 3.3 ओवर में 22 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। मुस्तफिजुर रहमान ने भी घातक गेंदबाजी की और 4 ओवर में सिर्फ 6 रन देकर 2 विकेट लेने में सफलता पाई।

### शुरू हुई ओरिएंटल कप के तीसरे संस्करण की शुरुआत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के एमर्जिंग युवा फुटबॉल टूर्नामेंट, ओरिएंटल कप, का तीसरा संस्करण सोमवार से डॉ. अंबेडकर स्टेडियम में शुरू होगा। टूर्नामेंट में 36 टीमें हिस्सा लेंगी। लड़कों के वर्ग में 24 और लड़कियों के वर्ग में 12 टीमें शामिल हैं। शुरुआती मुकाबलों में, लड़कों के वर्ग में गवर्नमेंट को-एड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, द्वारका और मदर्स इंटरनेशनल स्कूल के बीच मुकाबला होगा। उसके बाद दोनों स्कूलों की लड़कियों की टीमें आमने-सामने होंगी। फिर, लड़कों के मैच में संस्कृति इंटरनेशनल स्कूल और एमिटी इंटरनेशनल, साकेत की भिड़ंत होगी। उसके बाद लड़कियों के वर्ग में गत विजेता, संस्कृति इंटरनेशनल स्कूल, एमिटी इंटरनेशनल, साकेत की लड़कियों की टीम से भिड़ेगी। इसके बाद पहले संस्करण की विजेता, द एयर फोर्स स्कूल, सुब्रतो पार्क की लड़कों की टीम, केंद्रीय विद्यालय स्कूल (जेएनयू) से भिड़ेगी, जबकि उनकी लड़कियों की टीम एमिटी इंटरनेशनल, नोएडा से खेलेगी। दिन के अंतिम मुकाबले में, लड़कों के ड्रॉ में एमिटी इंटरनेशनल, नोएडा, केंद्रीय विद्यालय, आरके पुरम से भिड़ेगा।

### रूने ने आंद्रे अगासी के साथ तीन दिन का ट्रेनिंग सेशन किया

**वाशिंगटन।** दुनिया के नंबर 8 टेनिस खिलाड़ी होल्गर रूने ने डीसी ओपन से पहले वॉशिंगटन डीसी में आंद्रे अगासी के साथ तीन दिन का ट्रेनिंग सेशन किया, जिसमें उन्हें जरूरी सलाह मिली। इस ट्रेनिंग के बाद रूने खुद को और मजबूत महसूस कर रहे हैं। अमेरिकी समर हार्ड-कोर्ट सीजन की तैयारी के लिए बढ़त हासिल करने की चाहत रखते वाले होल्गर रूने ने दो बार के यूएस ओपन चैंपियन अगासी से मदद मांगी, ताकि वह अपने खेल को बेहतर बना सकें। ट्रेनिंग उसी जगह हुई, जहां अगासी ने अपने करियर के 6 में से पांच खिताब जीते थे।

## टी-20 सीरीज: ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को हराया

**नई दिल्ली,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को जमैका में खेले गए पहले टी20 मैच में तीन विकेट से शिकस्त दी। इसी के साथ मेहमान टीम ने पांच मुकाबलों की सीरीज में 1-0 से लीड बना ली है। सोमवार को टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने आठ विकेट खोकर 189 रन बनाए। टीम 32 के स्कोर पर ब्रैंडन किंग का विकेट गंवा चुकी थी। यहां से कप्तान शाई होप ने रोस्टन चेज के साथ दूसरे विकेट के लिए 91 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभाला। रोस्टन चेज 32 गेंदों में दो छक्कों और नौ चौकों के साथ 60 रन बनाकर आउट हुए, जबकि शाई होप ने 39 गेंदों में तीन छक्कों और चार चौकों के साथ 55 रन टीम के खाते में जोड़े। इनके अलावा शिमरोन हेटमायर ने 38 रन जुटाए। विपक्षी टीम की ओर से बेन ड्वारशुइस ने सर्वाधिक चार विकेट अपने नाम किए। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 18.5 ओवरों में जीत दर्ज कर ली।

## भारतीय बैडमिंटन मिश्रित टीम ने जीता ऐतिहासिक कांस्य पदक

**राइन-रुहर ( जर्मनी ),** 21 जुलाई (एजेंसियां)। भारत की मिश्रित टीम ने जर्मनी के राइन-रुहर में चल रहे एफआईएसयू वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में बैडमिंटन में ऐतिहासिक कांस्य पदक अपने नाम किया। यह इस स्पर्धा में भारत का बैडमिंटन में पहला पदक है। एफआईएसयू वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में बैडमिंटन को 2007 से शामिल किया गया था, लेकिन यह पहली बार है जब भारत ने इस खेल में पोडियम पर जगह बनाई है। भारत ने क्वार्टरफाइनल में मलेशिया को कड़े मुकाबले में 3-2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जिससे कांस्य पदक पक्का हो गया। प्रतियोगिता में दोनों सेमीफाइनल हारने वाली टीमों को कांस्य पदक दिया जाता है। यह इस बार के एफआईएसयू वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में भारत का पहला पदक भी है। सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला चीनी ताइपे से हुआ। पुरुष एकल में भारत के सतीश कुमार करुणाकरण ने पहला मैच खेला, लेकिन वे सु ली यांग से 1-2 से हार गए। इसके बाद महिला एकल में देविका सिहाग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हुआंग चिंग पिंग को 2-0 से हराकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। हालांकि, इसके बाद चीनी ताइपे ने बढ़त बना ली। पुरुष युगल में सनीथ दयानंद और सतीश कुमार करुणाकरण की जोड़ी को चेन झी-रे और लिन यू चिएह के खिलाफ 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। महिला युगल में तस्नीम मिर और वर्षिणी विश्वनाथ श्री की जोड़ी भी हू यिन हुई और यांग चू युन से 2-0 से हार गई। इस हार के साथ भारत की सेमीफाइनल में हार तय हो गई, और फिर मिश्रित युगल मुकाबला नहीं खेला गया। ग्रुप स्टेज में भारत ने मकाऊ चाइना को 5-0 से हराया, जबकि हांगकांग के खिलाफ उसे 2-3 से करीबी हार मिली। राउंड ऑफ 16 में भारत ने अमेरिका को 3-1 से हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई थी।



■ भारत ने क्वार्टरफाइनल में मलेशिया को कड़े मुकाबले में 3-2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया

## नुनेज ने हैट्रिक लगाकर लिवरपूल को स्टोक सिटी पर 5-0 से जीत दिलाई

**लिवरपूल,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। डार्विन नुनेज ने रविवार दोपहर स्टोक सिटी के खिलाफ खेले गए एक मैत्रीपूर्ण मैच में हैट्रिक लगाते हुए लिवरपूल को 5-0 से जीत दिलाई। उरुग्वे के इस खिलाड़ी ने मुकाबले के शुरुआती 20 मिनट के अंदर ही तीन गोल दागे। रियो न्गुमोहा और फेडेरिको चिएसा ने भी एक-एक गोल कर लिवरपूल की जीत में अहम भूमिका निभाई। लिवरपूल की यह लगातार दूसरी जीत थी। इस जीत के साथ टीम एशिया दौरे के लिए रवाना हुई। नुनेज ने छठे मिनट में फॉलो-अप स्ट्राइक के साथ गोल की शुरुआत की। छह मिनट बाद ही उन्होंने फिर से सोबोस्जलाई के दाईं ओर से किए गए निचले क्रॉस को एक बेहतरीन मूव के साथ गोल पोस्ट में भेज दिया। मैच के बीसवें मिनट में उन्होंने तीसरा गोल दागा। 26 साल के डार्विन नुनेज उरुग्वे के खिलाड़ी हैं और अपने देश के लिए 35 मैचों में 13 गोल कर चुके हैं।

# सिनर, जोकोविच, ड्रेपर टोरंटो में कैनेडियन मास्टर्स से हटे

एटीपी टूर

**नई दिल्ली,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। विंबलडन के विजेता और विश्व के नंबर 1 टेनिस खिलाड़ी इटली के यानिक सिनर ने कोहनी की चोट के चलते अगले सप्ताह से टोरंटो में शुरू हो रहे 'नेशनल बैंक ओपन- 2025' से नाम वापस ले लिया है।

चार बार के चैंपियन 38 साल के नोवाक जोकोविच ने भी कमर की चोट के कारण टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया है। सिनर ने पिछली बार 2023 में टोरंटो में आयोजित कैनेडियन मास्टर्स 1000 में ट्रॉफी उठाई थी। ब्रिटेन के जैक ड्रेपर भी टूर्नामेंट से हट गए हैं। टूर्नामेंट के आयोजकों ने कहा कि यानिक सिनर और नोवाक जोकोविच विंबलडन के ठीक बाद हो रहे नेशनल बैंक ओपन 2025 से हटने के लिए मजबूर हैं। जैक ड्रेपर भी चोट के कारण हट गए हैं। सिनर ने एक विज्ञप्ति में कहा कि मैं टोरंटो में नेशनल बैंक ओपन में शामिल न हो पाने से बहुत निराश हूं, खासकर, कनाडा में खेलने की मेरी यादें बहुत प्यारी हैं। दो साल पहले टोरंटो में वह खिताब जीतना मेरे लिए एक बेहद खास पल की शुरुआत थी, लेकिन अपनी टीम से बात करने के बाद, मुझे अब थोड़ा संभलना होगा। इस साल की खिलाड़ियों की सूची में कार्लोस अल्काराज शीर्ष (नंबर 2) पर हैं। यह स्पेनिश खिलाड़ी, जो अभी भी अपनी पहली नेशनल बैंक ओपन ट्रॉफी जीतने की कोशिश में है, वर्तमान में पांच ग्रैंड स्लैम चैंपियनशिप और सात मास्टर्स 1000 खिताब जीत चुका है। 2021 के बाद पहली बार, तीन कनाडाई खिलाड़ी एटीपी के शीर्ष 40 में शामिल हैं और उन्हें नेशनल बैंक ओपन के मुख्य ड्रॉ में सीधे प्रवेश मिलेगा। मॉन्ट्रियल के फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे, जो विश्व रैंकिंग में 28वें स्थान पर हैं।



## टोरंटो और सिनसिनाटी टूर्नामेंट से नाम लिया वापस

**लंदन।** ब्रिटेन के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी जैक ड्रेपर ने बाँह की चोट के कारण टोरंटो और सिनसिनाटी में होने वाले आगामी टूर्नामेंटों से नाम वापस ले लिया है। ड्रेपर ने सोशल मीडिया मंच पर कहा कि विंबलडन के बाद मेरे बाएँ हाथ में चोट लग गई, कोई गंभीर बात नहीं है। मुझे यह सुनिश्चित करना है कि बाकी सीजन के लिए यह पूरी तरह से ठीक हो जाऊं। दुर्भाग्य से, मैं टोरंटो और सिनसिनाटी में प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाऊँगा। न्यूयॉर्क शहर में मिलते है। कैनेडियन ओपन 26 जुलाई से तथा सिनसिनाटी ओपन चार अगस्त से शुरू होगा।

कैनेडियन ओपन से हटने वाले वह अकेले खिलाड़ी नहीं है, विंबलडन चैंपियन जैनिक सिनर और 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नोवाक जोकोविच ने भी पुष्टि की है कि वे नहीं खेलेंगे।

## जेसन वनडे में इंग्लैंड का सफलतम बल्लेबाज बनने से चूके

**नई दिल्ली,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। इंग्लैंड क्रिकेट टीम में पिछले दस साल में बड़ा बदलाव हुआ है। इस दौरान इंग्लैंड ने वनडे और टी20 का विश्व कप भी जीता। इस बदलाव की वजह रही बल्लेबाजी। पूर्व में एक टेस्ट टीम के रूप में चर्चित इंग्लैंड में पिछले 10 सालों में विस्फोटक बल्लेबाजों की एक फौज आई, जिसने उनके क्रिकेट पूरी तरह बदल दिया। इन बल्लेबाजों में एक नाम जेसन रॉय का भी है। जेसन रॉय एक विस्फोटक सलामी बल्लेबाज हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमता साबित कर चुके हैं। लेकिन, इयोन मोर्गन की कप्तानी में डेब्यू करने वाले इस खिलाड़ी को उसकी क्षमता के मुताबिक मौका नहीं मिला। जेसन कभी इंजरी की वजह से बाहर हुए तो कभी उन्हें किसी दूसरे खिलाड़ी की वजह से ड्रॉप कर दिया गया। रॉय ने अपने करियर में कुछ मौकों पर तूफानी बल्लेबाजी को फिर से परिभाषित किया। एक समय लगता था कि वह लंबी रेस के घोड़े हैं। हालांकि फॉर्म में निरंतरता की कमी और लगातार मौके न मिलना उनके करियर के लिए झटका था। रॉय ऐसे समय इंग्लिश टीम से अंदर-बाहर होते रहे जब अंग्रेज बल्लेबाज सफेद गेंद क्रिकेट को हमेशा के लिए बदलने वाला गेम खेल रहे थे।

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इटर्नल | 5.38 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 2.76 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 2.19 प्रतिशत |
| एमएंडएम | 1.75 प्रतिशत |
| भारत इलेक्ट्रोनिक्स | 1.37 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| रिलायंस | 3.29 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.21 प्रतिशत |
| टीसीएस | 0.99 प्रतिशत |
| हिंद यूनिलीवर | 0.97 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.59 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 98,896 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,13,465 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौंड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5800 |
| दाल चना | 7844.8 |
| मसूर काली | 8052.84 |
| उड़द दाल | 10531.58 |
| मूंग दाल | 10151.42 |
| अरहर दाल | 11034.19 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# आरआरबी की संख्या 28 की गई : सीतारमण

■ आरआरबी ने अपना पूंजी आधार बढ़ाया

**नई दिल्ली,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) के विलय से एक राज्य-स्तरीय आरआरबी का गठन हुआ है, जिसका संचालन क्षेत्र एक जैसा है और इससे प्रबंधन और सेवा वितरण आसान हुआ।

वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि 'वन स्टेट-वन आरआरबी' के सिद्धांत के तहत, सरकार ने चरण 4 सम्मेलन में आरआरबी के कंसोलिडेशन की प्रक्रिया जारी रखी है ताकि पैमाने की दक्षता और कॉस्ट रेशनलाइजेशन के लाभ प्राप्त किए जा सकें। इसके तहत 26 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में आरआरबी की संख्या 43 से घटाकर 28 (1 मई, 2025 से प्रभावी) कर दी गई है। वित्त मंत्री ने बताया कि आरआरबी ने अपना पूंजी आधार बढ़ाया है, जिससे विलय से बनी इकाई की वित्तीय स्थिरता और मजबूती बढ़ी है।



नाबार्ड ने राष्ट्रीय स्तर की मानक संचालन प्रक्रिया जारी की है : निर्मला सीतारमण

परिचालन को कंसोलिडेट कर और अलग-अलग प्रशासनिक ढांचों के कारण होने वाली अतिरेकता को समाप्त कर विलय से लागत बचत होने की उम्मीद है। इसके अलावा, विलय से बने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक एडवांस टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म में निवेश और लाभ उठा सकते हैं, जिससे परिचालन दक्षता और ग्राहक सेवा में सुधार होगा।

सरकार ने विलय कार्यक्रम के कार्यान्वयन की देखरेख और निगरानी के लिए राज्य-स्तरीय निगरानी समिति (एसएलएमसी) और राष्ट्रीय-स्तरीय परियोजना निगरानी इकाई (एनएलपीएमयू) का गठन किया है। वित्त मंत्री ने कहा कि नाबार्ड ने राष्ट्रीय स्तर की मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है। इस एसओपी में विस्तृत दिशानिर्देश शामिल हैं, जिसमें समन्वित नीतियों और परिचालन दिशानिर्देशों को अंतिम रूप देने और दिन-प्रतिदिन की इंटीग्रेशन प्लान को संभालने के लिए प्रत्येक प्रमुख/हस्तांतरित आरआरबी में विलय परियोजना प्रबंधन इकाई (एपीएमयू), संचालन समिति और कार्यात्मक समितियों की स्थापना की सलाह दी गई है। नाबार्ड द्वारा 2021 में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के विलय से उनके वित्तीय प्रदर्शन पर पड़ने वाले प्रभाव पर एक स्टडी की गई।

## छह वर्षों में बेरोजगारी दर 6 प्रतिशत से घटकर 3.2 प्रतिशत हुई : वित्त मंत्री

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को संसद को बताया कि सरकार ने देश में बेरोजगारी दर को छह वर्षों में 6 प्रतिशत से घटाकर 3.2 प्रतिशत करने और महंगाई को छह वर्षों के निचले स्तर पर लाने के लिए कई उपाय किए हैं। वित्त मंत्री ने बताया कि मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं, साथ ही सस्टेनेबल रोजगार को बढ़ावा दिया जा रहा है और विशेष रूप से गरीबों और युवाओं के बीच घरेलू आय में सुधार किया जा रहा है। इनमें, अन्य बातों के अलावा, आवश्यक खाद्य वस्तुओं के लिए बफर स्टॉक में वृद्धि, खुले बाजार में खरीदे गए अनाज की रणनीतिक बिक्री, कम आपूर्ति के दौरान आयात और निर्यात प्रतिबंधों की सुविधा, चुनिंदा वस्तुओं की बाजार में अधिक आपूर्ति बढ़ाने के लिए स्टॉक सीमा का कार्यान्वयन, भारत ब्रांड के तहत चुनिंदा खाद्य वस्तुओं की रियायती दरों पर खुदरा बिक्री, और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लगभग 81 करोड़ लाभार्थियों को मुफ्त खाद्यान्न वितरण शामिल हैं।

## पीएम इंटर्नशिप स्कीम के तहत युवाओं को 1.53 लाख से ज्यादा प्रस्ताव दिए

**नई दिल्ली।** वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को बताया कि अक्टूबर 2024 में शुरू की गई पीएम इंटर्नशिप स्कीम (पीएमआईएस) के पहले दो चरणों के दौरान देश की शीर्ष कंपनियों ने युवाओं को 1.53 लाख से ज्यादा प्रस्ताव दिए। वित्त मंत्री ने बताया कि पीएम इंटर्नशिप योजना पायलट प्रोजेक्ट के पहले चरण में, साझेदार कंपनियों ने देश भर के पीएमआईएस पोर्टल पर 1.27 लाख से ज्यादा इंटर्नशिप के अवसर पोस्ट किए। इसके सापेक्ष, लगभग 1.81 लाख उम्मीदवारों से 6.21 लाख से ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए। साझेदार कंपनियों ने 60,000 से ज्यादा उम्मीदवारों को 82,000 से ज्यादा इंटर्नशिप के प्रस्ताव दिए, जिनमें से 28,000 से ज्यादा उम्मीदवारों ने इंटर्नशिप में शामिल होने के प्रस्ताव स्वीकार किए और 8,700 से ज्यादा उम्मीदवार उनकी इंटर्नशिप में शामिल हुए। उन्होंने आगे बताया कि 9 जनवरी, 2025 को शुरू हुई पीएम इंटर्नशिप योजना पायलट परियोजना के दूसरे दौर में, लगभग 327 साझेदार कंपनियों ने देश के 735 जिलों में 1.18 लाख से अधिक इंटर्नशिप अवसर पोस्ट किए हैं।

## सेल ने की जोजिला सुरंग परियोजना में 31 हजार टन से अधिक इस्पात की आपूर्ति

**नई दिल्ली,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। सरकारी क्षेत्र की महारत्न कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने सोमवार को कहा कि वह महत्वाकांक्षी जोजिला सुरंग परियोजना के लिए सबसे बड़ी इस्पात आपूर्तिकर्ता बनकर उभरी है। यह महत्वाकांक्षी परियोजना वर्तमान में निर्माणाधीन है और पूरी होने के बाद यह भारत की सबसे लंबी सड़क सुरंग और एशिया की सबसे लंबी द्वि-दिशात्मक सुरंग होगी।





कंपनी ने बयान में कहा कि सेल इस रणनीतिक इन्फ्रास्ट्रक्चर इनिशिएटिव में एक महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में भूमिका निभा रहा है। कंपनी ने टीएमटी री-बार, स्ट्रक्चरल और प्लेटों सहित 31,000 टन से अधिक इस्पात की आपूर्ति की है और इस परियोजना के लिए अपनी इस्पात आपूर्ति को निरंतर बनाए रख रही है, क्योंकि इसके महत्वपूर्ण परियोजना के पूरा होने की समयसीमा 2027 है।

जोजिला सुरंग 11,578 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। इस सुरंग का निर्माण चुनौतीपूर्ण हिमालयी भूभाग में किया जा रहा है। 30 किलोमीटर से ज्यादा लंबी यह सुरंग, द्रास और कारगिल होते हुए श्रीनगर और लेह के बीच सभी मौसम में संपर्क प्रदान करेगी। यह सुरंग श्रीनगर-कारगिल-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और इस क्षेत्र में नागरिक और सैन्य गतिशीलता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगी।

# सोने की कीमत में बीते 6 वर्षों में 200 प्रतिशत का उछाल दर्ज

**नई दिल्ली,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। पीली धातु की कीमत में बीते 6 वर्षों में 200 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड की गोल्ड पर सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि मई 2019 से जून 2025 तक सोने की कीमतें 30,000 रुपए से बढ़कर करीब 1,00,000 रुपए प्रति 10 ग्राम से अधिक हो गई हैं।

इस बीच, सोना-चांदी की कीमतों में कारोबारी हफ्ते के पहले दिन तेजी दर्ज की गई। 24 कैरेट के सोने की कीमतों में 650 रुपए से ज्यादा का इजाफा हुआ है। वहीं, चांदी की कीमत एक बार फिर 1,13,000 रुपए के पार हो गई है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स



एसोसिएशन द्वारा शाम को जारी की गई कीमतों के मुताबिक, 24 कैरेट के सोने की कीमत 653 रुपए बढ़कर 98,896 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि बीते शुक्रवार को 98,243 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई थी। 22 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़कर 90,589 रुपए हो गई है, जो कि पहले 89,991 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम बढ़कर 74,172 रुपए हो गया है, जो कि पहले 73,682 रुपए प्रति 10 ग्राम था।

# भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात पहली तिमाही में 47 प्रतिशत बढ़ा

■ आरएमजी एक्सपोर्ट में भी 9 प्रतिशत का उछाल दर्ज
■ भारत के आरएमजी का भी प्रमुख खरीदार है अमेरिका

**नई दिल्ली,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही (वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही) के दौरान भारत के इलेक्ट्रॉनिक निर्यात में 47 प्रतिशत की जोरदार वृद्धि हुई है और यह बढ़कर 12.41 अरब डॉलर हो गया है। इस दौरान रेडी-मेड गारमेंट्स (आरएमजी) के निर्यात में भी करीब 9 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया है। यह जानकारी वाणिज्य मंत्रालय की ओर से दी गई।

वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही के दौरान भारतीय इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के





निर्यात के लिए अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और चीन शीर्ष तीन प्रमुख गंतव्य बनकर उभरे हैं। कुल इलेक्ट्रॉनिक निर्यात में 60.17 प्रतिशत की बड़ी हिस्सेदारी के साथ अमेरिका इस सूची में शीर्ष स्थान पर था।

यूएई 8.09 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि चीन 3.88 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ तीसरे स्थान पर था। अन्य प्रमुख निर्यात गंतव्यों में नीदरलैंड और जर्मनी शामिल हैं, जिनकी हिस्सेदारी क्रमशः 2.68 प्रतिशत और 2.09 प्रतिशत है। वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि देश के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात का बढ़ना वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स आपूर्ति श्रृंखला में भारत की बढ़ती भूमिका को दर्शाता है।

यह एशिया में एक विश्वसनीय और प्रतिस्पर्धी मैन्युफैक्चरिंग केंद्र के रूप में देश के उभरने को भी दर्शाता है। इसके अतिरिक्त, अप्रैल-जून तिमाही में भारत का रेडी-मेड गारमेंट्स (आरएमजी) का निर्यात 8.81 प्रतिशत बढ़कर 4.19 अरब डॉलर हो गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 3.85 अरब डॉलर था।

अमेरिका भारत के आरएमजी का भी एक प्रमुख खरीदार भी है। अप्रैल-जून तिमाही के दौरान, अमेरिका की कुल आरएमजी निर्यात में हिस्सेदारी 34.11 प्रतिशत रही, इसके बाद यूके की 8.81 प्रतिशत, यूएई की 7.85 प्रतिशत, जर्मनी की 5.51 प्रतिशत हिस्सेदारी रही।

## सार संक्षेप

### वैश्विक कंपनियों की पसंद बन रहा भारत

**नई दिल्ली।** ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) के लिए भारत दुनियाभर की कंपनियों की पसंद बनकर उभर रहा है। विश्व के करीब 53 प्रतिशत या 1,7 के आसपास जीसीसी देश में मौजूद हैं। यह जानकारी सोमवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। वेस्टियन रिसर्च ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत में कुल जीसीसी में से 94 प्रतिशत बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, दिल्ली-एनसीआर, मुंबई और पुणे में हैं। शेष 6 प्रतिशत जीसीसी कोलकाता, कोच्चि, अहमदाबाद, चंडीगढ़, कोयंबटूर, वडोदरा, नासिक, त्रिवेंद्रम, जोधपुर, वारंगल, बड़ौदा, विशाखापत्तनम, भोगपुरम, जयपुर, सूरत, मोहाली, भुवनेश्वर, इंदौर, मैसूर, मदुरै और भोपाल में फैले हुए हैं। वेस्टियन रिसर्च के अनुसार, भारत में जीसीसी की कुल संख्या 8 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ रही है और यह वित्त वर्ष 28 तक 2,1 से अधिक होने का अनुमान है। औसतन, प्रतिवर्ष लगभग 15 नए जीसीसी स्थापित होने की उम्मीद है।

### संजय कौल ने गिफ्ट सिटी के एमडी का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संजय कौल ने सोमवार को गुजरात स्थित भारत के पहले ऑपरेशनल स्मार्ट सिटी और इंटरनेशनल फाइनेंशियल सर्विसेज सेंटर (आईएफएससी) गिफ्ट सिटी के प्रबंध निदेशक और समूह मुख्य कार्यकारी अधिकारी का पदभार ग्रहण किया। वे सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी तपन रे का स्थान लेंगे, जिन्होंने 219 से गिफ्ट सिटी का नेतृत्व किया और इसके विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पदभार ग्रहण करने के बाद, कौल ने कहा कि इतने महत्वपूर्ण मोड़ पर गिफ्ट सिटी का नेतृत्व करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। कौल ने कहा कि वैश्विक स्तर पर सफल फाइनेंशियल और टेक्नोलॉजी हब बनने की दिशा में गिफ्ट सिटी की यात्रा के इस महत्वपूर्ण समय में इसका नेतृत्व संभालना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

### रुपए 14 पैसे टूटकर 86.31 रुपए प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** बैंकों की डॉलर खरीद से रुपए में सोमवार को लगातार चौथे दिन गिरावट रही और यह 14.5 पैसे टूटकर 86.31 रुपए प्रति डॉलर के स्तर पर आ गया। रुपए पर आज शुरू से ही दबाव रहा। यह 1.5 पैसे टूटकर 86.27 रुपए प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान एक समय यह 86.195 रुपए प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ तो दूसरी तरफ 86.36 रुपए प्रति डॉलर तक कमजोर भी हुआ। कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 86.31 रुपए प्रति डॉलर के भाव बिका। रिलायंस सिक्योरिटीज के वरिष्ठ अनुसंधान विश्लेषक श्रीराम अय्यर ने बताया कि विदेशी तथा निजी बैंकों की ओर से डॉलर की खरीद की गई। इससे रुपया दबाव में आ गया। हालांकि दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर में रही गिरावट ने इसे और ज्यादा नहीं गिरने दिया।

# लिवाली की बदौलत बाजारों में लौटी रौनक

■ सेंसेक्स 0.54 प्रतिशत चढ़ कर 82,200.34 अंक पर बंद
■ निफ्टी 0.49 फीसदी की मजबूती के साथ 25,090.70 अंक पर

**मुंबई,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। बैंकिंग और धातु सेक्टरों में लिवाली से सोमवार को सप्ताह के पहले दिन घरेलू शेयर बाजारों में तेजी लौट आई। बीएसई का 3 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 442.61 अंक यानी`.54 प्रतिशत चढ़ कर 82,2.34 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-5 भी`.49 फीसदी यानी 122.3 अंक की मजबूती के साथ 25,9.7 अंक पुन-25 के स्तर से ऊपर पहुँच गया।

अच्छे तिमाही परिणामों के दम पर बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों में तेजी है। सेंसेक्स की कंपनियों में आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 2.76 प्रतिशत और एचडीएफसी बैंक 2.19 प्रतिशत लाभ में बंद हुआ। तिमाही परिणाम से पहले इटरनल के शेयरों में पांच फीसदी से अधिक का उछाल आया। आज के कारोबार में रिलायंस इंडस्ट्रीज



सबसे ज्यादा 3.29 प्रतिशत टूटा। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टीसीएस और हिंदुस्तान यूनीलिवर में भी गिरावट दर्ज की गई। विदेशों से मिले मिश्रित रुख के बीच शेयर बाजार में शुरू से ही तेजी रही। सेंसेक्स करीब 161 अंक की बढ़त के साथ 81,918.53 अंक पर खुला। हालांकि खुलने के तुरंत बाद कुछ समय के लिए बाजार में बिकवाली हावी रही और एक समय सेंसेक्स गिर कर 81,518.66 अंक तक कमजोर हो गया था। बाद में बैंकिंग और वित्तीय कंपनियों में लिवाली का दौर चलने से यह 82,274.3 अंक के दिन के उच्चतम स्तर तक पहुंच गया था। सेंसेक्स की 3 में से 19 कंपनियों के शेयर लाभ में रहे।

निफ्टी-5 भी 31 अंक से अधिक की तेजी में 24,999 अंक पर खुला और नीचे 24,882.3 अंक तथा ऊपर 25,111.4 अंक के दायरे में रहा। एनएसई के अपेक्षाकृत अधिक शेयरों पर आधारित सूचकांक भी हरे निशान में रहे। निफ्टी-1 में`.48 प्रतिशत, निफ्टी मिडकैप-5 में`.64 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप-1 में`.62 प्रतिशत की तेजी रही।

वित्तीय सेवा सेक्टर में कुल मिला कर उछाल देखा गया। हालांकि सार्वजनिक बैंकों के सेक्टर में गिरावट रही लेकिन निजी बैंकों के सेक्टर का सूचकांक एक प्रतिशत के अधिक की तेजी में रहा। धातु, रियलिटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और ऑटो जैसे सेक्टरों के सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए जबकि तेल एवं गैस, फार्मा और स्वास्थ्य क्षेत्र के शेयरों में गिरावट देखी गई।

विदेशों में एशियाई बाजारों में मिलाजुला रुख रहा। जापान का निक्केई`.21 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। इसके विपरीत हांगकांग के हैंगसेंग में`.68 फीसदी और चीन के शंघाई कंपोजिट में`.72 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। यूरोपीय बाजारों की प्रारंभिक रिपोर्ट में ब्रिटेन के एफटीएसई और जर्मनी के डैक्स में गिरावट का रुझान था।

# आठ प्रमुख उद्योगों ने की जून में 1.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज

**नई दिल्ली,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सोमवार के आंकड़ों के अनुसार, आठ प्रमुख उद्योगों (आईसीआई) का संयुक्त सूचकांक जून महीने में पिछले वर्ष इसी महीने की तुलना में 1.7 प्रतिशत बढ़ा। स्टील, सीमेंट और रिफाइनरी प्रोडक्ट के उत्पादन में पिछले महीने सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई।

मंत्रालय ने कहा कि मई 2025 के लिए आठ प्रमुख उद्योगों के सूचकांक की अंतिम वृद्धि दर 1.2 प्रतिशत रही। अप्रैल से जून, 2025-26 के दौरान आईसीआई की संचयी वृद्धि दर पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 1.3 प्रतिशत (अनंतिम) है।

पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पादन जून में सालाना आधार पर 3.4 प्रतिशत बढ़ा। इसका संचयी सूचकांक अप्रैल से जून, 2025-26 के दौरान पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में स्थिर रहा।

जून में इस्पात उत्पादन में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई और अप्रैल से जून, 2025-26 के दौरान इसका संचयी सूचकांक पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 7.0 प्रतिशत बढ़ा।



■ सीमेंट, रिफाइनरी उत्पादन में तेजी

इस बीच, सीमेंट उत्पादन में पिछले महीने 9.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई और अप्रैल से जून, 2025-26 के दौरान इसका संचयी सूचकांक पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 8.4 प्रतिशत बढ़ा। आईसीआई आठ प्रमुख उद्योगों के उत्पादन के संयुक्त और व्यक्तिगत प्रदर्शन को मापता है, जिसमें कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, स्टील, सीमेंट और बिजली उद्योग शामिल है। आठ प्रमुख उद्योग औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में शामिल वस्तुओं के भार का 40.27 प्रतिशत हिस्सा बनाते हैं। इस बीच, जून, 2025 में बिजली उत्पादन जून, 2024 की तुलना में 2.8 प्रतिशत कम हुआ।

# चावल, दालें महंगी, खाद्य तेलों में मिश्रित रुख

**नई दिल्ली,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। घरेलू जिंस बाजारों में सोमवार को चावल, दालों और चीनी के दाम बढ़ गए। गेहूं और गुड़ में मंदी रही जबकि खाद्य तेलों के भाव में उतार-चढ़ाव रहा।

घरेलू थोक बाजारों में ग्राहकी आने से चावल की औसत कीमत 84 रुपए बढ़कर 3,802.93 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं चार रुपए से ज्यादा टूटकर 2,813.27 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा भी करीब 15 रुपए सस्ता हुआ और 3,270.77 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।



खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। मूंगफली तेल 192 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सरसों तेल 22 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। सोया तेल भी 80 रुपए सस्ता हुआ। वनस्पति के दाम भी 165 रुपए प्रति क्विंटल चढ़े। सूरजमुखी तेल में 102 रुपए की तेजी रही। पाम ऑयल लगभग 12 रुपए प्रति टूट गया। दाल-दलहनों में तेजी का रुख रहा। दलहन बाजार में चना दाल करीब 132 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल का औसत भाव 208 रुपए बढ़ गया। उड़द दाल 27 रुपए प्रति क्विंटल और मसूर दाल में 120 रुपए प्रति क्विंटल से अधिक की नरमी रही। दाल मूंग में भी करीब 121 रुपए प्रति क्विंटल से अधिक की तेजी दर्ज की गई।

**गुड़-चीनी :** बाजार में गुड़ के औसत भाव 75 रुपए से ज्यादा गिर गए। चीनी करीब 44 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई है। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन** : दाल चना 7844.8, मसूर काली 8052.84, मूंग दाल 10151.42, उड़द दाल 10531.58, अरहर दाल 11034.19 रुपए प्रति क्विंटल। **अनाज** : (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2813.27 रुपए और चावल 3802.93 रुपए प्रति क्विंटल।

# भारत की जीडीपी चालू वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी : क्रिसिल

**नई दिल्ली,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। क्रिसिल की ओर से सोमवार को जारी की गई रिपोर्ट में कहा गया कि भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) चालू वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 26) में 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ सकता है। इसकी वजह घरेलू खपत में सुधार होना और अन्य संकेतों का सकारात्मक होना है। क्रिसिल इंटेलिजेंस के मुताबिक, भारतीय अर्थव्यवस्था की ग्रोथ के लिए सबसे बड़ा जोखिम अमेरिकी टैरिफ के कारण पैदा हुई वैश्विक अस्थिरता है।

रिपोर्ट में कहा गया कि हालांकि, सामान्य से बेहतर मानसून, आयकर में राहत और आरबीआई एमपीसी की ब्याज दरों में कटौती से घरेलू खपत में सुधार से विकास को समर्थन मिलने की उम्मीद है।

पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सालाना आधार पर 7.4 प्रतिशत रही, जो





इससे पिछली तिमाही में 6.4 प्रतिशत थी। इससे पिछले वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 2025) में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रही। रिपोर्ट में कहा गया कि खाद्य मुद्रास्फीति के नकारात्मक होने के कारण उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति जून में घटकर 2.1 प्रतिशत रह गई, जो 77 महीनों में सबसे कम है। रिपोर्ट में बताया गया कि महंगाई के रुझान, सामान्य से बेहतर मानसून की भविष्यवाणी और वैश्विक स्तर पर तेल व

■ बेहतर मानसून, आयकर में राहत व आरबीआई एमपीसी की ब्याज दरों में कटौती से विकास को समर्थन मिलने की उम्मीद

कमोडिटी की कीमतों में नरमी की उम्मीद के आधार पर, हमारा अनुमान है कि इस वित्त वर्ष में सीपीआई मुद्रास्फीति औसतन 4 प्रतिशत रह जाएगी, जो पिछले वित्त वर्ष में 4.6 प्रतिशत थी। रिपोर्ट में कहा गया कि इस वित्त वर्ष में आरबीआई की रेपो दर में एक और कटौती और उसके बाद एक ठहराव की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया कि इस वित्त वर्ष में सकल बाजार उधारी 14.8 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है, जो पिछले साल की तुलना में 5.8 प्रतिशत अधिक है। सरकार की योजना वित्त वर्ष की पहली छमाही में बजटीय उधारी का 54 प्रतिशत पूरा करने की है।

# तेजी से बदलती दुनिया में नए मानकों और नवाचारों की जानकारी जरूरी-अरुण साव

## देशभर से आए विशेषज्ञ जल प्रदाय योजनाओं में प्रयुक्त सामग्री और कार्यों के नए मानकों की दे रहे जानकारी

### पीएचई के अभियंताओं के लिए बीआईएस द्वारा आयोजित क्षमता निर्माण कार्यक्रम में शामिल हुए श्री साव

**बिलासपुर**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव आज भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अभियंताओं के लिए आयोजित क्षमता निर्माण कार्यक्रम में शामिल हुए। भारतीय मानक ब्यूरो के रायपुर कार्यालय द्वारा रायपुर के नवीन विश्राम भवन में 21 और 22 जुलाई को दो दिवसीय इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

देशभर से आए विषय विशेषज्ञ कार्यक्रम में पीएचई के अभियंताओं को जल प्रदाय योजनाओं में प्रयुक्त सामग्री और कार्यों के नए मानकों की जानकारी दे रहे हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रदेशभर के 120 से अधिक अभियंता इसमें हिस्सा ले रहे हैं जिनमें मुख्य अभियंता से लेकर अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता और सहायक अभियंता शामिल हैं। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने क्षमता निर्माण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अभियंताओं से कहा कि तेजी से बदलती दुनिया में नए मानकों और नवाचारों से अपडेट रहना जरूरी है। एक इंजीनियर के रूप में सम-सामयिक तकनीकी पहलुओं और उनके नवीन मापदंडों की जानकारी आवश्यक है। कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के लिए इनकी अच्छी जानकारी काफी मददगार होती है। उन्होंने भारतीय मानक ब्यूरो को क्षमता निर्माण कार्यक्रम के आयोजन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि इससे हमारे अभियंताओं की दक्षता और क्षमता बढ़ेगी।

### विभाग का काम जन कल्याण से जुड़ा



उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का कार्य सीधे जन कल्याण से जुड़ा हुआ है। चाहे वह स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था हो, जल शोधन की प्रक्रिया हो या ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जल आपूर्ति तंत्र को सुदृढ़ बनाना हो। इन कार्यों की प्रभाव शीलता इस बात पर निर्भर करती है कि हम मानकों का कितना पालन करते हैं और तकनीकी ज्ञान को कितनी सफलता से धरातल पर उतारते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अभियंताओं के लिए यह कार्यक्रम उनके कार्यस्थल पर प्रभावी कार्य संपादन में सहायक होगी।

### फील्ड में काम की जरूरत

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुलहक ने कहा कि देश-दुनिया में प्रचलित मानकों और मापदंडों से विभाग के अभियंताओं को अवगत कराने भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने विभागीय अभियंताओं से अपील की कि वे यहां सीखी गई बातों को फील्ड में कार्यों के मापन और मूल्यांकन में जरूर अपनाएं। जल जीवन मिशन के संचालक जितेन्द्र शुक्ला, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता टीडी सांडिल्य और भारतीय मानक ब्यूरो के क्षेत्रीय निदेशक एसके गुप्ता ने भी प्रतिभागी अभियंताओं को संबोधित किया।

### दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम

भारतीय मानक ब्यूरो के विशेषज्ञ दो दिनों तक चलने वाले क्षमता निर्माण कार्यक्रम में पीएचई के अभियंताओं को भवन उपयोगिता में वृद्धि हेतु जल आपूर्ति, जल निकासी एवं स्वच्छता के लिए श्रेष्ठ व्यवहार, सेवाओं एवं संसाधनों का अनुकूलन = पेयजल आपूर्ति सेवाएं और परिसंपत्ति प्रबंधन प्रणाली, सुरक्षित जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने पेयजल की गुणवत्ता, नमूनाकरण एवं परीक्षण में मानकों की भूमिका, सतत संचयन = वर्षा जल प्रबंधन में बीआईएस मानकों की भूमिका, आधुनिक स्वच्छता समाधान-रोटेशनल मोल्डेड पॉलीएथिलीन सेप्टिक टैंक और आईएस 18666, ओवरहेड टैंक, सिविल संरचनाएं (धातु, सीमेंट, आरसीसी), पैकेज्ड जल उपचार संयंत्र (पारंपरिक व अपरंपरागत), दक्षता का अनुकूलन = अपशिष्ट जल आपूर्ति नेटवर्क में परिसंपत्ति प्रबंधन, पाइप सामग्री तथा पंपिंग प्रणालियों में मानकीकरण के माध्यम से उत्कृष्टता प्राप्त करने के बारे में जानकारी देंगे।

### बीआईएस के ये विशेषज्ञ दे रहे जानकारी

रिसोर्स पर्सन के रूप में भारतीय मानक ब्यूरो के विशेषज्ञ सर्वश्री फालेन्द्र कुमार, राजेश कुमार दास, देवेन्द्र सिंह धपोला, आरपी. देवांगन, डॉ. एन. मुरली मोहन और डॉ. मयूर जे. कपाड़िया लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के इंजीनियरों को जल प्रदाय प्रणाली और रेन वाटर हार्वेस्टिंग से संबंधित नए मानकों और मापदंडों की जानकारी दे रहे।

# नेशनल हाईवे में लग्जरी कारें खड़ी कर रील बनाने का मामला,हाईकोर्ट ने सख्ती दिखाई

### नाराजगी जाहिर करते हुए कोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

**बिलासपुर**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। न्यायधानी में भाजपा नेता के करीबी और रसूखदार लड़कों ने लग्जरी कारें खड़ी कर राष्ट्रीय राजमार्ग 130 जाम कर दिया था। इस मामले में हाईकोर्ट ने सख्ती दिखाई है। चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरू की डिवीजन बेंच में मामले की सुनवाई हुई। सोमवार को उन्होंने हाईवे जाम करने वाली गाड़ियों की जब्ती नहीं बनाने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की। साथ ही इस मामले में शपथपत्र के साथ सरकार को जवाब देने कहा है।



बता दें कि पिछले दिनों नई कार खरीदकर लड़कों ने रील्स बनाने के लिए नेशनल हाईवे को जाम कर दिया था, जिसका वीडियो शूट कर नई कार खरीदने का जश्न भी मनाया। जिससे आवागमन प्रभावित हुआ और लोग परेशान होते रहे। पुलिस ने रईसजादों पर एफ आई आर करने के बजाय सिर्फ जुर्माने की कार्रवाई की है। पुलिस की चालानी कार्रवाई के अनुसार रसूखदारों में वेदांश शर्मा, सिद्धार्थ शर्मा, यशवंत, दुर्गेश ठाकुर, विपिन वर्मा, अभिनव पांडेय शामिल हैं।

पुलिस ने चालान तो काटा मगर गाड़ी नंबर और लड़कों के नाम को गोपनीय रखा

एडिशनल एसपी ट्रैफिक राम गोपाल करियारे ने बताया कि रतनपुर रोड में एक के बाद एक 6 कार को खतरनाक ढंग से लहराते हुए कट मारकर गाड़ी चलाते हुए देखा गया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। एसएसपी रजनेश सिंह ने तुरंत इस मामले पर संज्ञान लेते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए। रतनपुर रोड पर तैनात प्रभारी एएसआई केके मरकाम और स्टाफ ने सभी गाड़ियों को रोक कर 2000-2000 की चालानी कार्रवाई की, लेकिन एडिशनल एसपी ने इन 6 लड़कों के न तो नाम बताए और न ही जिन गाड़ियों का चालान काटा गया उनकी गाड़ी नंबर बताए। इस मामले को हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया ।

# पेंड्रीडीह बाईपास में कांग्रेस का आज आर्थिक नाकेबंदी आंदोलन



**बिलासपुर**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर बिलासपुर में कांग्रेस द्वारा रायपुर मार्ग में कल 22 जुलाई को पेंड्रीडीह बाईपास में आर्थिक नाकाबंदी किया जाएगा

पीसीसी के निर्देश पर बिलासपुर के प्रभारी और कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने आज कांग्रेस भवन में जिला कांग्रेस के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक ली, बैठक में 22 जुलाई को छत्तीसगढ़ में आर्थिक नाके बन्दी को लेकर चर्चा की गई ।

प्रभारी और कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें अडानी को आर्थिक लाभ पहुंचाने के लिए पूरी ताकत को झोंक दिए है, छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के ही रात से हँसदेव अरण्य को काटना शुरू हो गया था, अब तमनार के जंगल को काटा जा रहा है जिसके वहां के स्थानीय जनता कर रही है,उन्हें जेल बन्द किया जा रहा है, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जब तमनार गए और विधानसभा में प्रश्न लगाया तो उनके पुत्र को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया ,इससे साफ है कि भाजपा पूरे छत्तीसगढ़ को अडानी को देने का मन बना लिया है, अटल ने कहा कि बस्तर प्राकृतिक संसाधन में परिपूर्ण है जहां दुर्लभ किस्म के खनिज संपदा है जैसे लिथियम ,यूरेनियम, लौह अयस्क,टीन, कोरण्डम ,लाल चंदन के पेड़ ,इन सभी पर अडानी की नजर लगी हुई है और भाजपा की सरकार उसके ही इशारे पर छत्तीसगढ़ को उसके अनुरुओ मौहाल बनाया जा रहा है, बस्तर में विरोध न हो सोच कर कवासी लखमा को बंद कर दिया गया है, कल के आर्थिक नाकेबंदी को सफल बनाने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी ने कमर कस ली है ,जिसमे कांग्रेस के सभी संगठन के पदाधिकारी,कार्यकर्ता मुस्तैदी के साथ सफल बनाएंगे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि 22 जुलाई को पेन्डरीडीह बाईपास के आगे अशोक लीलैंड शोरूम के सामने कल आर्थिक नाकेबंदी की जाएगी ,सुबह 11.00 बजे सभी कांग्रेसजन कांग्रेस भवन में इकट्ठा होंगे पश्चात काफिले के रूप में कांग्रेसजन धरना स्थल पर जाएंगे और आर्थिक नाका बन्दी करेंगे। अध्यक्ष द्वय ने कहा कि भाजपा सरकार प्रजातन्त्र की गला घोंट रही है, विपक्ष के नेताओ को षड्यंत्र पूर्वक फंसाना ,उन्हें बदनाम और अपना स्वार्थ सिद्ध करना भाजपा की चरित्र बन गई है ,इसके पूर्व हेमन्त विश्व शरमा, अजित पवार,नारायण राणे, जैसे लोग आज भाजपा के साथ है क्योंकि ये नेता ईडी और सीबीआई के दबाव से टूट गए ,आज इनके केस या तो वापस हो गए या पेंडिंग कर दिया गया है, ये सब के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी असफलता को छिपाना और अडानी को आर्थिक लाभ देना है, अब समय आ गया है कि देश और राज्य के हितों के साथ समझौता नही किया जाएगा इसलिए कांग्रेस आंदोलन का रास्ता अपनाया है और कल 22 जुलाई को आर्थिक नाके बन्दी कर इसका विरोध किया जाएग।

# भव्य कावड़ यात्रा की तैयारी पूर्ण,जय वंदेमातरम् संगठन का आयोजन



**बिलासपुर**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। जय वंदेमातरम् संगठन के द्वारा भव्य कावड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है इस आयोजन का यह तृतीय वर्ष है तैयारी को अंतिम स्वरूप देने के लिये संगठन की आवश्यक बैठक खाटू श्याम मंदिर मै सम्पन्न हुई ।

जय वंदेमातरम् संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजू सलूजा व प्रदेश संयोजक राजेंद्र सिंह ने बताया कि संगठन के द्वारा विगत दो वर्षों से बिलासपुर के शिव भक्ति मे लीन ऐसे भक्त जो किसी कारण वश सावन के पवित्र माह होने वाले कावड़ यात्रा से वंचित रह जाते हैं उनके जय वंदेमातरम् के द्वारा कावड़ निकली गई जैसा कि हम सभी जानते हैं भगवान शिव को एक लौटा जल से ही प्रसन्न कर किया जा सकता। इस वर्ष कावड़ यात्रा को वृहद स्वरूप देने के लिये संगठन ने गाजे बाजे के साथ आकर्षक झांकियों भी बनाई जा रही है आकर्षक और वृहद कावड़ भी बनाया जा रहा है । संगठन के डॉ रजनीश पाण्डे ने भी संबोधित करते हुये बताया कि समुद्र मंथन के दौरान निकले हलाहल विष को भगवान शिव ने पिया था, और देवताओं ने उन्हें शांत करने के लिए गंगाजल चढ़ाया था, जिससे कावड़ यात्रा की शुरुआत हुई। कावड़ यात्रा भगवान शिव के प्रति भक्तों की अटूट श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है। सावन के महीने में कावड़ यात्रा एक धार्मिक उत्साह का माहौल बनाती है, जिसमें भक्त नाचते-गाते, भजन गाते हुए अपनी यात्रा पूरी करते हैं। कावड़ यात्रा विभिन्न जातियों और समुदायों के लोगों को एक साथ जोड़ती है, जो एक साथ मिलकर इस यात्रा को सफल बनाते हैं। संगठन के द्वारा इस वर्ष भी जिन कावड़ियों को कावड़ की आवश्यकता है उनके लिये कावड़ का निर्माण किया गया है जिसके लिये संगठन के सोहन गुप्ता 8103612496,मनीषा श्रीवास्तव 8827408080 से संपर्क कर सकते हैं। बैठक मे प्रदेश अध्यक्ष राजू सलूजा, प्रदेश संयोजक राजेंद्र सिंह,डॉ रजनीश पाण्डे , तरुण सरोज , आकाश यादव, जवाहर बांधेकर, रूपेश यादव, आकाश कच्छवाहा, मनीष श्रीवास्तव, सोहन गुप्ता, विकास गुप्ता, रूपेश चौबे, करन सारथी , रेखा पांडे, अनामिका दुबे, डी विनीता राव ,, रेखा ओमप्रकाश पांडे प्रतिभा शर्मा ,सरला शर्मा, मंजू वर्मा, कुंती साहू ,भुवनेश्वरी साहू ,राखी यादव शुभम त्रिवेदी ,संगीता तिवारी ,तेजस पांडे ,सविता साहू ,पार्वती साहू, तरुण लालपुर ,जवाहर, राजकुमार अहिरवार ,आवा पासी ,मीणा बहुरासी, चंचल कुशवाहा ,ओम प्रकाश शर्मा ,थानेश्वर कौशिक, शिवमंगल ,कश्यप रामकृष्ण,दुष्यंत सिंह, धनंजय ,कृष्ण श्रीवास, पंकज राय.बंटी कुमार आदि उपस्थित थे।

# खाद्य एवं औषधि विभाग को कॉस्मेटिक दुकान में मिला मेडिसिन का जखीरा, जब्त कर मामला दर्ज

### नकली होने के संदेह में जांच हेतु लिए गए कॉस्मेटिक के 5 सैंपल

**बिलासपुर**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने शहर में आधा दर्जन कॉस्मेटिक्स दुकानों का औचक निरीक्षण किया। कॉस्मेटिक में मेडिसिन का जखीरा मिलने से जब्त कर मामला दर्ज किया गया है।



तेलीपारा स्थित एक कॉस्मेटिक दुकान में मेडिसिन जब्त की गई। बगैर लाइसेंस के वे लगभग 4 साल से औषधि विक्रय का कारोबार चला रहे थे। उनके विरुद्ध औषधि नियमावली 1945 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। वहीं नकली कॉस्मेटिक्स होने के आशंका में 5 दुकानों से नमूना लेकर जांच के लिए रायपुर प्रयोगशाला भेजी गई है। औषधि निरीक्षक सुनील पंडा ने बताया कि नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देश पर बिलासपुर के तेलीपारा, व्यापार विहार एवं मंगला क्षेत्र में आधा दर्जन कॉस्मेटिक दुकानों की सघन जांच की गई।

जांच के दौरान मेसर्स संतोष जनरल स्टोर्स, व्यापार विहार, मेसर्स नरेश ट्रेडर्स, व्यापार विहार में कॉस्मेटिक का सैंपल जांच हेतु लिया गया। इसी प्रकार मेसर्स मां कॉस्मेटिक एवं जनरल स्टोर, मंगला, मेसर्स मनोज फैंसी एंड स्टेशनरी, मंगला बस्ती एवं मेसर्स आदित्य ट्रेडिंग, तेलीपारा, बिलासपुर में कॉस्मेटिक सैंपल गुणवत्ता जांच हेतु लिए गए। आकाश बैंगल्स एवं कॉस्मेटिक, तेलीपारा में बिना औषधि लाइसेंस के औषधियों का भंडारण प्राप्त हुआ।

अनुमानित 30 हजार की औषधि जप्त की गई। आठ तरह की औषधि प्राप्त हुई जो की दो कार्टून के बराबर थी। उनके द्वारा औषधीय का भंडारण पिछले 4 वर्षों से किया जा रहा था। खाद्य एवं औषधि अधिनियम नियमावली 1945 की धारा 18 सी एवं 18 ए का उल्लंघन होता है जिसमें 3 साल की सजा एवं एक लाख रुपए जुर्माना का प्रावधान शामिल है। बाजार में नकली कॉस्मेटिक का भी प्रचलन होने की सूचना होने पर आकस्मिक जांच की गई। सहायक औषधि नियंत्रक भीष्म देव सिंह कंवर एवं नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन का उक्त कार्यवाही में प्रमुख मार्गदर्शन एवं योगदान रहा। जांच टीम में औषधि निरीक्षक सुनील पंडा,श्रीमती सोनम जैन, अश्विनी कुमार, आशीष कुमार पांडे, कामेश्वरी पटेल एवं श्रीमती नीलिमा साहू शामिल थीं।

# न्याय प्रदान करना न्यायिक प्रणाली का एक हिस्सा है-मुख्य न्यायधीश सिन्हा

### हमें ऐसा माहौल बनाना होगा, जिससे न्याय प्रणाली से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छ एवं उचित कार्य-वातावरण प्राप्त हो

**बिलासपुर**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति के द्वारा राजनांदगाँव के बाह्य न्यायालय अंबागढ़ चौकी में पदस्थ न्यायिक कर्मचारीगण को बेहतर कार्य वातावरण प्रदान करने एवं न्यायिक बुनियादी ढांचा को मजबूत करने के उद्देश्य से कर्मचारियों के लिये आवास निर्माण हेतु भूमि पूजन एवं शिलान्यास वर्चुअल माध्यम से किया गया।

इस कार्यक्रम में न्यायमूर्ति संजय कुमार जायसवाल, माननीय पोर्टफोलियो न्यायाधीश, जिला राजनांदगाँव वर्चुअल माध्यम से तथा अन्य न्यायाधीशगण छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर की वर्चुअल लिंक के माध्यम से गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा मुख्य न्यायाधिपति, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने प्रभावशाली उद्बोधन में व्यक्त किया कि न्याय प्रदान करना न्यायिक प्रणाली का एक हिस्सा है, लेकिन साथ ही हमें ऐसा माहौल बनाना होगा कि, न्याय प्रणाली से जुड़े हर व्यक्ति को स्वच्छ एवं उचित कार्य-वातावरण प्राप्त हो, किसी भी संस्थान में अधोसंरचना का निर्माण और विकास उस संस्थान से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति का मनोबल बढ़ाते हैं। न्यायिक कर्मचारी, न्याय पालिका के आधार स्तंभ हैं, जो पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ न्यायिक व्यवस्था में योगदान देते हैं, उनका परिवार भी इस कार्य में पूर्ण समर्पण के साथ इसमें सहयोग करता है। आवास व्यवस्था उपलब्ध होने से कर्मचारियों को व्यवहारिक एवं मानसिक संबल मिलने से कार्यक्षमता में वृद्धि होगा।

### बेहतर कार्य वातावरण निर्मित हो

मुख्य न्यायाधिपति के द्वारा यह विशेष रूप से व्यक्त किया गया कि छत्तीसगढ़ की समस्त जिला न्यायापालिका को सर्वोत्तम अधोसंरचना प्रदान करने हेतु उच्च न्यायालय प्रतिबद्ध है। जिला एवं बाह्य न्यायपालिका के पक्षकार, अधिवक्तागण, न्यायालयीन अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण को बेहतर सुविधायुक्त एवं आधुनिक अधोसंरचना प्राप्त होने से बेहतर कार्य-वातावरण निर्मित होगा एवं न्यायिक प्रक्रिया में तेजी के साथ उच्च गुणवत्तायुक्त न्याय सुविधापूर्वक सुलभ हो सकेगा।




### परिसर को स्वच्छ रखने की जरूरत

इस अवसर पर मुख्य न्यायाधिपति द्वारा कर्मचारियों के आवास को उच्च गुणवत्तायुक्त एवं आधुनिक संसाधनों के अनुसार तैयार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया, जिसे अन्य जिलों में मॉडल के रूप में स्वीकार किया जा सके, साथ ही सिविल कोर्ट स्टॉफ के सभी सदस्यों को बधाई देते हुये कहा कि आवास निर्माण पूर्ण होने पर आधिपत्य प्राप्त करने के पश्चात् वे परिसर को स्वच्छ रखें और उसमें दी गई मूलभूत सुविधाओं को नष्ट न करें, जिससे पश्चातवर्ती कर्मचारियों को भी उचित एवं सुविधायुक्त आवास का लाभ प्राप्त हो सके।

### सकारात्मक सोच के साथ सामूहिक प्रयास

न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा मुख्य न्यायाधिपति द्वारा पद भार ग्रहण करने के पश्चात् सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य के दूरस्थ जिला मुख्यालय एवं बाह्य न्यायालयों का भ्रमण कर न्यायिक अधोसंरचना एवं आवश्यक सुविधाओं का अभाव होने से पक्षकारों, अधिवक्तागण, न्यायिक कर्मचारी एवं अधिकारियों को होने वाली असुविधा को दृष्टिगत रखते हुये दूरदर्शिता पूर्ण एवं सकारात्मक सोच के भागीरथ प्रयास किये जा रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में न्यायिक अधोसंरचना में अभूतपूर्व विकास का कार्य हो रहा है, जिससे अधिकारी एवं कर्मचारियों की कार्यक्षमता में वृद्धि होने के साथ पक्षकारों को सुविधायुक्त वातावरण शीघ्र न्याय प्राप्त करने की परिकल्पना साकार हो रही है।

### स्वागत भाषण और समापन

उपरोक्त भूमिपूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम की शुरूआत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, राजनांदगाँव के स्वागत भाषण से हुई और समापन जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अंबागढ़-चौकी के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। इस कार्यक्रम में छग उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल, रजिस्ट्री के अधिकारीगण वर्चुअल माध्यम से तथा जिला राजनांदगाँव एवं अंबागढ़ चौकी के न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण, न्यायालयीन कर्मचारी और इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के प्रतिनिधि शामिल थे।

# रीवा एक्सप्रेस में एक-एक एसी-2, एसी-3 अतिरिक्त कोच की सुविधा



**बिलासपुर**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु बिलासपुर-रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस में आज से एक अतिरिक्त एसी-3 एवं एक अतिरिक्त एसी-2 कोच की सुविधा दी जा रही है।

रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मंडल से चलने वाली गाड़ी संख्या 18247/18248 बिलासपुर-रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 एवं एक अतिरिक्त एसी-2 कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। रेलवे के द्वारा यह सुविधा बिलासपुर से 27 जुलाई से 31 अक्टूबर 2025 तक एवं रीवा से 28 जुलाई से 01 नवम्बर 2025 तक उपलब्ध रहेगी। रेलवे की इस सुविधा की उपलब्धता से गाड़ी में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे।

**NECC**

| 22.07.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 480 | 68 | 165 |
| चिल्हर | 6.00 | 90 | 190 |
| डिलीवरी | 495 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 78 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

SHRI SHANKARACHARYA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES
JUNWANI, BHILAI (C.G.)
SERVICE TO HUMANITY
Recognize by National Medical Council
Under Temporary Affiliation College to Pt. Deendayal Upadhyay Memorial Health Sciences & Ayush University of Chhattisgarh, Raipur

Applications are invited for the following posts

Professor / Associate Professor

- Professor :- Anatomy - 02, Respiratory Medicine - 01, Biochemistry - 01, Pathology - 01, Community Medicine - 02, General Medicine - 02, Microbiology - 01, Physiology - 02, Dermatology, Venereology & Leprosy - 02, General Surgery - 02, Orthopaedics - 01, Ophthalmology - 02, OBG - 02, Anaesthesiology - 01
- Associate Professor :- Anatomy - 02, Physiology - 01, Biochemistry - 03, Pharmacology - 04, Pathology - 02, Microbiology - 02, Forensic Medicine - 01, General Medicine - 05, Paediatrics - 02, Respiratory Medicine - 02, Dermatology, Venereology & Leprosy - 02, General Surgery - 02, Orthopaedics - 01, Ophthalmology - 02, Radiodiagnosis - 02

Qualifications and Experience :- As per NMC/MCI Norms.

Other terms & conditions:-
1. Teaching Experience & Age Limit, 2. Pay Scale, 3. Reservation : As per NMC/MCI Norm.
Selection criteria :- Selection will decide on merit. Merit list will be prepared on the basis of Academic marks, educational Qualification, Interview, Experience and Academic contribution of candidate in various field like-
* Number of paper publications in various national / international journals. * Paper presentation in conferences. * Total No. of conferences attended.
Last date of receipt of Applications:- Within 15 days from the date of publication of advertisement.
Contact No. :- 0788 - 4088866, Email Id - hr@ssimsb.ac.in
Dean

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 फोन- 07752 422771